खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

तापमान अधिकतम :34°C न्यूनतम: 20°C

सेंसेक्स 73,137.90 निफ्टी 22,161.60

सोना 91,360 चांदी 94,000

हल्द्वानी, मंगलवार 8 अप्रैल 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 227 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 9 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## सऊदी अरब ने हज से पहले लगाई बड़ी पाबंदी

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## इशांत शर्मा पर आईपीएल आचार संहिता उल्लंघन में लगा जुर्माना

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# देश में अगले 11 दिन पड़ेगी भीषण गर्मी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। 14 जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। रविवार को बाड़मेर -जैसलमेर में पारा 45 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। पिछले 26 साल में बाड़मेर में अप्रैल के पहले हफ्ते में यह सबसे ज्यादा तापमान रहा। अगले कुछ दिन गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है।

मध्य प्रदेश में भी भीषण गर्मी ने समय से पहले ही दस्तक दे दी है। रविवार को भोपाल का तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इस सीजन में यह सबसे ज्यादा है। प्रदेश के 13 जिलों में तापमान 40 से 42.2 डिग्री के बीच रहा। मौसम विभाग ने 11 दिन तक देश के अधिकतर राज्यों में लू चलने और अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आसपास रहने अनुमान लगाया है। 10 अप्रैल तक राजस्थान, गुजरात के कुछ जिलों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री से ऊपर जा सकता है। उत्तर प्रदेश में इस साल अप्रैल से जून तक तापमान सामान्य से ज्यादा रहने और हीटवेव चलने की आशंका है। दिन का तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहने का अनुमान है। रात का तापमान भी सामान्य से ज्यादा रह सकता है।

**बाड़मेर में 26 साल का रिकॉर्ड टूटा, मप्र में हीटवेव**

### दिल्ली में तापमान सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा

बीते दिन दिल्ली का अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 3.1 डिग्री ज्यादा है, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री कम 18.5 डिग्री सेल्सियस रहा। शहर में सोमवार को हीटवेव चलने और अधिकतम तापमान 41 डिग्री के आसपास रह सकता है। केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, असम, मेघालय और अंडमान-निकोबार में सोमवार को गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। आंध्र और पूर्वोत्तर राज्यों (असम, मेघालय, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, नगालैंड, मणिपुर) के कुछ हिस्सों में ओले भी गिर सकते हैं।

# मोदी की नीतियों से 30 करोड़ गरीबी रेखा से आए बाहर: धामी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में केंद्रीय सामाजिक न्याय ओर अधिकारिता मंत्रालय की और से आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर की शुरुआत हो गई।

इस अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की, साथ ही उन्होंने बताया कि पिछले एक दशक में मोदी सरकार की नीतियों के तहत करीब 30 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश में सामाजिक न्याय और कल्याण के कई पहलुओं पर काम हो रहा है, जिसमें वृद्धावस्था पेंशन, छात्रवृत्ति, नशामुक्ति अभियान और स्वरोजगार को बढ़ावा देने जैसी योजनाएं शामिल हैं।मुख्यमंत्री धामी ने राज्य सरकार के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण, नशा मुक्ति अभियान और अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्रों के लिए विशेष योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास को भी साझा किया। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता -शेष पृष्ठ दो पर

**केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय का दून में चिंतन शिविर शुरू**

### भारत-नेपाल के सुप्रीम कोर्ट के बीच समझौता

**नई दिल्ली।** भारत और नेपाल के न्यायपालिकाओं के बीच आपसी सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर सोमवार को हस्ताक्षर किए गए। शीर्ष अदालत की ओर से एक बयान जारी कर यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि भारत के उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दोनों देशों के बीच न्यायिक सहयोग को विकसित करने, बढ़ावा देने और मजबूत करने के लिए नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। बयान के मुताबिक, नेपाल के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रकाश मान सिंह राउत और भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

### दुबई के शहजादे आज भारत यात्रा पर आएंगे

**नई दिल्ली।** दुबई के शहजादे और रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद अल मकतूम मंगलवार से भारत की दो दिन की यात्रा पर आएंगे। दुबई के शहजादे के रूप में शेख हमदान की यह पहली आधिकारिक भारत यात्रा होगी। उनके साथ कई मंत्री, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और एक उच्च स्तरीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल भी होगा। यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर हो रही है। एक बयान में कहा गया है कि मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शहजादे के सम्मान में भोज का आयोजन करेंगे। शहजादे मकतूम विदेश मंत्री एस. जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ भी बैठक करेंगे।

### 12 महिला अधिकारी 'समुद्र प्रदक्षिणा' अभियान पर रवाना

**नई दिल्ली।** सेना, वायुसेना और नौसेना की 12 महिला अधिकारियों का एक दल सोमवार को 55 दिन की मुंबई से सेशेल्स और वापसी यात्रा अभियान समुद्र प्रदक्षिणा पर रवाना हुआ। मुंबई स्थित कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग (सीएमई) के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल एके रमेश ने इस दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान दल आईएएसवी त्रिवेणी पर सवार होकर 4,000 समुद्री मील की चुनौतीपूर्ण यात्रा पूरी करेगा। नारी शक्ति की अदम्य भावना को उजागर करने वाली इस यात्रा का उद्देश्य समुद्री अभियानों में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है।

# चुनावी चंदे से मालामाल हुई भाजपा कांग्रेस की कमाई में 252%की वृद्धि

## 'आप' को लगा जोर का झटका, एडीआर रिपोर्ट में दावा

नई दिल्ली, वार्ता

**केंद्र और देश के** कई राज्यों में सत्तारुढ़ भाजपा की चंदे को लेकर लोकप्रियता बनी हुई है। उसे इस साल 2243 करोड़ रुपये से अधिक का चंदा मिला। फरवरी में दिल्ली चुनाव में शिकस्त का सामना करने वाली आम आदमी पार्टी (आप) को खासा घाटा हुआ है और उसे पिछले साल की तुलना में इस बार 70 फीसदी तक चंदा मिला।

2024 के लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने वाली कांग्रेस को चंदे के मामले में 252 फीसदी की वृद्धि हुई है। चुनाव से संबंधित संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि भारतीय जनता पार्टी को वित्त वर्ष 2023-24 में सबसे अधिक 2,243 करोड़ रुपये से अधिक का चंदा मिला है जो राष्ट्रीय राजनीतक दलों में सबसे अधिक है। एडीआर ने यह रिपोर्ट चुनाव आयोग को सौंपे गए आंकड़ों पर तैयार की है। इन आंकड़ों में राजनीतिक दलों की ओर से 20 हजार रुपये से अधिक के राजनीतिक चंदे की जानकारी दी गई है। एडीआर के अनुसार, राष्ट्रीय दलों को 2,544.28 करोड़ रुपये की राशि कुल घोषित चंदे के रूप में मिले। ये चंदा कुल 12,547 लोगों की ओर से दिया गया। खास बात यह है कि ये आंकड़ा पिछले साल की तुलना में 199 फीसदी अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय दलों के कुल दान में 1693.84 करोड़ रुपये की वृद्धि देखी गई, जो पिछले वित्त वर्ष 2022-23 से 199.17 फीसदी अधिक आंकी गई। राष्ट्रीय दलों की ओर से घोषित किए गए चंदे में भाजपा को अकेले दान का कुल हिस्से का 88 फीसदी हिस्सा मिला। कांग्रेस को 1,994 लोगों ने दान दिया और उसे 281.48 करोड़ रुपये चंदे के रूप में मिले। कांग्रेस इस लिस्ट में भाजपा के बाद दूसरे नंबर पर है, लेकिन चंदे के मामले में भगवा पार्टी से काफी नीचे है। अन्य राष्ट्रीय दलों आम आदमी पार्टी (आप), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएम) और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीईपी) ने कम राशि की जानकारी दी, जबकि बसपा की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक एक बार फिर उसे 20,000 रुपये की सीमा से ऊपर कोई दान नहीं मिला। यह पिछले 18 सालों से इसके दाखिल किए गए आंकड़ों के अनुरूप है। इस तरह से बीएसपी को पिछले 18 सालों से 20000 रुपये से ज्यादा के चंदे नहीं मिले। भाजपा को चंदे के रूप में मिलने वाली राशि में लगातार वृद्धि होती जा रही है। उसे वित्त वर्ष 2022-23 में 719.85 करोड़ रुपये मिले जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 2,243.94 करोड़ रुपये हो गया। इस तरह से भाजपा को चंदे के रूप में मिलने वाली राशि में 211.72 फीसदी की वृद्धि हुई। एडीआर की रिपोर्ट में कहा गया है कि इसी तरह, कांग्रेस को मिलने वाला दान वित्त वर्ष 2022-23 में 79.92 करोड़ रुपये था जबकि यह वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 281.48 करोड़ रुपये हो गया। इस तरह से कांग्रेस को मिलने वाले चंदे में 252.18 फीसदी की वृद्धि दिख रही है। हालांकि 'आप' को चंदे के मामले में खासा नुकसान हुआ है। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में आप की ओर से घोषित दान में 70.18फीसदी यानी 26.038 करोड़ रुपये की कमी आई है।



**इस साल भाजपा को 2243 करोड़ रुपये से अधिक का चंदा मिला**

**एडीआर ने यह रिपोर्ट चुनाव आयोग को सौंपे गए आंकड़ों पर तैयार की**

# वक्फ कानून की 'किस्मत' का फैसला करेगा सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह 'वक्फ (संशोधन) अधिनियम-2025' की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर समय रहते विचार करेगा।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना तथा न्यायाधीश संजय कुमार और के वी विश्वनाथन की पीठ ने कुछ याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और एएम सिंघवी के शीघ्र सुनवाई के लिए 'तत्काल उल्लेख' किए जाने के बाद समय रहते याचिका पर विचार करने पर सहमति व्यक्त की। संसद के दोनों सदनों में संबंधित विधेयक पास होने के बाद पांच अप्रैल को नए कानून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिल गई। वक्फ (संशोधन) विधेयक (संसद के दोनों सदनों में पारित हो गया था, लेकिन तब राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं मिली थी) की वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाएं पहले ही दायर की जा चुकी हैं। याचिकाएं दायर करने वालों में कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन प्रमुख एवं सांसद असदुद्दीन ओवैसी और दिल्ली में -शेष पृष्ठ दो पर

## यूपी में जो हो रहा, वह गलत, सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सिविल मामलों को आपराधिक मामलों में बदलने पर सोमवार को उत्तर प्रदेश पुलिस की कड़ी आलोचना की और कहा कि इससे पता चलता है कि राज्य में कानून का शासन पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार और केवी विश्वनाथन की पीठ ने एक मामले में आरोपी देबू सिंह और दीपक सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि दीवानी (सिविल) मामले को आपराधिक मामले में बदलना स्वीकार्य नहीं है। सिविल मामलों में पुलिस द्वारा दर्ज मुकदमे को देखते हुए पीठ ने पूछा कि सिर्फ इसलिए कि सिविल मामलों में लंबा समय लगता है, आप मुकदमा दर्ज कर आपराधिक कानून लागू कर देंगे। पीठ ने अधिकारियों के आचरण की आलोचना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में जो हो रहा है वह गलत है। हर रोज सिविल मुकदमों को आपराधिक मामलों में बदला जा रहा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह बेतुका है और स्पष्ट किया कि सिर्फ पैसे न देने को अपराध नहीं बनाया जा सकता। पीठ ने राज्य सरकार को चेतावनी दी कि अगर भविष्य में इसी तरह की याचिकाएं दायर की जाती हैं, तो वह हर्जाना लगाएगी। पीठ ने कहा कि वह जांच अधिकारी को गवाह के कठघरे में आने का निर्देश जारी करेगी और अधिकारी गवाह के कठघरे में खड़े होकर -शेष पृष्ठ दो पर

**उप्र में सिविल मामले को आपराधिक मामले में बदलने पर सुप्रीम कोर्ट ने की खिंचाई**



# रसोई गैस सिलेंडर 50 रुपये हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** सरकारी क्षेत्र की तेल वितरण कंपनियों ने रसोई गैस (एलपीजी) के मूल्य में प्रति सिलेंडर 50 रुपये की बढ़ोतरी की है। यह घोषणा केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में की।

श्री पुरी ने कहा कि उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के दोनों ग्राहकों के लिए गैस की कीमत में भी वृद्धि की गई है। कंपनियों के निर्णय के अनुसार सामान्य उपयोगकर्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर का भाव 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगा। उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किग्रा सिलेंडर की कीमत 503 रुपये से बढ़कर 553 रुपये हो जाएगी। श्री पुरी ने कहा कि इन कीमतों की हर 15 दिन पर समीक्षा की जाएगी। सरकार ने सोमवार को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 2-2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी, लेकिन आम उपभोक्ता पर इस वृद्धि का असर नहीं पड़ेगा।



### आसाराम को 30 जून तक मिली अंतरिम जमानत

**जोधपुर।** नाबालिग से यौन शोषण के मामले में जोधपुर सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उनकी अंतरिम जमानत को 30 जून तक के लिए बढ़ा दिया है। सोमवार को राजस्थान हाईकोर्ट की डबल बेंच ने इस मामले में सुनवाई की। जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार माथुर की बेंच में आसाराम के अधिवक्ता और सरकारी पक्ष की दलीलें सुनी गईं। आसाराम के वकील निशांत बोडा ने इलाज पूरा करने के लिए जमानत बढ़ाने की अपील की और यह भी कहा कि आसाराम ने किसी शर्त का उल्लंघन नहीं किया है।

### मध्य प्रदेश में ओबीसी को बड़ी राहत 27 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण मिलने का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने यूथ फॉर इक्वलिटी की ओर से दायर याचिका का निपटारा कर दिया है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। कोर्ट ने अपने आदेश में साफ कर दिया है कि ओबीसी आरक्षण को लेकर कोई बाधा नहीं है। ऐसे में प्रदेश में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ हो गया है। याचिका में अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देने के राज्य के फैसले को चुनौती दी गई थी। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद सभी 75 याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर किया गया था।

### इंडिगो फ्लाइट में महिला की मौत

**मुंबई।** मुंबई से वाराणसी जा रही इंडिगो एयरलाइंस की एक फ्लाइट में 89 साल की महिला की मौत हो गई। इसके बाद विमान की महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि महिला उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर की रहने वाली थी। उनका नाम सुशीला देवी था। वे मुंबई से फ्लाइट में सवार हुई थीं। उड़ान के दौरान उनकी तबीयत खराब हुई। मेडिकल इमरजेंसी की वजह से 6 अप्रैल रात करीब 10 बजे विमान को चिकलथाना एयरपोर्ट पर उतारा गया। एयरपोर्ट पर मेडिकल टीम ने उनकी जांच की, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। अधिकारी ने बताया कि एमआईडीसी सिडको पुलिस थाने ने जरूरी कार्रवाई पूरी की।




# लैंड फॉर जॉब घोटाले में ईडी को झटका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को लैंड फॉर जॉब कथित घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। अपने फैसले में जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने कहा कि वह दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश में कोई हस्तक्षेप नहीं करना चाहती।

दिल्ली हाईकोर्ट ने पिछले साल अमित कत्याल को जमानत दे दी थी। कोर्ट ने रेलवे में लैंड फॉर जॉब कथित घोटाले से जुड़े मामले में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के करीबी सहयोगी और बिजनेसमैन अमित कत्याल को दी गई जमानत के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। बेंच ने अपने फैसले में कहा कि कोई भी आदमी बड़ा नहीं है। मामले से जुड़े मुख्य लोग गिरफ्तार नहीं किए गए हैं, तो छोटी मछलियों के पीछे ही क्यों पड़ना? क्या आपको उन पर कार्रवाई करने से डर लगता है। साथ ही कोर्ट ने यह सवाल भी किया कि आपने 11 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार क्यों नहीं किया। सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश कानून के अनुसार अनुचित है और इसे खारिज करना चाहिए। हाईकोर्ट ने पिछले साल 17 सितम्बर को अमित कत्याल को जमानत दे दी थी और जांच एजेंसी ईडी की नीति को चुनिंदा तरीके से लोगों पर निशाना साधने वाला बताते हुए उसकी निंदा की थी। ईडी ने कत्याल को 10 नवम्बर, 2023 को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के अलग-अलग प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया था।

**सुप्रीम कोर्ट ने ठुकराई याचिका कहा: दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश में कोई हस्तक्षेप नहीं करना चाहते**



## संक्षिप्त समाचार

### बसपा ने दो पूर्व जिलाध्यक्षों को किया बाहर

**लखनऊ।** यूपी में बसपा ने दो जिलाध्यक्षों को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पार्टी से बाहर किए जाने के पीछे की वजह पार्टी विरोधी गति. विधियों को बताया है। सोमवार को बहुजन समाज पार्टी ने कानपुर शहर के अपने दो पूर्व जिलाध्यक्षों पर कार्रवाई की है। इसमें से एक को कुछ दिन पहले ही जिलाध्यक्ष बनाया गया था और फिर तुरंत बाद ही हटा भी दिया गया था। बसपा के पुराने नेता एक-एक करके पार्टी को छोड़कर दूसरी पार्टियों में जा रहे हैं। कानपुर में मात्र डेढ़ साल के अंदर 8 जिलाध्यक्ष बदले जा चुके हैं। अब पार्टी प्रमुख ने कड़ा कदम उठाते हुए दो पूर्व जिलाध्यक्षों संजय गौतम और आनंद कुरील को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। संजय गौतम को कुछ दिन पहले ही जिलाध्यक्ष बनाया गया था। आनंद कुरील पहले पार्टी में जिलाध्यक्ष का पद संभाल चुके हैं। बहुजन समाज पार्टी के वर्तमान जिलाध्यक्ष कुलदीप कुमार ने बताया कि पाटी्र ने विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने और अनुशासनहीनता अपनाने के कारण दोनों पूर्व पदा. धिकारियों को पर्ाी से निष्कासित कर दिया है।

### माउंट आबू में घुसे भालू, हमले में होटलकर्मी घायल

**माउंट आबू।** राजस्थान में पर्यटन स्थल माउंट आबू में ढुंढाई क्षेत्र में स्थित एक होटल परिसर में रविवार शाम को चार भालुओं के हमले से एक होटलकर्मी घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चार भालुओं का समूह वन क्षेत्र से निकलकर शहरी क्षेत्र में एक होटल के परिसर में घुसकर इधर-उधर घूमने लगा। इसी दौरान होटलकर्मी बूटा सिंह संधू अपने कमरे से होटल की ओर जा रहा था। होटल परिसर में प्रवेश करते ही उसे चार भालू दिखाई दिए। भालुओं की नजर भी संधू पर पड़ गई, जिस पर भालू तुरंत होटलकर्मी संधू की ओर दौड़े। संधू भी उनसे बचने के लिए वहां से भागा, लेकिन भालुओं ने तीव्र गति से दौड़ते हुए होटलकर्मी पर हमला कर दिया, जिससे होटलकर्मी को पैरों एवं कोहनी पर चोटें आईं। संधू के चिल्लाने पर आस पास के लोग एकत्रित हो गए।

### जाधव ने की हरित योग की शुरुआत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने हरित योग की शुरुआत करते हुए कहा है कि यह व्यक्तिगत और भूमंडलीय स्वास्थ्य दोनों को पोषित करता है। जाधव ने सोमवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित एक योग सत्र में कहा कि पिछले 10 वर्षों में योग ने अभूतपूर्व लोकप्रियता हासिल की है और अब यह एक वैश्विक कार्यक्रम बन गया है। उन्होंने छह हजार से अधिक योग प्रेमियों के साथ 'कॉमन योग प्रोटोकॉल' का अभ्यास किया।

### अयोध्या:दुर्गामंदिर के पुजारी की निर्मम हत्या

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में अयोध्या जिले के इनायतनगर कोतवाली के अन्तर्गत ग्राम सभा डोभियारा गांव स्थित में दुर्गा हनुमान मंदिर के प्रसिद्ध पुजारी बेचन दास यादव की निर्मम हत्या कर दी गई है। पुलिस ने सोमवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि जिले के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के इनायतनगर कोतवाली के अन्तर्गत शाहगंज चौकी बारुन मार्ग ग्राम सभा डोभियारा गांव स्थित दुर्गा हनुमान मंदिर के प्रसिद्ध पुजारी बेचन दास यादव की निर्मम हत्या कर दी गई है।

# भगवा की आड़ में मुद्दों से ध्यान भटका रही सरकार

प्रयागराज, वार्ता

रामनवमी पर महाराजा सुहेलदेव सम्मान सुरक्षा मंच के कार्यकर्ताओं ने सालार मसूद गाजी की दरगाह पर भगवा झंडा फहराया। पुलिस के आने पर वे भाग गए। इस घटना पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर हमला बोला और आरोप लगाया कि सरकार मुख्य मुद्दों से ध्यान भटका रही है। दरगाह में हिंदू भी पूजा करते हैं, घटना से क्षेत्र में तनाव है।

अब इस मामले पर सियासी तूफान खड़ा हो गया है। सपा मुखिया और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने राज्य सरकार पर हमला बोला है। अखिलेश यादव ने कहा कि झंडा फहराने वाला सीएम की जाति का है। उसको सरकार, पुलिस, एसपी, कमिश्नर कोई कुछ नहीं बोलेगा। मुख्यमंत्री के इशारे पर सब कुछ किया जा रहा है। सरकार अपनी नाकामी छुपा रहा है। सरकार ऐसी घटनाएं को करवा कर मुख्य मुद्दों से ध्यान भटका रही है। दरअसल, रामनवमी के दिन कुछ युवकों ने गाजी मियां की दरगाह पर जमकर हंगामा किया था। बताया जा रहा है कि जुलूस की शक्ल में कुछ युवक दरगाह पहुंचे और उन्होंने गाजी मियां की दरगाह के गेट पर चढ़कर धार्मिक नारे लगाते हुए भगवा झंडा फहराया। इस मामले की शिकायत तुरंत पुलिस से की गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन उसे महाराजा सुहेलदेव सम्मान सुरक्षा मंच से जुड़े कार्यकर्ता नहीं मिले।



अखिलेश यादव ने योगी पर बोला हमला

### शेयर मार्केट से सरकार ने जेबें कर दीं खाली: सपा

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शेयर बाजार गिरावट के ताजा घटनाक्रम पर टिप्पणी की है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश ने लिखा कि कन्नौज सांसद ने लिखा कि भाजपा सरकार ने महंगाई और भ्रष्टाचार ही नहीं,अब तो शेयर मार्केट के महापतन से भी देशवासियों की जेबें खाली कर दी है।

### रामजीलाल सुमन को कुछ हुआ, तो योगी जिम्मेदार

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि रामजी लाल सुमन के साथ कोई घटना होती है, तो इसके लिए सीएम योगी खुद जिम्मेदार होंगे। क्योंकि घटना करने वाले लोगों पर सीएम का हाथ है। इस घटना में जाति कनेक्शन है। अखिलेश ने कहा कि सीएम ने हिडन अंडरग्राउंड फोर्स तैयार कर रखी है। इस दौरान उन्होंने सीएम योगी की तुलना हिटलर से की। सपा चीफ ने कहा कि हिटलर ऐसे ही टूपर्स तैयार करता था। सीएम के इशारे पर सीएम, आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी और एक अखबार के इशारे पर हमें अपमानित करने का काम किया गया है। राणा सांगा विवाद के मामले में करणी सेना के सदस्यों ने रामजीलाल के घर पर तोड़फोड़ की थी। रामजीलाल सुमन ने राणा सांगा को गद्दार बताया था।

### किसानों की उपेक्षा करती है योगी सरकार

**लखनऊ।** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में भाजपा नीत सरकार पर निशाना साधते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि टमाटर की पैदावार करने वाले किसान अपनी लागत भी नहीं निकाल पा रहे हैं, जो दिखाता है कि सरका कृषक समुदाय की कितनी उपेक्षा करती है। यादव ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि भाजपाई उत्पादन में नहीं, बल्कि किसी भी चीज को खरीदने-बेचने के काम को बढ़ावा देते हैं, जिससे बीच में कमाया जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि अर्थव्यवस्था और राजनीति दोनों के लिए भाजपा का दृष्टिकोण बिचौलियों के इर्द-गिर्द केंद्रित है।

# सरकार का संकल्प, किसी के साथ नहीं होगा अन्याय: योगी

गोरखपुर, वार्ता



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिनए सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कि किसी को भी घबराने या परेशान होने की जरूरत नहीं है।

जनता दर्शन के दौरान सोमवार को सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर परिसर में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद गए और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीघ्ति व्यक्ति की शिकायत पर सुनिश्चित कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान कराया जाएगा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोगों की समस्याओं का निस्तारण उनकी सरकार की विशेष प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराना सुनिश्चित कराएं। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थीं। कुछ की शिकायत थी कि दबंग उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इन शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जमीन कब्जाने में पेशेवर प्रवृत्ति वालों को भू-माफिया के रूप में चिन्हित कर सख्ती की जाए। किसी भी गरीब की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करें जो नजीर बने। जमीनी विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे। जनता दर्शन में प्रार्थना पत्रों को अधिका. रियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए।

# वक्फ विधेयक पर नेकां विधायकों का भारी हंगामा

जम्मू, वार्ता

नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायकों की ओर से वक्फ (संशोधन) विधेयक-2025 पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा करने के कारण जम्मू-कश्मीर विधानसभा के अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर ने सोमवार को सदन की कार्रवाई दो बार स्थगित कर दी।

राथर ने कहा कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। सोमवार सुबह 12 दिन बाद सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेकां विधायक संसद द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) विधेयक-2025 पर चर्चा की मांग को लेकर खड़े हो गए। सत्तारूढ़ पार्टी के विधायकों ने भारतीय जनता पार्टी विरोधी नारे लगाते हुए कहा कि अगर केंद्र द्वारा लाए गए जीएसटी कानून पर जम्मू-कश्मीर विधानसभा में चर्चा की गई, तो मुस्लिम बहुल राज्य में वक्फ विधेयक पर चर्चा क्यों नहीं हो सकती है। सदन की प्रक्रिया और कार्य संच. ालन नियमावली के नियम 58 के उपनियम (7) का हवाला देते हुए राथर ने कहा कि मामला विचाराधीन हो गया है, क्योंकि इसे देश की सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी गई है। उन्होंने नेशनल कांफ्रेंस के विधायकों और शेख खुर्शीद द्वारा लाए गए स्थगन प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। जब

**विस की कार्यवाही दो बार रोकनी पड़ी**

नेकां विधायकों ने सदन में विरोध प्रदर्शन जारी रखा, कागज फाड़े, काले बिल्ले लहराए, तो अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी।

बाद में जब सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई, तो नेकां विधायकों ने भाजपा विरोधी नारेबाजी के बीच विरा. ेध प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने 'वक्फ बिल नामंजूर, काला कानून वापस लो, भाजपा हाय-हाय के नारे लगाते हुए सदन के बीचोबीच आने की कोशिश की, लेकिन मार्शलों ने उन्हें आसन की ओर बढ़ने से रोक दिया। इसके जवाब में भाजपा विधायकों ने भी 'नेकां-कांग्रेस हाय-हाय', 'देश विद्रो. ही एजेंडा नहीं चलेगा' के नारे लगाए। जम्मू-कश्मीर विस के अध्यक्ष ने प्रदर्शनकारी नेकां विधायकों को शांत करने का प्रयास किया और उन्हें अपनी सीटों पर लौटने का निर्देश दिया। नेकां विधायक नजीर गुरेजी ने कहा कि हम केवल वक्फ विधेयक पर चर्चा चाहते हैं, जो हमारे धर्म पर हमला है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों के हंगामा करने पर अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 20 मिनट के लिए स्थगित कर दी।

## 50 फीसदी आरक्षण की दीवार तोड़कर फेंक दूंगा

# देश को 10-15 लोग ही चला रहे: राहुल गांधी

पटना।

राहुल गांधी ने बिहार में कांग्रेस की पलायन रोको, नौकरी दो पदयात्रा में कहा कि मैं 50 फीसदी आरक्षण की इस दीवार को तोड़कर फेंक दूंगा। इस देश को दस-पंद्रह लोग चला रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि बिहार में कांग्रेस ने जितना काम करना चाहिए था उतना नहीं किया। पहले बिहार में कांग्रेस के जिलाध्यक्षों में दो तिहाई अपर कास्ट के लोग थे।

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी सोमवार को बिहार के बेगूसराय जिले पहुंचे। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि मेरे परदादा जवाहर लाल नेहरू सच्चाई से मोहब्बत करते थे। जातीय जनगणना एक क्रांतिकारी कदम है। इससे देश की सच्चाई पता चलेगी। इसीलिए इसे भाजपा रोकना चाहती है, लेकिन इसे दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती है। अब हम बिहार के कमजोर लोगों के लिए मजबूती से काम करेंगे। अब हमने टीम बदल दी है। अब दो तिहाई दलित-पिछड़े हैं। रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने कहा कि सरकारी नौकरियां घटती जा रही हैं। हमें अपनी आवाज बुलंद करनी होगी, ताकि सरकार दबाव में आए और बदलाव संभव हो सके।

बता दें कि पदयात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, छात्र और युवा संगठनों के सदस्य पार्टी के झंडे और तख्तियों के साथ सड़कों पर उतरे। उन्होंने रक्षा बलों में रिक्त पदों को भरने और सरकारी नौकरियों में बढ़ोतरी की मांग की। इस साल जनवरी के बाद राहुल गांधी का ये तीसरा बिहार दौरा है। रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने कहा कि सरक. ारी नौकरियां घटती जा रही हैं। हमें अपनी आवाज बुलंद करनी होगी ताकि सरकार दबाव में आए और बदलाव संभव हो सके। लक्ष्य है कि पूरी दुनिया को बिहार के युवाओं की भावना दिखे, उनका संघर्ष दिखे, उनका कष्ट दिखे।



- सरकारी नौकरियां घटती जा रही हैं, हमें अपनी आवाज बुलंद करनी होगी ताकि सरकार दबाव में आए
- हम बिहार के कमजोर लोगों के लिए मजबूती से काम करेंगे

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं में चले लात-घूसे

**पटना।** पटना स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को पार्टी के दो गुटों के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के एक समर्थक की कुछ अन्य कार्यकर्ताओं ने पिटाई कर दी। यह हमला पूर्व विधायक अमित कुमार टुन्ना के समर्थकों ने किया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि एक कार्यकर्ता को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। यह घटना उस समय हुई, जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी पटना दौरे पर थे और सदाकत आश्रम स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पार्टी की अहम बैठक ले रहे थे।

### ट्रम्प ने उड़ा दी स्टॉक मार्केट की धज्जियां

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की टैरिफ नीति के कारण भारत के शेयर बाजार के प्रभावित होने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सरकार की आला. ेचना की है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने स्टॉक मार्केट की धज्जियां उड़ा दी हैं। राहुल ने कहा कि आज देश में सच्चाई बोलना मुश्किल है। हम सच्चाई के लिए लड़ रहे हैं, हम सच्चाई से दूर नहीं जा सकते हैं। राहुल ने कहा कि मुझसे सवाल पूछा गया कि आपके परदादा नेहरू जी क्या थे और आपने उनसे क्या सीखा? मैं जहां बैठा था, उस कमरे में नेहरू जी के साथ ही महात्मा गांधी जी की भी तस्वीर थी। वो तस्वीर देखकर मेरे मन में एक ही विचार आया कि ये दोनों लोग सच्चाई से मोहब्बत करते थे।

### सुप्रिया श्रीनेत ने साधा पीएम पर निशाना

बाजार में लगातार हो रही गिरावट पर कांग्रेस नेत्री सुप्रिया श्रीनेत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि धड़ धड़ धड़ करके स्टॉक मार्केट गिर रहा है। 2020 में कोविड के बाद आज सबसे नीचे लेवल पर मार्केट खुला है। 5 मिनट में 19 लाख करोड़ स्वाहा हो गए । छोटे निवेशक यह बर्बादी देख रहे हैं, लेकिन लोगों को लपक लपककर स्टॉक मार्केट्स में पैसा लगाने की टिप्स देने वाले मोदी शाह खामोश क्यों हैं?

### राहुल निर्धारित समय से पहले पटना लौटे

**बेगूसराय।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी बिहार के युवाओं को रोजगार मुहैया कराने में नीतीश सरकार की विफलताओं को उजागर करने और आजीविका की तलाश में होने वाले पलायन पर रोक लगाने के उद्देश्य से जारी 'पलायन रोको नौकरी दो' पदयात्रा में आज बेगूसराय में शामिल हुए। नई दिल्ली से पटना हवाईअड्डा पहुंचने के तुरंत बाद श्री गांधी 'पलायन रो. को नौकरी दो' में हिस्सा लेने के लिए बेगूसराय के लिए रवाना हो गए। उन्होंने बेगूसराय में पद यात्रा में हिस्सा लिया, जिसमें हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता खासकर युवा और वरिष्ठ नेता उनके साथ थे।


## अर्थ व्यापार

# शेयर बाजार में सुनामी, सेंसेक्स दस माह के निचले स्तर पर पहुंचा

मुंबई, वार्ता

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लागू करने और चीन की जवाबी कार्रवाई से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध गहराने और अमेरिका में मंदी की आशंका में विश्व बाजार की गिरावट से घबराए निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई भारी बिकवाली से आज शेयर बाजार में सुनामी आ गई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स कोविड.19 के बाद की सबसे बड़ी एकदिनी 2226.79 अंक अर्थात 2.95 प्रतिशत गिरावट लेकर करीब दस महीने के निचले स्तर 73,137.90 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सेंचज (एनएसई) का निफ्टी 742.85 अंक यानी 3.24 प्रतिशत का गोता लगाकर 22161.



60 अंक पर बंद हुआ। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 3.46 प्रतिशत लुढ़ककर 39,107.96 अंक और स्मॉलकैप 4.13 प्रतिशत कमजोर रहकर 43,974.36 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4225 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3515 में बिकवाली जबकि 570 में लिवाली हुई, वहीं 140 में कोई कारोबार नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की 3036 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2640 में गिरावट जबकि 327 में तेजी रही, वहीं 69 में टिकाव रहा।

### निवेशकों के डूबे 14 लाख करोड़ से अधिक

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लागू करने और चीन की जवाबी कार्रवाई से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध गहराने और अमे. रिका में मंदी की आशंका में घरेलू निवेशकों के 14 लाख करोड़ रुपए से अधिक डूब गए। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स कोविड-19 के बाद की सबसे बड़ी एकदिनी 2226.79 अंक अर्थात 2.95 प्रतिशत गिरावट लेकर करीब दस महीने के निचले स्तर 73,137.90 अंक पर आ गया। इससे बाजार पूंजीकरण 3,89,25,660.75 करोड़ रुपए पर आ गया।

### सीतारमण ब्रिटेन और ऑस्ट्रिया की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण 8 से 13 अप्रैल 2025 तक ब्रिटेन और ऑस्ट्रिया की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगी। श्रीमती सीता. रमण का दोनों देशों में मंत्रिस्तरीय द्विपक्षीय बैठकों में भाग लेने का भी कार्यक्रम है। इस दौरान वित्त मंत्री भारत-ब्रिटेन आर्थिक एवं वित्तीय वार्ता के 13वें मंत्रिस्तरीय दौर में भाग लेंगी और ब्रिटेन और ऑस्ट्रिया में थिंक टैंक, निवेशकों, व्यापार जगत के नेताओं के साथ बात. चीत करेंगी। भारत-ब्रिटेन आर्थिक एवं वित्तीय वार्ता (13वीं ईएफडी) का 13वां दौर 9 अप्रैल 2025 को लंदन में आयोजित होने वाला है। 13वीं ईएफडी वार्ता की सह-अध्यक्षता केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री और ब्रिटेन के राजकोष के चांसलर द्वारा की जाएगी। 13वीं ईएफडी दोनों देशों के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय मंच है, जो निवेश मामलों, वित्तीय सेवाओं, वित्तीय विनियमनों, यूपीआई अंतर्संबंधों, कराधान मामलों और अवैध वित्तीय प्रवाह सहित वित्तीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं में मंत्री स्तर, अधिकारी स्तर, कार्य समूहों और संबंधित नियामक निकायों के बीच स्पष्ट जुड़ाव के अवसर प्रदान करता है।

# खाद्य तेलों में रहा टिकाव, गेहूं सस्ता हुआ

नई दिल्ली, वार्ता

विदेशी बाजार में जारी भारी गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से सोमवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि आवक बढ़ने से गेहूं सस्ता हो गया वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 140 रिंगिट लुढ़ककर 4562 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.73 सेंट की गिरावट के साथ 45. 12 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान गेहूं



150 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया जबकि चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5550-5650, दाल चना 6550- 6650, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 8950-9050, अरहर दाल 8400- 8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18681 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15201 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मोदी...** मंत्री वीरेंद्र कुमार ने शि. विर में अपने संबोधन में कहा कि केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर तालमेल बहुत जरूरी है, ताकि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो सके। उन्होंने नशे की समस्या पर चिंता जताते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि युवा और छात्र नशे की चपेट में आ रहे हैं, और इस चुनौती से निपटने के लिए केंद्र और राज्य को मिलकर काम करना होगा। केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य केंद्र और राज्यों के बीच जानकारी का आदान-प्रदान बढ़ाना है, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाई जा सके। रामदास अठावले ने भी वंचित वर्ग को न्याय दिलाने के लिए सरकार की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस चिंतन शि. विर में 15 राज्यों के मंत्री और अधिकारी शामिल हुए, और यह कार्यक्रम सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में केंद्र और राज्य सरकारों के समन्वय को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

**वक्फ कानून...** आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान शामिल हैं। एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स, जमीयत उलमा-ए-हिंद, समस्त केरल जमीयतुल उलमा जैसे संगठनों ने भी शीर्ष अदालत में रिट याचिकाएं दायर की हैं। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि यह अधिनियम मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता को छीनने की एक खतरनाक साजिश है। उन्होंने तर्क दिया कि यह संशोधन वक्फ के धार्मिक स्वरूप को भी विकृत करेगा और वक्फ तथा वक्फ बोर्डों के प्रशासन में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को भी अपरिवर्तनीय रूप से नुकसान पहुंचाएगा। उनकी याचिकाओं में शीर्ष अदालत से अधिनियम को असंवैधानिक और संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 21, 25, 26 और 300-ए का उल्लंघन करने वाला घोषित करने का निर्देश देने की भी मांग की गई। याचिकाओं में प्रतिवादी केंद्र सरकार और कानून एवं न्याय मंत्रालय को इसके प्रावधानों को लागू करने या लागू करने से रोकने का आदेश देने की गुहार लगाई गई है। नए वक्फ कानून 'एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास अधिनियम, 1995' ने 'वक्फ अधिनियम, 1995' की जगह ली है।

**यूपी में...** आपराधिक मामला बनाएंगे और जांच अधिकारी को सबक सीखना चाहिए। पीठ ने राज्य के वकील से कहा कि आप आरोपपत्र दाखिल करने का यह तरीका नहीं अपनाते। शीर्ष अदालत ने नोएडा के सेक्टर-39 में संबंधित पुलिस थाने के जांच अधिकारी को गवाह के कठघरे में पेश होने और यह बताने का निर्देश दिया कि मामले में मुकदमा दर्ज करने की क्या जरूरत थी। अदालत आरोपी देबू सिंह और दीपक सिंह की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसे वकील चांद कुरैशी के जरिए दाखिल किया गया था। याचिकाकर्ता ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा उनके खिलाफ आपराधिक मामला रद्द करने से इन्कार करने के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था। शीर्ष अदालत ने दलीलें सुनने के बाद नोएडा की निचली अदालत में याचिकाकर्ताओं के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगाने का फैसला किया। उच्चतम न्यायालय ने हालांकि स्पष्ट कर दिया कि उनके खिलाफ चेक बाउंस का मामला जारी रहेगा। नोएडा में दोनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 406, 506 और 120बी के तहत प्राथमिकी की दर्ज की गई है। पुलिस पर चेक बाउंस के मामले में सिविल मुकदमे को आपराधिक मामले में बदलने के बाद आरोपपत्र दायर किया। याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया और आरोप लगाया कि पुलिस ने इस मुद्दे को आपराधिक मामले में बदलने के लिए पैसे लिए।

# वक्फ विधेयक पर चर्चा की अनुमति नहीं मिलने पर राथर की आलोचना की

श्रीनगर, वार्ता

जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती और हुर्रियत कांफ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर की विवादास्पद वक्फ विधेयक 2025 पर चर्चा की अनुमति नहीं देने के लिए तीखी आलोचना की तथा इस कदम को जनादेश के साथ विश्वासघात व राजनीतिक आत्म समर्पण का खतरनाक संकेत बताया।

विधानसभा अध्यक्ष ने संसद द्वारा पारित वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पर चर्चा की अनुमति नहीं देते हुए कहा कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और निर्दलीय विधायकों सहित सत्ता पक्ष के विधायकों ने मांग की कि वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के लिए 10 सदस्यों द्वारा पेश स्थगन प्रस्ताव को स्वीकार किया जाए। सुश्री मुफ्ती और मीरवाइज दोनों ने इस आधार पर बहस को रोकने के अध्यक्ष के फैसले पर निराशा व्यक्त की कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। मुफ्ती ने सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस पर स्पष्ट चुनावी जनादेश होने के बावजूद भाजपा के 'मुस्लिम विरोधी एजेंडे' के आगे झुकने का आरोप लगाया, जबकि मीरवाइज ने श्री राथर के इनकार को 'हास्यास्पद और निंदनीय' करार दिया, खासकर जम्मू-कश्मीर जैसे मुस्लिम बहुल क्षेत्र में। मुफ्ती ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह बेहद निराशा. जनक है कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा अध्यक्ष ने वक्फ विधेयक पर प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। सरकार पूरी तरह से भाजपा के मुस्लिम विरोधी एजेंडे के आगे झुक गई है और दोनों पक्षों को खुश करने की कोशिश कर रही है।

## नाम परिवर्तन सूचना



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मुझे मौहम्मद आसिफ पुत्र यूसुफ निवासी उपरोक्त के नाम से जाना व पहचाना जाता था, अब मैंने अपना जेंण्डर चेंज कर अपना नाम बदलकर **काजल किन्नर** रख लिया है, अब भविष्य में मुझे **काजल किन्नर** के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**काजल किन्नर वल्द यूसुफ**

**निवासी मौहल्ला गौहर अली खां कस्बा व परगना अफजलगढ़ तहसील धामपुर जनपद बिजनौर (उ०प्र०)।**

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सीएम का फरमान, जनसेवाओं में सुधार लाएं डीएम

## 15 दिन के अंदर प्रदेश की सभी सड़कें गड्ढा मुक्त करने के निर्देश

■ सड़कों की मरम्मत, पेयजल आपूर्ति व वनाग्नि नियंत्रण पर विशेष ध्यान दें अधिकारी

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** सभी जिलाधिकारी अपने जनपदों में पब्लिक सर्विस डिलीवरी, सड़कों को गड्ढा मुक्त करने, पेयजल आपूर्ति बनाये रखने और वन अग्नि पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष ध्यान दें। यह निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास से सभी जिला अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक के दौरान दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिक्रमण के विरुद्ध नियमित अभियान चलाया जाय। जनपदों में खाद्य पदार्थों की नियमित सैंपलिंग की जाए।

बरसात से पहले रिवर ड्रेजिंग और नालों की सफाई का कार्य पूर्ण किया जाए। जन शिकायतों का जल्द समाधान हो इसके लिए नियमित जनता दरबार, तहसील दिवस, बीडीसी की बैठकों का आयोजन किया जाए और ब्लॉक स्तर तक नियमित बहुउद्देशीय शिविर लगाए जाए। वन अग्नि पर प्रभावी नियंत्रण के लिए रिस्पांस टाइम कम से कम किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत सभी



व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। यात्रा मार्ग से जुड़े सभी जनपदों में कंट्रोल रूम पूर्ण रूप से सक्रिय रखे जाएं।

यात्रा के दौरान सुव्यवस्थित ट्रैफिक प्लान और श्रद्धालुओं की मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी नियमित मार्गों का स्थलीय निरीक्षण भी करें। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी जनपदों में 15 दिन के अंदर सभी सड़के गड्ढा मुक्त हो जाएं।

जिलाधिकारी अपने जनपदों की मुख्य समस्याओं को चिन्हित कर उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों की टीम बनाकर समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान करना सुनिश्चित करें।

बैठक में अपर मुख्य सचिव आर.के सुधांशु, सचिव शैलेश बगोली, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय, अपर पुलिस महानिदेशक ए.पी अंशुमन, उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी, वर्चुअल माध्यम से कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत और सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

### तीन साल से एक ही स्थान पर जमे कार्मिकों के होंगे ट्रांसफर

**देहरादून।** मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए की एक ही स्थान पर 3 साल से अधिक समय से तैनात कार्मिकों के ट्रांसफर की जल्द कार्यवाही की जाए। ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत जनपदों में पेयजल की सुचारू आपूर्ति की व्यवस्था की जाए, आवश्यकता पड़ने पर पेयजल टैंकरों की पूर्ण व्यवस्था रखी जाए। विद्युत आपूर्ति को सुचारू रखने के लिए सभी व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की जाएं। योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ ही सभी पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जाए।

UPES
UNIVERSITY OF TOMORROW
B.TECH.
Faculty from IITs, IISc & IVY League
Highest package ₹ 1.3 CR*
Centers of excellence for AI, Quantum Computing, Cyber Security, and more
Study opportunity at University of California, Berkeley, University of Queensland, and more
PROGRAMS
- Computer Science and Engineering
- VLSI Design and Technology NEW
- Mathematics & Computing NEW
and more...
25% FEE CONCESSION^ FOR BONAFIDE UTTARAKHAND STUDENTS
LAST DATE TO APPLY - APRIL 28, 2025
UPES Dehradun | upes.ac.in | 040 68440685 (10 am to 7 pm)
^T&C Apply *Secured by Alumnus

# राज्यों व केंद्र के बीच तालमेल जरूरी: केंद्रीय मंत्री

■ सामाजिक न्याय जैसे महत्वपूर्ण विषय पर राष्ट्रीय स्तर का चिंतन शिविर दून में आयोजित होना गौरव की बात:धामी

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारे राज्य के लिए गौरव का विषय है कि यहां सामाजिक न्याय जैसे महत्वपूर्ण विषय पर राष्ट्रीय स्तर का चिंतन शिविर आयजित किया जा रहा है।

सोमवार को देहरादून में आयोजित केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दो दिवसीय चिंतन शिविर को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने यह बात कही। कहा कि ये चिंतन शिविर बाबा साहब अंबेडकर व पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे मनीषियों के चिन्तन का विस्तार भी है।

उन्होंने कहा कि आज देश में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा एक ओर देश में बुजुर्गों, विधवाओं एवं दिव्यांगजनों को विशेष पेंशन देकर उनका जीवन स्तर सुधारा जा रहा है, वहीं छात्रों को छात्रवृत्ति देकर उन्हें अपना भविष्य उज्जवल बनाने का अवसर भी दिया जा रहा है।

अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के बच्चों को कक्षा 1 से लेकर बारहवीं तक छात्रवृत्ति देने के साथ ही उनके लिए निशुल्क 15 छात्रावास, 5 आवासीय विद्यालय तथा 3 आईटीआई भी संचालित की जा रही हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नि:शुल्क कोचिंग और प्रतिमाह छात्रवृत्ति भी प्रदान की जा रही है।

अनुसूचित जाति एवं जनजाति के व्यक्तियों की बेटियों की शादी के लिए 50 हजार रूपए का अनुदान भी दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार अटल आवास योजना के तहत अनुसूचित वर्ग के आवासहीन परिवारों को पक्का घर बनाने के लिए एक लाख 20 हजार रुपए की राशि प्रदान की जा रही है। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के अंतर्गत उत्तराखंड के 128 जनजातीय गांवों का चयन किया गया है। राज्य में जहां एक ओर, भिक्षावृत्ति में संलिप्त बच्चों को रेस्क्यू कर उन्हें स्कूल जाने के हेतु प्रेरित किया जा रहा है, वहीं युवा एवं प्रौढ़ वर्ग के लोगों को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास भी किया जा रहा है।

इस दिशा में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों को और अधिक मजबूती देने के लिए केंद्र सरकार की ˆडप्स्म् योजना के अंतर्गत प्रदेश के चार शहरों को चयनित किया गया है।



### छात्र, युवा नशे की चपेट में, इस चुनौती से मिलकर निपटना होगा: वीरेंद्र कुमार

**देहरादून।** चिंतन शिविर में केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ वंचित समुदाय तक पहुंचाने में राज्यों की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है। चिंतन शिविर का उद्देश्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर तालमेल बनाना ही है। उन्होंने नशामुक्त भारत अभियान का खास तौर पर जिक्र करते हुए कहा कि ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि छात्र, युवा नशे की चपेट में आ रहे हैं। केंद्र और राज्यों को इस चुनौती से मिलकर निपटना है। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति के तुरन्त बाद चिंतन शिविर के आयोजन की खास वजह रही है। इस मौके पर केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि हमारे पास एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। हम वंचित तबके को न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभा सकते है।

# महाअधिवेशन में शामिल होने को कांग्रेसी अहमदाबाद रवाना

■ दो दिवसीय महाअधिवेशन में प्रतिभाग करेंगे सभी एआईसीसी सदस्य, टैरिफ नियमों से भारत की अर्थव्यवस्था पर पटने वाले प्रभाव पर भी होगी चर्चा

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित किये जा रहे कांग्रेस के महाअधिवेशन में शामिल होने के लिये उत्तराखण्ड कांग्रेस के वरिष्ट नेता रावाना हो गये है।

8 व 9 अप्रैल को अहमदाबाद में कांग्रेस की विस्तारित कार्य समिति की बैठक और महाअधिवेशन होने जा रहा है। इस अधिवेशन में भाग लेने के लिए कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत समेत एआईसीसी के सभी सदस्य रवाना हो



गए हैं।

कांग्रेस का कहना है कि इन दो दिनों में पार्टी नेताओं को शीर्ष नेतृत्व का मार्गदर्शन मिलने के साथ ही ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा होने जा रही है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता शीशपाल बिष्ट ने बताया 9 अप्रैल को होने वाला राष्ट्रीय अधिवेशन पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि आज देश के सामने कई चुनौतियां खड़ी हुई हैं, उन चुनौतियों से कैसे निपटना है? उसको लेकर भी पार्टी कार्यकर्ताओं को शीर्ष नेतृत्व का मार्गदर्शन मिलने जा रहा है। अधिवेशन में राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ नियमों से भारत की अर्थव्यवस्था पर पडने वाले प्रभाव पर भी चर्चा की जाएगी।

## पीएम अन्न योजना पर कांग्रेस नेताओं के सवाल जरूरतमंदों का अपमान: चौहान



**देहरादून।** भाजपा ने पीएम अन्न योजना योजना को लेकर कांग्रेस के आरोपों को जरूरतमंदों का अपमान बताया है। पार्टी कार्यालय में पत्रकारों के सवालों के जवाब मे प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि गरीबी रेखा से बाहर निकले लोग पुन: कमजोर न हों, इसलिए उनकी मदद को सरकार जरूरी मानती है। लेकिन गरीबी हटाने के नाम पर 70 सालों तक राजनीति करने वालों के लिए इसे पचाना मुश्किल है और वह दुविधा मे है। जिस 30 करोड़ के आंकड़े पर कांग्रेस को यकीन नहीं हो रहा उस पर विश्व स्तरीय एजेंसियां भी अपनी मुहर लगा चुकी हैं। पीएम मोदी ने उसे चुनौती की तरह लिया और 8 वर्षों में 30 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी के दंश से मुक्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि 80 करोड़ लोगों को फ्री अनाज देने पर कांग्रेस नेताओं को समझना चाहिए कि हमारी सरकार बेहद जिम्मेदारी और संजीदगी से प्रत्येक कार्य करती है।

# महिलाओं के लिए आजीविका संवर्धन से जुड़ी गतिविधियों को दें प्राथमिकता: जोशी

■ ग्राम्य विकास मंत्री जोशी ने की ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा, चारधाम यात्रा रूट पर स्थानीय उत्पादों की मार्केटिंग को बढ़ावा देने को अधिक से अधिक आउटलेट खोले जाएं

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को कैंप कार्यालय में ग्राम्य विकास विभाग के अन्तर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा बैठक की। बैठक में विभाग की और से संचालित केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली।

ग्राम्य विकास मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए आजी. विका संवर्धन से जुड़ी गतिविधियों को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि महिला समूहों द्वारा किया जा रहा



कार्य सराहनीय है और इन्हें अधिक अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। विभागीय

मंत्री जोशी ने विशेष रूप से आगामी चारधाम यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि इस रुट पर स्थानीय उत्पादों की मार्केटिंग को बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक आउटलेट खोले जाएं। इसके साथ ही उन्होंने परम्परागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत खुलने वाले शेष 96 आउटलेट को भी जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। इस संबंध में उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक करने के भी निर्देश दिए।

विभागीय मंत्री ने यह भी जानकारी दी कि ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जल्द ही गढ़वाल और कुमाऊं मंडलों में चारधाम यात्रा रूट पर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के आजीविका संवर्धन के लिए करीब 15 लाख रुपये की लागत से 200 नए रेस्टोरेंट खोले जाएंगे।

उन्होंने अधिकारियों को इस संबंध में शीघ्र आगणन तैयार करने के निर्देश भी दिए। जोशी ने यह भी बताया कि राज्य में अब तक 1.68 लाख लखपति दीदी तैयार हो चुकी हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि तय लक्ष्य से आगे बढ़ते हुए राज्य में 2 लाख लखपति दीदी बनेगी।

### जनपदवार अभी तक बनी लखपति दीदी

अल्मोड़ा 14143, उत्तरकाशी 9887, देहरादून 12518, चंपावत 5835, नैनीताल 12910, हरिद्वार 23588, चमोली 10315, बागेश्वर 6042, पिथौरागढ़ 9208, टिहरी 12663, ऊधमसिंह नगर 27435, पौड़ी 12771, रुद्रप्रयाग 6072 लखपति दीदी अभी तक बन चुकी हैं।




# लोडर से टकराकर बस पलटी, दो की मौत

■ 14 यात्री हुए गंभीर रूप से घायल, सभी घायलों का करवाया जा रहा है एक प्राइवेट अस्पताल में उपचार, अस्पताल पहुंचे एसएसपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून/वकासनगर।** विकासनगर से आईएसबीटी देहरादून आ रही एक बस के अचानक सामने से आ रहे लोडर विक्रम के टकरा जाने से उसमे सवार दो युवाओं पवन और कादिल की दर्दनाक मौत और 14 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलते ही तत्काल सहसपुर प्रभारी निरीक्षक और क्षेत्राधिकारी विकासनगर मौके पर पहुंचे और उन्होंने बस के अंदर फंसे घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला। सभी को झाझरा स्थित एक प्राईवेट अस्पताल में भर्ती करवाया जहां पर दो घायलों को मृत घोषित



कर दिया गया। बाकी सभी घायलों का वहां पर उपचार प्रारंभ करवाया।

सोमवार की दोपहर एक बस विकासनगर से आईएसबीटी देहरादून के लिए चली। जैसे ही बस सहसपुर थाना क्षेत्र के सिंघलीवाला पहुंची की तभी बस का चालक सामने से आ रहे लोडर को देखकर बस से अपना नियंत्रण खो बैठा परिणाम स्वरूप बस लोडर विक्रम से टकराकर सड़क पर पलट गई। स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी सहसपुर पुलिस को दी।

सहसपुर थाना प्रभारी निरीक्षक शंकर सिंह बिष्ट भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी क्षेत्राधिकारी विकासनगर भाष्कर लाल शाह को दी। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बस और लोडर विक्रम में फंसे उसके चालक को बामुश्किल बाहर निकाला और सभी घायलों को झाझरा स्थित एक प्राईवेट अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया। वहीं घायलों का उपचार कर रहे डाक्टरों ने दो को मृत घोषित कर दिया। उधर मामले की जानकारी के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह और पुलिस अधीक्षक देहात द्वितीय रेणुका लोहानी पुलिस बल के मौके पर पहुंची और दोनों अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया सभी घायलों का हालचाल जानने के लिए उक्त प्राईवेट अस्पताल पहुंचे। पुलिस अधीक्षक देहात द्वितीय रेणुका लोहानी ने बताया कि लोडर विक्रम के घायल चालक की स्थिति स्थिर है, जबकि 21 वर्षीय पवन निवासी सिंघनीवाला और कादिल निवासी सिंघनीवाला की मौत हो गई है।

### घायलों के नाम

1: जगमोहन सिंह पुत्र सुरवीर सिंह, निवासी सरुखेत बड़कोट, उम्र 30 वर्ष
02: पिंटू कुमार पुत्र राम आसरे निवासी सेलकुई, उम्र 35 वर्ष
03: मानसी गुप्ता पुत्री पवन गुप्ता निवासी डांडा पुर, उम्र 15 वर्ष (छात्रा)
04: गुरमीत पुत्र धर्म पाल निवासी ढकरानी (बस परिचालक), उम्र 21 वर्ष
05: कनीजा खातून पत्नी नसीबुद्दीन गांधीग्राम, देहरादून, उम्र 60 वर्ष
06: नसीबुद्दीन पुत्र जैनुद्दीन निवासी गांधीग्राम, देहरादून, उम्र 62 वर्ष
07: आवेश पुत्र हसन दीन निवासी ग्राम हसनपुर सहसपुर, उम्र 15 वर्ष (छात्र)
08: मारिया पुत्री मसूद आलम निवासी हसनपुर, उम्र 15 वर्ष (छात्रा)
09: हुमा पुत्री नवाब निवासी शेरपुर, सहसपुर, उम्र 16 वर्ष (छात्रा)
10: मुसीदा पुत्री वाजिद निवासी हसनपुर, उम्र 15 वर्ष (छात्रा)
11: हर्ष पुत्र सागर निवासी बद्रीपुर 02 वर्ष
12: विनोद वर्मा पुत्र प्रताप सिंह कटा पत्थर विकास नगर देहरादून उम्र 35 वर्ष
13: शोएब पुत्र वाजिद निवासी मलूकचद उम्र 18 वर्ष (छात्र)
14: शिल्पा पुत्री अरविन्द कुमार निवासी बद्रीपुर उम्र 24 वर्ष

## एक नजर

### स्मैक तस्कर गिरफ्तार

**कालाढूंगी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा जनपद नैनीताल में द्वारा नशे की रोकथाम के दृष्टिगत लगातार चलाए जा रहे नशे के विरुद्ध अभियान के तहत थानाध्यक्ष पंकज जोशी के नेतृत्व में पुलिस के द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था/ कानून व्यवस्था एवं अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे चैकिंग अभियान के दौरान आईआरबी से बन्नाखेडा रोड से अभियुक्त राहुल यादव पुत्र धीर सिंह यादव निवासी भेलियाधड़ा छोटी हल्द्वानी को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 04.84 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। अभियुक्त के विरूद्ध थाना कालाढूंगी में पंजीकृत किया गया जिससे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इस दौरान उपनि. रीक्षक कृष्णा गिरी सहित जबर सिंह, मिथुन कुमार आदि मौजूद थे।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम

**पंतनगर।** पंतनगर विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के खाद्य एवं पोषण विभाग ने न्यूट्रिशन सोसाइटी ऑफ इंडिया के सहयोग से शविद्यालय जाने वाले बच्चों में संतुलित आहार और आहार संबंधी आदतें विषय पर एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया। कार्यक्रम में 70 छात्रों और विद्यालय स्टाफ ने भाग लिया। सत्र की अध्यक्षता डा. रीता सिंह रघुवंशी, डा. अर्चना कुशवाहा और डा. नीतू डोभाल ने की। इस दौरान श्माय प्लेटश मॉडल, पोषणयुक्त भोजन, शारीरिक गतिविधि, और जंक फूड के दुष्प्रभावों पर पावरपॉइंट प्रस्तुति दी गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा शर्मा और शिक्षिकाओं ने छात्रों को स्वस्थ आहार की प्रेरणा दी। छात्रों ने प्रश्नोत्तर सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य और पोषण पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में विभागीय टीम ने छात्रों को समग्र जीवनशैली अपनाने और स्वस्थ आहार की आदतें अपनाने की प्रेरणा दी। इसके अतिरिक्त स्टूडेंट रेडी प्रोग्राम के तहत चतुर्थ वर्ष के छात्रों ने आहार परामर्श सत्र का आयोजन किया, जिसमें मोटापे के प्रबंधन पर चर्चा की गई।

### 55 नए नर्सिंग अधिकारियों ने ली तैनाती

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना राजकीय आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान मेडिकल कालेज में 55 नए नर्सिंग अधिकारियों ने तैनाती ले ली है। नर्सिंग अधिकारियों की तैनाती से मरीजों को उपचार में लाभ मिलेगा। मेडिकल कालेज विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ स्टाफ की कमी से जूझ रहा है। जिससे कई बार मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में परेशानी से निजात को बीते दिनों शासन स्तर से कालेज में 189 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति दी गई। जिसमें अब सोमवार को 55 नर्सिंग अधिकारियों ने कालेज में तैनाती ले ली है। इससे वहां उपचार को पहुंचने वाले मरीजों को काफी राहत मिलेगी। प्राचार्य प्रो. सीपी भैसोड़ा ने बताया कि नए नर्सिंग अधिकारियों के दस्तावेजों की जांच के बाद उन्हें तैनाती दे दी है।

### चैती मेले में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

**काशीपुर।** श्री चैती मेला अपने पूरे यौवन आ गया है। आज दशमी की प्रात: चैती भवन में प्रसाद चढ़ाने वालों की भारी भीड़ नजर आई। कल रात्रि मेले में भी खरीदारों की काफी भीड़ रही। ज्ञात हो कि काशीपुर में चैती मेले का आयोजन प्रतिवर्ष चैत्र नवरात्र के अवसर पर किया जाता है। यह मेला लगभग एक माह तक रहता है। मेले में यूपी के ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद, अमरोहा, रामपुर, सम्भल, बरेली व बिजनौर क्षेत्र के दुकानदारों के साथ ही भारी संख्या में श्रद्धालु जनता पहुंचती है। जबकि उत्तराखण्ड के 40 प्रतिशत से ज्यादा लोग मेले का आंनद उठाते हैं। मेले में महिलाएं श्रृंगार सामग्री और घरेलू उपयोग की सामग्री के साथ ही सिलबटना आदि की खरीदारी करती दिखीं। जबकि बच्चों ने झूले और खेल तमाशे का लुत्फ उठाते दिखे। मेले में पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद दिखा।

### श्री रामनवमी पर निकाली भव्य शोभायात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री रामनवमी महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। श्री रामलीला कमेटी द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो रामलीला मैदान से शुरू होकर महाराणा प्रताप चौक, मेन मार्केट, पुरानी सब्जी मंडी, किला बाजार, गंगे बाबा चौक, रतन रोड होते हुए वापस रामलीला ग्राउंड पहुंची। शोभायात्रा का शहर में जगह-जगह आरती उतार कर व पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में मेयर दीपक वाली, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, राम मेहरोत्रा, सुशील अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, प्रमोद तोमर, शरद मित्तल, आकाश गर्ग, सतीश शर्मा, शिवम अग्रवाल, मदन ठाकुर, उषा चौधरी, मुक्ता सिंह, पंडित राघवेंद्र नागर, यतेंद्र शर्मा, अजय अग्रवाल, दीपक मित्तल, सौरभ अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, प्रियांशु बंसल, अभिषेक गोयल, बिट्टू राणा, मुकेश चावला, अजय कुमार, संजय गुप्ता, अभिषेक पाठक, आशीष शर्मा, आशीष अग्रवाल, पंकज अग्रवाल एडवोकेट, सनत कुमार एडवोकेट, अंशु रस्तोगी आदि बंधु उपस्थित थे।



# पशु क्रूरता अधिनियम में पांच लोग गिरफ्तार

**काशीपुर।** कुंडा थाना पुलिस ने एक छोटा हाथी वाहन व एक पिकअप से गौवंशीय पशुओं को क्रूरतापूर्वक परिवहन करने के मामले में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। जसपुर निवासी संजीव ने कुंडा थाना पुलिस को सूचना देते हुए कहा कि जसपुर से काशीपुर को एक छोटा हाथी वाहन में गौवंशीय पशुओं को भरा गया है, जिसमें दो व्यक्ति सवार हैं। पुलिस ने टोल प्लाजा पर वाहन रोककर पशुओं के बारे में पूछने पर चालक ने बताया कि वह पशुओं को खरीदकर ला रहे हैं। कुंडा पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम नौशाद पुत्र दिलशाद व दूसरे ने अपना नाम राजा पुत्र पप्पू निवासीगण खतौली, मुजफ्फरनगर बताया। वहीं दूसरे मामले में मसवासी, रामपुर निवासी अर्जुन गुप्ता पुत्र मनोज कुमार गुप्ता ने कुंडा पुलिस को सूचना देकर बताया कि कुंडा चौराहे के सामने जीरो प्वाइंट बाजपुर हाईवे पर एक पिकअप वाहन में चार गौवंशीय पशु व एक भैंस को ठूंस-ठूंस कर भरा गया है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रामपुर के बिलासपुर निवासी अमित पुत्र रूपराम, जसपुर निवासी इंसाफ अली पुत्र हसरत अली व फौसाद अली पुत्र इसरार हुसैन के खिलाफ पशु क्रुरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर पांचों आरोपियों का चालान कर कोर्ट में पेश किया।

# उग्र आंदोलन की चेतावनी दी

## इंद्रा कालोनी में शराब बार खोलने का विरोध हुआ तेज

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** नगर के लोअर मालरोड के न्यू इंद्रा कालोनी वार्ड में शराब बार के विरोध में लोगों ने खोर्चा खोल दिया है। सोमवार को नाराज वार्ड वासियों ने बैठक कर आंदोलन की रणनीति बनाई। मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। स्थानीय निवासियों ने कहा कि न्यू इंद्रा कालोनी के पास बार खुलने की आशंका है। इससे वार्ड वासियों में भारी रोष व्याप्त है। कहा कि पूर्व में भी यहां शराब बार खोलने के लेकर विरोध किया था। लेकिन अब तक मामले में कोई भी सकारात्मक कार्रवाई नहीं हो सकी है। जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है। कहा कि उक्त स्थान पर शराब बार खुलने से क्षेत्र का माहौल खराब होगा। यहां से कई लोगों का आवगमन होता है। ऐसे में लोगों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। लोगों ने मामले में जल्द कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।



वार्डवासियों ने बताया कि जिस स्थान पर बार खोला जा रहा है, यहां से मजह सौ मीटर की दूरी पर एसएसजे विवि है। शराब बार खुलने से कालेज में अध्ययनरत विद्यार्थियों पर बुरा असर पड़ेगा। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से अपने भविष्य को सवारने अल्मोड़ा आए युवा नशे की गर्त में चले जाएगें। वार्डवासियों ने मांग की विद्यार्थियों के भविष्य को देखते हुए उक्त स्थान पर शराब बार नहीं खोला जाए। वार्डवासियों ने कहा कि मामले को लेकर मुख्यमंत्री, कुमाऊं कमिश्नर और डीएम को ज्ञापन सौंप चुके है। लेकिन मामले में सकारात्मक कार्रवाई नहीं हो पाई है। लगातार विरोध के बावजूद उनकी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। जिससे लोगों में रोष बना हुआ है। वार्डवासियों ने उनकी समस्याओं का जल्द समाधान करने की मांग की है। यहां ललित लटवाल, नंदन सिंह, राजेश सिंह, मनोज, पंकज, भूपेश सिंह, रमेश सिंह, नीरज बिष्ट, तरुण, कमल समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# कर्नाटकखोला में पिंजरे में कैद हुआ गुलदार

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** नगर के कर्नाटकखोला में आतंक का पर्याय बना गुलदार पिंजरे में कैद हो गया है। गुलदार के पिंजरे में कैद होने से लोगों और वन विभाग के अधिकारियों ने राहत की सांस ली। दरअसल, लंबे समय से कर्नाटकखोला में गुलदार की धमक से लोगों में दहशत थी।



शाम होते ही गुलदार की चहलकदमी दिखाई देने लगी थी। दहशत में आए लोगों ने वन विभाग से गश्त करने और गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की थी। कुछ दिन पूर्व ही यहां पिंजरा लगाया गया था। सोमवार सुबह गुलदार पिंजरे में फंस गया। वन क्षेत्राधिकारी मोहन राम ने बताया कि गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया था, पिंजरे में कैद हुए गुलदार को रेस्क्यू सेंटर पहुंचा दिया गया है। मौके पर वन दरा.ेगा अमित भैसोड़ा, गौरव शेटी, चंद्रदत्त जोशी, भूपेश मुस्यूनी, मनीष आदि रहे। नगर समेत आस-पास के कई क्षेत्रों में अभी भी गुलदार की दहशत बरकरार है। नगर के चीनाखान, मकेड़ी, बख समेत नगर से लगे ग्रामीणों इलाकों में गुलदार रिहायशी इलाकों की ओर रुख करता सीसीटीवी में कैद हो रहा है। आरओ मोहन राम ने बताया कि लोगों की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए कई क्षेत्रों में वन विभाग के कर्मचारी गश्त कर रहे है। साथ ही गुलदार आंतक प्रभावित क्षेत्रों में गुलदार के आंतक से निजात दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# माल रोड पर सुबह आठ से शाम आठ बजे तक रहेगा वन वे

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** पर्यटन सीजन में नगर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएं रखने के लिए पुलिस ने यातायात व्यवस्था में आंशिक बदलाव किया है। माल रोड समेत एलआरसाल सड़क पर अब वन वे व्यस्था का समय बदल दिया गया है। नौ अप्रैल से माल रोड पर सुबह आठ से शाम आठ तो एलआरसाह सड़क पर सुबह आठ से शाम नौ बजे तक वन वे व्यवस्था लागू रहेगी। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने बताया कि पर्यटन सीजन में अल्मोड़ा की सड़कों पर वाहनों का दबाव बढ़ जाता है। बताया कि दबाव बढ़ने के चलते जाम की समस्या से निजात को यातायात में आंशिक बदलाव किया गया है। उन्होंने बताया कि माल रोड पर सुबह आठ से शाम आठ बजे तक वन-वे यातायात व्यवस्था लागू रहेगी। इस दौरान चौपहिया वाहन लक्ष्मेश्वर से शिखर की तरफ प्रवेश नहीं करेंगे। इसके अलावा एलआर साह रोड पर वन-वे व्यवस्था के दौरान शिखर से एनटीडी की तरफ कोई भी चौपहिया वाहन प्रवेश नहीं करेगा, लिंक रोड, टैक्सी स्टैंड तिराहे से चौघानपाटा, करबला की तरफ कोई भी चौपहिया वाहन प्रवेश नही करेगा। जबकि रविवार के दिन माल रोड पर वन वे व्यवस्था लागू नहीं रहेगी। उन्होंने लोगों से यातायात व्यवस्था का पालन करने की अपील की है।



# मेयर ने दो माह की उपलब्धियां गिनाई

## चुनाव में किए गए सभी संकल्पों को पूरा कर रहा हूं: बाली

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने अपने कार्यकाल दो माह पूर्ण होने पर नगर निगम सभागार में प्रेसवार्ता कर बताया कि उन्होंने चुनाव में लिए गए सभी संकल्पों को पूरा करने में कोई कमी नहीं छोड़ी है और काशीपुर की सूरत बदलने के लिए उनके निरंतर प्रयास जारी है।

उन्होंने बताया कि इस बार मां का डोला चमचमाती लाइटों और पक्के मार्ग से होकर मेला प्रांगण स्थित मां के मंदिर पहुंचा है। श्री बाली ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के आशीर्वाद के चलते मेरे द्वारा शपथ लेने के तुरंत बाद प्रथम चरण में 18 करोड़ 86 लाख 76 हजार रुपए की लागत का निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया, दूसरे चरण में 21 करोड़ 56 लाख 74 हजार रुपए की लागत से निर्माण कार्य प्रारंभ कराये गये और अब तीसरे चरण में 22 करोड़ 74 लाख रुपए की लागत से बनने वाली 227 सड़कों के निर्माण संबंधी प्रक्रिया पूरी होने के तुरंत बाद मई माह मे शुरू हो जाएंगे। महापौर ने बताया कि कुल मिलाकर 63 करोड़ 17 लाख रुपए से नालियों सहित बनने वाली 505 सड़के धरातल पर बनती नजर आएगी। इस दौरान महापौर दीपक बाली को केडीएफ, धर्म यात्रा महासंघ, हिंदू राष्ट्र शक्ति, बार एसोसिएशन, देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ एवं प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल पंजाबी रामलीला कमेटी आदि द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान पार्षद अनीता कंबोज, वैशाली गुप्ता, राशिद फारुकी, मयंक मेहता, अशोक सैनी, शाह आलम, अंजना, बीना नेगी, दीपा पाठक, मुक्ता सिंह, राहुल पैगिया, अर्जुन सिंह, चौधरी समरपाल सिंह, मुकेश चावला, जतिन नरूला, योगेश बिश्नोई, अमन वाली, जसवीर सिंह सैनी, राजीव घई, चक्रेश जैन, जसपाल जस्सी, शोभित गुड़िया, केके अग्रवाल सहित दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# केंद्र सरकार की पहल का स्वागत: बंसल

शाह टाइम्स संवाददाता



**काशीपुर।** केजीसीसीआई अध्यक्ष अशोक बंसल ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा केन्द्र सरकार से जुड़े अदालती मामलों को कम करने अथवा भविष्य में उन्हें रोकने की पहल की गयी है। इसके अन्तर्गत अदालतों में अनुचित अपीलों की संख्या को कम से कम करना तथा अधिसूचनाओं और सरकारी आदेशों में विसंगतियों को दूर करना प्रमुख है जो कि अदालती मामलों का कारण बनते हैं। उन्होंने कहा कि कुमायूँ गढ़वाल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, काशीपुर केंद्र सरकार द्वारा अदालती मुकदमों की संख्या को कम करने की दिशा में उठाए गए कदम का स्वागत करता है। कानून मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से यह स्पष्ट है कि सरकार अब अनावश्यक कानूनी प्रक्रियाओं को सरल बनाकर आम जनता व उद्योगों को राहत देने की दिशा में गंभीर है। उन्होंने कहा, 'हम आशा करते हैं कि संबंधित विभागीय अधिकारी इस नीति के अनुरूप कार्य करते हुए तत्काल प्रभाव से लोगों को राहत प्रदान करेंगे। हम यह भी अपेक्षा करते हैं कि राज्य सरकार के अधिकारीगण भी इस सकारात्मक पहल से प्रेरित होकर उद्योगों पर लगाए गए अनावश्यक मुकदमों को वापस लें और जनता में विश्वास बहाली का कार्य करें।


## कार्यालय का नाम : आर.एस. ढिल्लो जनता इंटर कॉलेज

महादेवनगर, ढकिया नं. 1, काशीपुर (उधम सिंह नगर)

रणवीर सिंह ढिल्लो जनता शिक्षा समिति चुनाव कार्यक्रम (सन 2025-2028 हेतु)

| क्र. सं. | दिनांक | कार्यक्रम | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | 14.04.2025 सोमवार | मतदाता सूची का प्रकाशन | 08.00 से 11.00 बजे तक |
| | | मतदाता सूची में आपत्ति | 11.00 से 12.00 बजे तक |
| | | आपत्तियों का निस्तरण | 12.00 से 01.00 बजे तक |
| 02 | 15.04.2025 मंगलवार | कार्यकारिणी के 12 सदस्यों हेतु नामांकन पत्र 100.00 रूपये शुल्क के साथ दाखिल करें, (कोई सदस्य आपस में सगे सम्बन्धी नहीं होने चाहिए। | 08.00 से 11.00 बजे तक |
| | | नामांकन पत्रों की जांच एवं आपत्तियों का निस्तारण | 11.30 से 01.00 बजे तक |
| 03 | 16.04.2025 बुद्धवार | नाम वापसी | 08.00 से 10.00 बजे तक |
| | | चुनाव में भाग लेने वाले प्रत्याशियों की संशोधित सूची का प्रकाशन | 10.00 से 11.00 बजे तक |
| 04 | 17.04.2025 बृहस्पतिवार | कार्यकारिणी के 12 सदस्यों का चुनाव (यदि आवश्यक होगा) | 08.00 से 02.00 बजे तक |
| | | मतगणना एवं परिणाम कार्यकारिणी के सदस्यों की सूची का प्रकाशन | 02.30 से मतगणना पूर्ण होने तक |
| 05 | 18.04.2025 शुक्रवार | निर्वाचित सदस्यों में से पदाधिकारियों (अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रबंधक, सहप्रबंधक, कोषाध्यक्ष) हेतु नामांकन 500.00 रू. शुल्क के साथ दाखिल करें | 08.00 से 10.00 बजे तक |
| | | नामांकन पत्रों की जांच | 10.00 से 11.00 बजे तक |
| | | नई पदाधिकारियों (अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रबंधक, सहप्रबंधक, कोषाध्यक्ष) का चुनाव | 11.30 से 12.30 बजे तक |
| | | नये पदाधिकारियों (अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रबंधक, सहप्रबंधक, कोषाध्यक्ष) के चुनाव के परिणाम की घोषणा | 12.30 से 01.00 बजे तक |

प्रबंधक
आर.एस. ढिल्लो जनता इंटर कॉलेज
महादेवनगर, ढकिया नं. 1
काशीपुर (उधम सिंह नगर)


### स्वीप कार्यक्रम के तहत कैंपस एम्बेसडर्स के साथ बैठक

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत कैंपस एम्बेसडर्स के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब्स की स्थिति की समीक्षा की गई और कैंपस एम्बेसडर्स को मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी इंटर कॉलेजों में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब्स अनिवार्य रूप से गठित किए जाएं और विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को मतदान प्रक्रिया के महत्व के बारे में बताया जाए। बैठक में एडीएम एनएस नबियाल, परियोजना निदेशक शिल्पी पंत सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# सरकार की मंशा को पलीता लगा रहे कुछ ठेकेदार

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** सरकार की मंशा पर कुछ ठेकेदार पलीता लगा रहे हैं। लोगों की शिकायत के बाद क्षेत्रीय विधायक ने सख्त रुख अपना लिया है। उन्होंने घटिया निर्माण कार्य ध्वस्त करवा दिया है। उन्होंने कहा कि सरकारी धन का दुरपयोग नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने लोगों से भी निर्माण कार्य में नजर रखने तथा गलत कार्य होने पर शिकायत करने को भी कहा है। बता दें कि इन दिनों बदियाकोट-बोरबलड़ा मोटर मार्ग में पैराफिट निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें गुणवत्ता विहीन सामग्री का उपयोग कर निर्माण कार्य करने की शिकायत लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से की थी। इस शिकायत को क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया ने गंभीरता से लिया और तत्काल संबंधित विभाग को कड़ी फटकार लगाई। निर्माण कार्य में गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिए। जिस क्रम में गुणवत्ता विहीन निर्मित पैराफिटों को तत्काल ध्वस्त किया गया। दोबारा गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए गए। विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र कपकोट के अंतर्गत सभी विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तथा यथा समय पूर्ण करें। उन्होंने लोगों से भी अनुरोध किया है कि अपने-अपने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण करने हेतु उन सभी विकास कार्यों की खुद भी मॉनिटरिंग करें। किसी भी अनुचित स्थिति में तत्काल विधायक कार्यालय कपकोट या संबंधित विभाग के संज्ञान में डालें।

# राष्ट्रीय स्तर पर किया उत्कृष्ट प्रर्दशन

शाह टाइम्स संवाददाता

**पंतनगर।** पंतनगर विश्वविद्यालय की वाद-विवाद टीम ने सरदार भगवान सिंह विश्वविद्यालय देहरादून में आयोजित 16वीं राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा और तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया। प्रतियोगिता का विषय था 'एक मानकीकृत पाठ्यक्रम 21वीं सदी के शिक्षार्थियों की विविध आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से संबोधित कर सकता है। समिष्टा भट और शांभवी ने क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया, और उन्होंने स्पष्टता एवं आत्मविश्वास के साथ तर्क प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में देश भर से 40 से अधिक टीमों ने भाग लिया, जिनका मूल्यांकन हिंदुस्तान टाइम्स की अध्यक्ष इंद्राणी पांधी, माउंट फोर्ट अकादमी की प्रिंसिपल डा. पारुल शर्मा और हिंदुस्तान के मुख्य संपादक मदन जैरा जैसे जजों ने किया। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई दी, और इस सफलता को पंतनगर विश्वविद्यालय की उत्कृष्टता की परंपरा में एक और मील का पत्थर बताया।



# मुफ्त जांचें बंद, मरीजों पर बोझ

## प्रदेश सरकार से पुन: मुफ्त जांच सेवा देने की अपील

शाह टाइम्स संवाददाता

**कालाढूंगी।** उत्तराखंड सरकार द्वारा गरीबों को स्वास्थ्य लाभ देने के लिए निशुल्क ब्लड जांच सुविधा शुरू की गई थी, जिससे राज्य के सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों को लाभ मिल रहा था। लेकिन पिछले कुछ दिनों से कुछ महत्वपूर्ण जांचें, जैसे हेपेटाइटिस बी, विटामिन बी 12, और अन्य महत्वपूर्ण टेस्ट बंद कर दिए गए हैं, जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरकार ने एक निजी ब्लड टेस्ट कंपनी के सहयोग से राज्यभर के सरकारी अस्पतालों में अलग से जांच केंद्र खोले थे, जहां मरीजों को आधार कार्ड के माध्यम से हजारों रुपये की जांचें मुफ्त में मिल रही थीं। इस पहल से गरीब जनता को महंगे टेस्टों से बचने में मदद मिल रही थी। लेकिन हाल ही में, कुछ जांचों के बंद होने के कारण मरीजों को अब अस्पताल में दी गई सूची के मुकाबले केवल कुछ जांच मुफ्त में मिल पा रही हैं, और बाकी जांचों के लिए उन्हें बाहरी लैब्स से टेस्ट कराने पड़ रहे हैं। इससे मरीजों को न केवल अतिरिक्त खर्चों का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि उन्हें बार-बार ब्लड सैंपल भी देना पड़ रहा है। जनता ने सरकार से अपील की है कि सभी जांचों को आधार कार्ड से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत फिर से मुफ्त किया जाए। इस संबंध में जब जिले के सीएमओ डा. पंत से जानकारी ली गई, तो उन्होंने बताया कि कुछ समय के लिए कुछ जांचों को सरकार स्तर पर बंद किया गया था, लेकिन जल्द ही सभी जांचें फिर से मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएंगी।



# चिकित्सकों ने किया रक्तदान

**अल्मोड़ा।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मेडिकल कालेज के रक्त केंद्र में सोमवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर मेडिकल कालेज के जूनियर रेजिडेंट डाक्टरों व इंटर्न की ओर से रक्तदान किया। रक्त केंद्र के प्रभारी डा. आशीष जैन ने लोगों और तीमारदारों को भी स्वैच्छिक रक्तदान का महत्व बताया। प्राचार्य डा. सीपी भैसोड़ा ने चिकित्सकों से इस प्रकार के कार्यों के लिए आगे आने को प्रेरित किया। यहां हेम बहुगुणा, डा. अक्षय कालरा आदि मौजूद रहे। इधर, क्षेत्रक मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल अल्मोड़ा में भी विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डा. अनुपमा स्वास्थ्य संबंधित सलाह दी। श्री अन्न के उपयोग से होने वाले फायदों के बारे में बताया। वहां कमांडेंट प्रशासन बीसी जोशी, उप कमांडेंट संचार रविनंद झा रहे।


### सूचना: सम्बंध विच्छेद

मैं फीरा मसीह उम्र बालिग पुत्र श्री जीत पुरी निवासी ग्राम-हिम्मतपुर गैबुआ, तहसील- कालाढूंगी, जिला- नैनीताल का स्थायी निवासी हूँ। मेरा पुत्र नितिन पॉल मुझसे तथा मेरे परिवार से अलग रहता है, मेरे साथ गलत आचरण करता है। गाली गलौच व मारपीट करता है, वर्तमान में उसके गलत संगत व आचरण के चलते व उसकी गलत गतिविधियों से तंग आकर इनके समस्त रिस्ते नाते तोड़ कर अपनी सम्पूर्ण चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इसके द्वारा किये गये किसी कृत्य, लेन-देन से हमारा कोई उत्तरदायी नहीं होगा।



## कार्यालय नगर पालिका परिषद कालाढूंगी (नैनीताल)

पत्रांक: 6/निर्माण अनुभाग/स्था0नि0/2024-25 दिनांक 3.04.2025

**निविदा सूचना**

समस्त निर्माण फर्म/कम्पनी/उद्योग/अधिकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदारों निर्माताओं/ सप्लायरों को सूचित किया जाता है, नगर पालिका परिषद कालाढूंगी को राज्य वित्त आयोग की धनराशि से निम्नलिखित कार्य कराया जाना है। इच्छुक प्रतिष्ठान निम्न विवरण के अनुसार तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग-अलग लिफाफों में शील्ड करेंगे तथा तीसरे लिफाफे में दोनों बन्द निविदाएं शील्ड कर दिनांक 19.04.2025 को प्रात: 11.00 बजे तक कार्यालय में स्थित निविदा बाक्स में डाल सकते हैं। निविदा प्रपत्र नगर पालिका परिषद कालाढूंगी के कार्यालय से दिनांक 17.04.2025 को सायं 5.00 बजे तक क्रय जा सकती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 19.04.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं व उनके प्रतिनिधि के समक्ष निविदा समिति के द्वारा खोली जाएंगी तथा पहले तकनीकी निविदा खोली जाएगी तत्पश्चात तकनीकी अर्ह पाये जाने पर ही वित्तीय निविदा खोली जाएगी। किसी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कालाढूंगी के पास सुरक्षित होगा। अन्य जानकारी कार्यालय नगर पालिका परिषद से किसी भी कार्य दिवस पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र के साथ स्टीमेट संलग्न | अनुमानित नग | निविदा प्रपत्र मूल्य+GST अतिरिक्त | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पुराने स्वागत द्वार मरम्मत कार्य, पेंटिंग व रेडियम द्वारा लिखाई व अन्य मरम्मत कार्य। | | 03 नग | 1000.00 | 1 माह |

(अभिनव कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद कालाढूंगी

(रेखा कत्यूरा)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद कालाढूंगी

# राम-शबरी मिलन से भक्तिमय हुआ त्रिभुवन

## उत्थान मंच में रामलीला में राम-सुग्रीव मित्रता व बाली वध का मंचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शबरी-राम के मिलन देख, त्रिभुवन भक्तिमय हुआ। गूंज उठा फिर से शंखनाद, नभ से पुष्पों का वर्षन हुआ। इस पंक्ति के साथ ही पिछले सात दिनों से उत्थान मंच में चल रह महिला रामलीला मंचन में शबरी नवधा, हनुमान मिलन, राम-सग्रीव मित्रता व बाली वध तक की सुंदर लीलाओं का मंचन कलाक. ारों द्वारा किया गया।

यह देख दर्शक प्रभु श्रीराम का जयकारा लगाने लगे, प्रभु श्री राम के जयकारा से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। सोमवार को पुनर्नवा महिला समिति द्वारा उत्थान मंच में आयोजित महिला रामलीला मंचन महोत्सव के सातवें दिन रामलीला मंचन का शुभारंभ भाजपा कार्यालय सचिव कौस्तुभानंद जोशी, गोपाल पाल, गौरव अग्रवाल, शिवसेना प्रदेश अध्यक्ष रूपेन्द्र नागर, हरिओम अरोड़ा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मंचन के दौरान प्रभु



श्रीराम व लक्ष्मण माता सीता की खोज में वन-वन भटक रहे थे। माता सीता की खोज करते हुए प्रभु श्रीराम शबरी आश्रम पहुंच गए। यहां राम ने शबरी के झूठे बैर खा कर भगवान और भक्त के निस्वार्थ प्रेम को दर्शाया। भगवान राम ने शबरी को नवधा भक्ति बताते हुए, सीता की सुध पूछी, शबरी ने इस चौपाई के साथ श्रीराम से कहा 'पंपा सरहि जाहु रघुराई। तहँ होइहि मिताई। सो सब कहिहि देव रघुबीरा। जानतहूँ पूछहु मतिधीरा। कहा आगे ऋष्यमूक पर्वत पर सुग्रीव मिलेंगे वहीं माता सीता की खोज में आप की मदद करेंगे। इस दौरान दर्शकों को श्री राम व हनुमान के अलौकिक मिलन देखने को मिला। सुग्रीव अपने बड़े भाई बाली के डर से ऋष्यमूक पर्वत पर अपने विश्वसनीय मित्रों के साथ रहते हैं। हनुमान जी ने सुग्रीव के बारे में बताते हुए कहा कि सुग्रीव अपने भाई बाली से बहुत परेशान हैं। बाली ने सुग्रीव का धन-स्त्री आदि सब कुछ छीन लिया। धन-स्त्री के हरण होने पर सुग्रीव दुखी होकर चार मंत्रियों के साथ ऋष्यमूक पर्वत पर रहने लगे हैं। हनुमान श्रीराम-लक्ष्मण को आदरपूर्वक सुग्रीव के पास ले गए और अग्नि के साक्षित्व में श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता कराई। भगवान ने सुग्रीव को आश्वस्त किया कि उनके दुखों का जल्द अंत होगा। भगवान श्री राम ने बाली को एक ही बाण में मार गिराते है। यह देख दर्शक प्रभु श्रीराम का जयकारा लगाने लगे, प्रभु श्री राम के जयकारा से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। बाली के मरने के बाद प्रभु श्रीराम ने सुग्रीव को किष्किंधा का राजा बना दिया, वहीं अंगद को युवराज। इसके बाद सुग्रीव ने हनुमान जी के साथ असंख्य वानरों की सेना माता सीता की खोज में चारों दिशा में भेज देते है। इस दौरान समिति की अध्यक्ष लता बोरा, उपाध्यक्ष यशोदा रावत, सचिव शांति जीना, प्रचार सचिव कल्पना रावत, जानकी पोखरिया, प्रेमा बृजवासी, मंजू बनकोटी, अंजना बोरा, रेखा रावत, कुसुम बोरा, सुशील शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पीएम स्वरोजगार की दुकान में भेदभाव का आरोप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम स्थित रेलवे स्टेशन में प्रधानमंत्री स्वरोजगार की दुकान में भेदभाव का आरोप लगाते हुए कई लोग मंडल रेल प्रबंधक से मिले और इस संबंध में कार्रवाई करने की मांग की। डीआरएम को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि रेलवे स्टेशन काठगोदाम में ओएसओपी की दो स्टॉल हैं जिसे प्रत्येक व्यक्ति को 15 दिन के लिए आवंटित किया जाता है। लोगों ने शिकायत की है कि यहां पर लगा स्टॉल नंबर-1 शिवांगी गुप्ता नामक युवती को ही मिलती रहती है और यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा है। जब लोग इसकी शिकायत डीसीआई सत्यवान सिंह से करते हैं तो वह शिकायत करने वाले का आवेदन पत्र ही रद्द कर देते हैं। आरोप है कि स्टॉल की सेल का रजिस्टर भी शिवांगी के हाथ में ही रहता है। आरोप यहां तक है कि शिवांगी अलग-अलग नामों की अप्लीकेशन लगाती हैं। इसके अलावा पुष्पा नेगी नामक महिला भी कई सारी आवेदन पत्र भी शिवांगी गुप्ता को ही देती हैं। उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक से न्याय की गुहार लगाई है। डीआरएम से मिलने वालों में रितु, पुष्पा सम्मल, दीपा भंडारी, अंकिता गलाकोटी, नूतन जायसवाल, अमिता, ललिता आर्या आदि शामिल रहे।

## स्कूल से निकली छात्रा लापता, गुमशुदगी दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जवाहर नगर वार्ड-15 की 17 वर्षीय छात्रा 4 अप्रैल को स्कूल जाने के बाद से लापता हो गई। परि. जनों ने दो दिनों तक उसे खोजने की कोशिश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अब परिजनों की तहरीर पर बनभूलपुरा पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को सौंपी तहरीर में परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी तिकोनिया स्थित ठडी सड़क के इंटर कॉलेज में 12वीं की छात्रा है, रोज की तरह 4 अप्रैल को स्कूल गई थी, लेकिन देर शाम तक वह घर वापस नहीं लौटी। चिंतित परिजनों ने आस-पास के क्षेत्रों और रिश्तेदारों से संपर्क किया, लेकिन उनकी बेटी का कोई पता नहीं चला। दो दिन तक लगातार खोजबीन के बाद जब कोई सफलता नहीं मिली, तो परिजन वनभूलपुरा थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई। इधर बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि लापता छात्रा की तलाश जारी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। छात्रा का मोबाइल फोन भी बंद है। पुलिस की दो टीमें मामले की जांच में जुटी हुई हैं और शीघ्र ही सकुशल छात्रा को बरामद कर लिया जायेगा।

# अभय का राज्य फुटबॉल टीम में चयन

## राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दिखाएंगे अपने खेल का हुनर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** स्पोर्ट्स हॉस्टल हल्द्वानी के प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ी अभय भंडारी का चयन उत्तराखंड राज्य की अंडर-20 फुटबॉल टीम में हुआ है। वह छत्तीसगढ़ में आगामी दिनों में होने वाली स्वामी विवेकानंद फुटबॉल चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। अभय के साथ ही एक और युवा फुटबॉलर तनिष्क भंडारी का भी चयन राज्य टीम में हुआ है। गौला बैराज, काठगोदाम निवासी अभय भंडारी के पिता दीपक भंडारी वरिष्ठ पत्रकार और मां पुष्पा भंडारी गृहिणी हैं। अभय ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा हल्द्वानी के गुरुतेग बहादुर स्कूल से की और बाद में 11वीं और 12वीं की पढ़ाई देहरादून स्थित डीएवी स्कूल से



की। 15 जुलाई 2022 में उनका चयन देहरादून स्पोर्ट्स कॉलेज में हुआ। पिछले साल दिसंबर में उन्होंने फिर से हल्द्वानी के स्पोर्ट्स हॉस्टल में दाखिला लिया और वर्तमान में एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी से बीए प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहे हैं। अभय के पिता, वरिष्ठ पत्रकार दीपक भंडारी ने बताया कि बचपन से ही उन्होंने अभय के भीतर छुपी खेल प्रतिभा को पहचान लिया था। अभय ने अपनी मेहनत और जुनून के बल पर खुद को एक बेहतरीन फुटबॉलर साबित किया है। अभय के राज्य फुटबॉल टीम में चयन की खबर के बाद उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा है और अभय के उज्जवल भविष्य की कामना की है। शुभचिंतकों ने उम्मीद जताई है कि अभय अपनी बेहतरीन खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर जिले और राज्य का नाम रोशन करेंगे।

# आईजी ने मांगी जमीन की जानकारी, बनेंगे कर्मचारी आवास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुमाऊं पुलिस ने पुलिस कर्मियों को सरकारी आवास उपलब्ध कराने की दिशा में पहला कदम बढ़ा दिया है। सोमवार को आईजी रिधिम अग्रवाल ने सभी जिलों के कप्तानों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक की और वर्तमान में उपलब्ध भूमि और पुलिस कर्मियों की संख्या के बारे में जानकारी ली। यह कदम मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा पुलिस कर्मियों को सरकारी आवास सुविधा देने की घोषणा के बाद उठाया गया है। बैठक के दौरान आईजी ने पुलिस कर्मचारियों के कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की और बताया कि वर्तमान में केवल 20-21 प्रतिशत कर्मचारियों को सरकारी आवास मिल पा रहा है, जिसे बढ़ाकर 30 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। आईजी ने सभी कप्तानों से उनके



जिलों में कर्मचारियों की संख्या और आवासीय सुविधाएं मिलने वाले कर्मचारियों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि अधिक से अधिक कर्मचारियों को आवासीय सुविधा प्रदान करने के लिए एक मास्टर प्लान तैयार किया जाए। इसके अलावा, जिन थानों और चौकियों के पास भूमि है, लेकिन आवासीय भवन नहीं हैं, वहां आवासीय निर्माण के लिए बजट प्रस्ताव तैयार किए जाएं।

# भाखड़ा नदी में जल बंधन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रामनवमी के अवसर पर पूर्व वनाधिकारी मदन बिष्ट, लक्ष्मण मेवाड़ी, पूर्व शिक्षक मदन मेर और उनके साथियों ने भाखड़ा के ऊपरी क्षेत्र में जल बंधन का पहला



प्रयोग किया। इस दौरान दो महत्वपूर्ण कार्य किए गए। पहले नदी की शुद्धता की जांच की गई, और दूसरे उन स्थानों का चयन किया गया जहां जल बंधन की आवश्यकता थी। इस प्रयोग के तहत एक छोटा जल बंधन बनाया गया और दो झाड़ी के पौधे रोपे गए, जिनकी सुरक्षा का इंतजाम भी किया गया। इस पहल से वन्य प्रजातियों के संरक्षण और बीज बम निर्माण के बारे में महत्वपूर्ण जानक. ारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम के दौरान, वन्यजीवों और जंगलों में आग लगाने की समस्या पर भी चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि जंगलों में आग लगाने का कारण अक्सर लोगों की लापरवाही और मूर्खतापूर्ण हरकतें होती हैं। चाहे वह गौला नदी के पास अमृतपुर क्षेत्र हो या बेल बसानी के ऊपरी हिस्से, आग लगाने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इसके अलावा, प्लास्टिक और कचरा फैलाना भी जंगलों के लिए खतरे का कारण बन रहा है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि बढ़ती गर्मी और प्रकृति में हो रहे बदलावों के कारण यह समस्या गंभीर हो गई है। उन्होंने कहा कि अगर इसे नियंत्रित करना है, तो सख्त कानून और बल प्रयोग की आवश्यकता है। आवारा भीड़ जो बेल बसानी और गौला नदी के किनारे गंदगी फैला रही है, उसे रोकना बेहद जरूरी है। आखिरकार, कार्यकर्ताओं ने आह्वान किया कि हम सभी को अपने जंगलों को बचाने के लिए मिलकर कदम उठाने होंगे। यह विनाश केवल लोगों की जागरूकता और जिम्मेदारी से ही रोका जा सकता है।

# नर्सिंग ऑफिसर्स को नियुक्ति पत्र सौंपे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में चयनित नर्सिंग ऑफिसर्स को शुक्रवार को नियुक्ति पत्र वितरण



किये गए और संस्थान में जॉइनिंग दी गयी। सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय के लिए 221 पदों व स्टेट कैंसर अनुसंधान के लिए 64 पदों के लिए नियुक्ति पत्रों का वितरण कर ज्वाइनिंग दी गयी। एसटीएच के लिए 106 नर्सिंग ऑफिसर्स ने नियुक्ति पत्र प्राप्त किये तथा स्टेट कैंसर अनुसंधान के लिए 36 नर्सिंग ऑफिसर्स ने नियुक्ति पत्र प्राप्त किये। इसके बाद सभी को आवश्यक प्रपत्र तथा शपथ पत्रों उपलब्ध करवाने के लिए दिशा निर्देश दिये गए। एसटीएच के लिए 66 नर्सिंग ऑफिसर ने आज शाम तक समस्त आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने के बाद प्राचार्य डा. अरुण जोशी द्वारा ज्वाइनिंग दी गयी। अभिलेखों की जांच करने में उप प्रबंधक एचआर डा. आनंद बल्लभ ओली, गणेश पाण्डेय, अजय चौबे, रघुबीर बुधानी, दीपक आंनद, विजय, रमेश पलड़िया आदि शामिल रहे।

## बुजुर्ग की लाश मिली

**हल्द्वानी।** एक बुजुर्ग की लाश बस अड्डे के पास लावारिश हालत में पाई गई। शिनाख्त के बाद परिजनों ने पोस्टमार्टम न कराने की प्रार्थना की, जिसके बाद शव उन्हें सौंप दिया गया। पुलिस के मुताबिक 70 वर्षीय शाकिर बनभूलपुरा के रहने वाले थे। वह पिछले 40 सालों से अपने परिवार से अलग होकर खानाबदोश की तरह जीवन जी रहे थे। सोमवार को उनकी लाश बस अड्डे के पास पड़ी मिली, लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मॉर्चरी भेज दिया। जांच में यह पता चला कि शाकिर का भाई अकील अहमद बनभूलपुरा में रहता है। इसके बाद परिजनों को सूचित किया गया। परि. जनों ने एसडीएम से पोस्टमार्टम न कराने की प्रार्थना पत्र दिया, जिसके बाद शव को बिना पोस्टमार्टम के उनके सुपुर्द कर दिया गया।

# सड़क चौड़ीकरण की धीमी गति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में सड़क चौड़ीकरण कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है। चौड़ीकरण के जद में आ रहे कुछ

## एडीएम ने किया कार्य का निरीक्षण

दुकानदारों जहा स्वयं दुकान हटा रहे हैं, वहीं कुछ दुकानदारों ने अभी भी नहीं हटाया है जिसकी वजह से सड़क चौड़ीकरण के कार्य में विलम्ब हो रहा है। सोमवार को अपर जिला. धिकारी विवेक राय ने सिंधी चौराहे से लेकर सरस बाजार तक चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क के दोनों ओर नपाई की गई। अपर जिला. धिकारी विवेक राय ने बताया कि सड़क के दोनों ओर डिवाइडर से



12-12 मीटर तक चौड़ीकरण किया जाना है। अधिकांश दुकानदारों ने प्रशासन को सहयोग दिया है, लेकिन कुछ दुकानदार ऐसे है जिन्होंने न तो स्वेच्छा से हटना स्वीकारा और न ही प्रशासन को कोई सहयोग दिया। ऐसे मामलों में अधिकांश विवाद न्यायालय में लंबित है जिस कारण कार्य में विलंब हो रहा है। उन्होंने कहा कि जो दुकानदार सहयोग नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित के इस कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारना और नागरिकों को बेहतर सुविधा प्रदान करना है। इस दौरान एसडीएम परितोष वर्मा, नगर आयुक्त ऋचा सिंह सहित लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### आईफोन की मांग पूरी न होने पर बेटी ने पिता को दी खुदकुशी की धमकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक बेऔलाद व्यक्ति ने अपनी बेटी को गोद लिया और उसे पालकर बड़ा किया, लेकिन जब बेटी ने 54 हजार रुपये वाले आईफोन की मांग की और पिता ने आर्थिक तंगी के कारण इंकार कर दिया, तो उसने जान देने की धमकी दी। इस धमकी से परेशान पिता सोमवार को पुलिस के पास मदद के लिए पहुंचा। पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी 27 साल की है, जिसे उन्होंने तब गोद लिया था जब उनके पास औलाद नहीं थी। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद उन्होंने बेटी को अच्छी तरह से पाला, लेकिन अब उसकी बड़ी-बड़ी डिमांड्स शुरू हो गई हैं। कुछ दिन से वह आईफोन की मांग कर रही है, जो उनकी आर्थिक स्थिति के हिसाब से पूरा करना मुश्किल है। मांग पूरी न होने पर वह खुदकुशी करने की धमकी दे रही है। पिता को डर है कि बेटी कोई गलत कदम न उठा ले। एसएसपी कार्यालय से पीड़ित को कोतवाली पुलिस के पास भेजा गया, जहां कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि युवती की काउंसलिंग कर उसे समझाया गया।

### हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन सभागार में सोमवार को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष दुर्गा सिंह मेहता की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की एक बैठक आहुत की गयी। बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि हाईकोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा वर्ष 2024-2025 में जारी किये गये नये कार पास ही लेक ब्रिज व अधिवक्ताओं के लिए आरक्षित कार पार्किंगों में मान्य होंगे। इससे पूर्व वर्षों में जारी किये गये कार पासों को निरस्त माना जायेगा। नये कार पास प्राप्त करने हेतु अधिवक्ताओं को 30 अप्रैल 2025 तक का समय निर्धारित की गई है। बैठक का संचालन वीरेन्द्र सिंह रावत महासचिव हाईकोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा किया गया। बैठक में रजत मित्तल वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनन्द सिंह मेर उपाध्यक्ष कुन्दन सिंह बिष्ट उपसचिव मोहित कुमार कोषाध्यक्ष समेत भुवनेश जोशी, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य प्रेम प्रकाश, आयुष गौड़, एवं सुखवानी सिंह कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

### चरस तस्कर को 12 साल का कठोर कारावास

**नैनीताल।** प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम श्री विक्रम की अदालत ने एक किलो चरस के साथ पकड़े गए आरोपी को 12 साल के कठोर कारावास व 1 लाख रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार 16 दिसम्बर 2017 को रेलवे फाटक हल्द्वानी में एक युवक भुवन लाल पुत्र गंगाराम निवासी कुंवरपुर बागजाला गौलापार को पुलिस ने 1 किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया था। इस मामले में पुलिस रिपोर्ट,गवाहों के बयान व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी पूजा साह के तर्कों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को एनडीपीएस एक्ट में दोषी करार देते 12 साल के कठोर कारावास की सजा व 1 लाख रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

# दीर्घकालिक योजनाओं को प्राथमिकता दें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिलाधिकारी वंदना ने सोमवार को हल्द्वानी कैंप कार्यालय में स्प्रिंग एंड रिवर रिजुविनेशन

## जिलाधिकारी वंदना ने जल संरक्षण कार्यों की समीक्षा की

आथोरिटी के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण कार्यों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में जिलाधिकारी ने भूजल की कमी वाले क्षेत्रों में दीर्घकालिक जल संरक्षण योजनाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में जल श्रोतों में वृद्धि और भूजल स्तर में सुधार हो सके। उन्होंने विशेष रूप से कैंची धाम और ओखलकांडा विकास खंड के देवगुरु



पर्वत क्षेत्रों में जल संरक्षण के प्रस्ताव तैयार करने का आदेश वन विभाग को दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि मेला शुरू होने से पहले इन क्षेत्रों में जल सवर्धन कार्यों को पूरा किया जाए। वन विभाग और विकास खण्ड के अधिकारियों को आपसी समन्वय से चाल-खाल और खांतियों का निर्माण करने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने जिले में बने अमृत सरोवरों का निरीक्षण कर जल संचय और सवर्धन की संभावनाओं वाले क्षेत्रों में कार्य करने की बात की। भवाली और भीमताल क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए जन अभियान चलाने की बात भी कही, ताकि इन जल श्रोतों को पुनर्जीवित किया जा सके। बैठक में जिलाधिक. ारी ने यह भी निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में अच्छा कार्य हुआ है, उन लोगों को सम्मानित किया जाए और जहां कार्य में कमी हो, वहां जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया जाए। इसके अलावा, जल संचय कार्यों को बढ़ावा देने के लिए जिलाधिकारी ने होटल, रिजॉर्ट और होमस्टे संचालकों को भी प्रेरित करने की बात कही। आगामी बैठक में प्रत्येक खण्ड विकास अधिकारी को अपने क्षेत्र में किए गए जल संरक्षण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट पीपीटी के रूप में प्रस्तुत करने को कहा गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी चंद्रशेखर जोशी सहित अन्य अधिक. ारी मौजूद रहे।

# वैदिक अध्ययन और भारतीय ज्ञान परंपरा पर व्याख्यान माला



**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**हल्द्वानी।** एमबी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत अनिवार्य पाठ 'वैदिक अध्ययन और भारतीय ज्ञान परंपरा' पर 7 अप्रैल से 12 अप्रैल 2025 तक छह दिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य प्रोफेसर एनएस बनकोटी ने किया।

इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष और संयोजक डा. सुरेश टम्टा ने बताया कि यह व्याख्यान माला स्नातक चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य विषय के रूप में शामिल किया गया है। पहले दिन दिल्ली विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के प्रोफेसर गिरधर गोपाल शर्मा ने वेद की महत्ता और वेद और विज्ञान के संबंध पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने वेदों में वर्णित अग्नि, वायु, जल, भूमि और प्रकृति के साथ-साथ औषधि विज्ञान पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के संचालक डा. ज्योति टम्टा ने सात दिवसीय व्याख्यान माला के अन्य विषयों के बारे में भी जानक. ारी दी। इस कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के 400 से अधिक छात्रों और प्राध्यापकों ने ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से भाग लिया। कार्यक्रम में इतिहास विभाग के सभी सदस्यों, जैसे डा. राजेश कुमार, डा. विमला देवी, डा. महिपाल कुटियाल, डा. दिनेश कुमार, डा. देवेश गरबयाल, डा. विजयलक्ष्मी शर्मा, डा. प्रतिभा शाह, डा. राजेश कुमार, डा. अनुराधा नेगी, डा. हीरा सिंह भाकुनी और डा. नीरज रूपाली ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# दहेज हत्या में आरोपी दोषमुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल के अपर सत्र न्यायाधीश कंवर अमनिन्दर सिंह की अदालत ने दहेज प्रताड़ना और हत्या के आरोप में अभियुक्त सुरेश चंद्र को धारा 304ठ (वैकल्पिक धारा 306) के तहत दोषमुक्त कर दिया। अदालत ने अभियुक्त के खिलाफ लंबित बंध पत्र और जमानत दस्तावेजों को निरस्त करते हुए जमानत पर आए अभियुक्त के जमानतियों को उनके दायित्व से मुक्त कर दिया। मामला



सुरेश चंद्र और उसकी पत्नी भावना देवी उर्फ सरिता के बीच दहेज विवाद से जुड़ा था। रिपोर्टकर्ता रमेश चंद्र ने तहरीर दी थी कि 2016 में भावना का विवाह सुरेश चंद्र से हुआ था, लेकिन शादी के कुछ वर्षों बाद सुरेश और उसके परिवार ने भावना को दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। एक दिन भावना ने अपनी बड़ी बहन से मदद की अपील की, बाद में उसने आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में यह संदेह जताया गया कि भावना की मौत आत्महत्या नहीं, बल्कि हत्या हो सकती है। पुलिस ने सुरेश चंद्र और मृतका के देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। हालांकि, अभियोजन पक्ष के द्वारा प्रस्तुत 11 गवाहों के बयान और साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने यह निष्कर्ष निकाला कि अभियुक्त के खिलाफ कोई ठोस प्रमाण नहीं हैं और उसे दोषमुक्त कर दिया। बचाव पक्ष ने यह दावा किया कि मृतका ने परिवार से अलग रहने की जिद की थी और अंततः उसने आत्महत्या कर ली। अदालत ने मृतका के देवर के खिलाफ भी कोई पर्याप्त साक्ष्य न मिलने पर उन्हें आरोपित नहीं किया। इस मामले में पूरी पैरवी अधिवक्ता पंकज कुलौरा ने की।

## दहेज उत्पीड़न का केस

**काशीपुर।** एक व्यक्ति ने अपनी बेटी के ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। आईटीआई थाना पुलिस को दी तहरीर में बरखेड़ा पांडे निवासी नंदकिशोर ने बताया कि 11 मई 2022 को उनकी बेटी का विवाह पैगा निवासी सचिन के साथ हुआ था। विवाह के बाद ससुरालियों ने बेटी से एक कार और 2 लाख रुपये की मांग की, जिसे पूरा नहीं करने पर उसे घर से निकाल दिया। बाद में पंचायत के माध्यम से बेटी को वापस घर लाया गया। 31 जनवरी 2025 को ससुरालियों ने बेटी को जहरीला पदार्थ खिलाकर उसकी जान लेने की कोशिश की। हालत बिगड़ने पर पति सचिन ने उसे एलडी भट्ट चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां से हायर सेंटर रेफर किया गया, लेकिन सचिन उसे हायर सेंटर ले जाने की बजाय अपने घर ले गया।

# राम नवमी पर भजन कीर्तन

**नैनीताल।** राम नवमी के अवसर पर पैलेस रिजॉर्ट सोसाइटी मल्लीताल नैनीताल में मातृशक्ति द्वारा सुंदरकांड और माता के भजन कीर्तन का सफलता पूर्ण आयोजन किया गया जिसमें सोसाइटी के अलावा आस पास के लोगों ने भी अपना सहयोग दिया तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान मैया के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। आयोजन को सफल बनाने में सुनीता राणा, जानकी, दीक्षा भट्ट, हेमा पांडे, हेमा रावत, मधु दरम्वाल, सुलेखा, स्नेहलता उपाध्याय, मोहिनी, सरिता बिष्ट, प्रेम मेहरा, पूनम चौहान, मुन्नी देवी आदि उपस्थित रही।

## पैदल पुल की मांग को लेकर बागेश्वर में ग्रामीणों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** कपकोट तहसील के बैसानी गांव के ग्रामीणों ने सोमवार को जिला मुख्यालय पर पैदल पुल की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना था कि एक साल पहले गांव में पुल निर्माण के लिए आंगणन तैयार किया गया था, लेकिन कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया है। निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य रेखा देवी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा, जिसमें ग्वाड़बगड आंगनबाड़ी केंद्र के पास पैदल पुल की मांग की गई। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दिनों में बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंचाना मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा, पुल के अभाव में पहले भी जनहानि हो चुकी है।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# नगर निगम ने खाली कराया अंबेडकर पार्क

## पार्क से हटने के बाद सड़क पर लगाई ठेलियां, पुलिस ने वहां से भी खदेड़ा


नगर निगम द्वारा ठेली वालों से खाली कराया गया अंबेडकर पार्क।


सड़क पर लगाई ठेलियों को जब्त करती पुलिस।

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** नगर निगम द्वारा वेंडिंग जोन पूरी तरह से तैयार न कर दुकानें आवंटित कर देने का खामियाजा आज कई ठेली वालों को भुगतना पड़ा। दलित समाज के धरने के बाद बीती शाम महापौर और नगर आयुक्त ने सभी ठेली वालों से अंबेडकर पार्क को खाली कर गांधी पार्क के बाहर दुकानें लगाने का फरमान सुनाया था, जिसके बाद सोमवार को ठेली वाले गांधी पार्क के बाहर सड़क के किनारे ठेली लगाने लगे। जिस पर कोतवाल के नेतृत्व में भारी फोर्स मौके पर पहुंची और सभी ठेली वालों को यातायात व्यवस्था का हवाला देकर जबरन मार्ग से खदेड़ दिया। कोतवाल ने स्पष्ट रूप से कहा कि ठेली वाले वेंडिग जोन में ही अपना कारोबार करें। इसको लेकर सभी ठेली स्वामियों में भारी रोष व्याप्त है।


बता दें कि गत दिवस अम्बेडकर पार्क में किए गए धरना प्रदर्शन के दौरान रोषित लोगों ने मेयर विकास शर्मा व नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल से मांग की थी कि अम्बेडकर पार्क को ठेली वालों से मुक्त कराकर पार्क का सौन्दर्यीकरण कराया जाए। जिसके बाद उन्हें आश्वस्त किया गया था कि अम्बेडकर पार्क को ठेली कारोबार से मुक्त करा दिया जाएगा। निगम प्रशासन ने अम्बेडकर पार्क में लगने वाली सभी ठेली स्वामियों को वेंडिंग जोन में काम पूरा होने तक ठेलियों को पार्क में न खड़ा कर गांधी पार्क के बाहर सड़क पर खड़ा करने को कहा था। आज सोमवार को जब ठेली गांधी पार्क के बाहर सड़क पर लगने लगी तो इसकी जानकारी मिलने पर कोतवाल मनोज रतूड़ी व एसएसआई ललित मोहन रावल के नेतृत्व में पुलिस फोर्स मौके पर आ पहुंचा और सड़क पर यातायात व्यवस्था सुचारू रहने का हवाला देकर सभी ठेली स्वामियों को तुरंत ठेली हटाने का फरमान जारी कर दिया।

जब ठेली स्वामियों ने उनसे नगर निगम अधिकारियों के आदेश का हवाला देकर बहस शुरू की तो कोतवाल ने मुनादी करवा कर सभी से ठेली तत्काल हटाने को कहा। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने सख्ती से ठेली हटवानी शुरू कर दी, जिससे ठेली कारोबारियों में भारी रोष व्याप्त हो गया। उनका कहना था कि वेंडिंग जोन में अभी बिजली, शौचालय आदि की व्यवस्थाएं अपूर्ण है। जिस कारण वह वहां कारोबार शुरू नहीं कर सकते हैं और उन्हें यहां से जबरन हटाया जा रहा है, जिससे उनके समक्ष रोजी रोटी का संकट आ खड़ा हुआ है।

## पत्रकार के अधिवक्ता भाई के निधन पर जताया शोक

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** पत्रकार प्रदीप श्रीवास्तव के काशीपुर निवासी चचेरे भाई अधिवक्ता पवन कुमार वर्मा उर्फ बन्टी (45) का बीते दिन अचानक निधन हो गया। उनके निधन पर मीडिया कर्मियों ने सोमवार को मोहल्ला जटवारा स्थित कार्यालय पर शोक सभा का आयोजन किया। इस दौरान मृतक के प्रति शोक व्यक्त कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और उनकी आत्मा शांति के लिए प्रार्थना की। वहां नीरज कुमार, वसीम अहमद, महेंद्र राही, सुखवीर सिंह संधू, मुनीश चौहान, दीपक कुमार, नदीम अहमद, रईस अहमद, विजय जोशी, शरीफ खान पत्रकार आदि मौजूद रहे।



# ब्लाक प्रमुख पति सहित एक दर्जन लोगों पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**किच्छा।** लालपुर टोल प्लाजा पर गत रात घटी टोल कर्मियों से मारपीट की घटना के बाद टोल कर्मी की तहरीर और एसएसपी के कड़े निर्देश के बाद पुलिस ने भाजपा नेता विपिन जल्होत्रा सहित एक दर्जन लोगों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

टोल प्लाजा पर ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी अनमोल कुमार सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि छह अप्रैल की रात करीब 12:18 बजे की है, जब बिना टोल दिए निकल रहे वाहन संख्या UK06BB-1800 को रोकने का प्रयास किया तो वाहन में सवार करीब 10-12 लोग, जिनमें भाजपा नेता विपिन जल्होत्रा और नगर पंचायत लालपुर के चेयरमैन का बेटा भी शामिल था, ने टोल कर्मियों से गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद आरोपियों ने टोल बिल्डिंग में जबरन घुसकर न सिर्फ कैश रूम में तोड़फोड़ की, बल्कि कर्मचारियों को जमीन पर गिराकर लात-घूंसे मारते रहे। यह पूरी वारदात टोल प्लाजा के सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। टोल कर्मियों के मुताबिक हमलावरों का यह काफिला करीब आधा दर्जन गाड़ियों में मौके पर पहुंचा था और सबके पास हथियारनुमा डंडे व अन्य सामान थे। भाजपा नेता की मौजूदगी में ही कर्मचारियों को अंदर खींच-खींच कर पीटा गया और टोल कार्यालय का गेट बंद कर अंदर तांड़व मचाया गया। घटना के बाद टोल कर्मी अनमोल कुमार सिंह की तहरीर पर थाना किच्छा में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने भाजपा नेता विपिन जल्होत्रा, नगर पंचायत लालपुर के चेयरमैन के पुत्र सहित 12 नामजद आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धारा 115(2) (गंभीर अपराध का प्रयास), 119 (लोकसेवक को डराने/रोकने के लिए बल प्रयोग), 324(4) (खतरनाक हथियार से चोट पहुंचाना), 331(3) (लोक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना) और 352 (आपराधिक बल प्रयोग) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। एसएसपी मणिकांत मिश्र के निर्देश पर मामला दर्ज होते ही जांच टीम गठित कर दी गई है। वहीं पुलिस प्रशासन ने दावा किया है कि सभी आरोपियों की पहचान हो चुकी है और जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# मेरी छवि को किया जा रहा है बदनाम: विपिन जल्होत्रा



शाह टाइम्स संवाददाता

**किच्छा।** लालपुर-देवरिया टोल प्लाजा पर एक मारपीट का वीडियो वायरल हुआ। इसमें दिखाया जा रहा है कि कुछ भाजपा के पदाधिकारियों द्वारा टोल प्लाजा में कार्यरत अधिकारियों के साथ मारपीट की जा रही है। यह वीडियो टोल प्लाजा पर लगे कैमरों की सीसीटीवी फुटेज से निकाली गई है। जिसमें ब्लॉक प्रमुख पति विपिन जल्होत्रा और लालपुर नगर पंचायत की अध्यक्ष के पुत्र को मारपीट करते हुए दिखाया जा रहा है। इस मामले को लेकर ब्लॉक प्रमुख पति विपिन जल्होत्रा ने बताया कि यह आरोप सरासर गलत है, जो गाड़ी टोल टैक्स से गुजर रही थी उस पर फास्ट ट्रैक लगा हुआ था किसी कारण बस फास्ट ट्रैक से टोल टैक्स शुल्क नहीं कट पाया था। जिसको लेकर टोल प्लाजा पर कार्यरत अधिकारी ने नगर पंचायत अध्यक्ष के पुत्र अमृतपाल सिंह से अभद्र भाषा का प्रयोग किया था, जिसको लेकर यह मामला तूल पड़ गया। और दोनों पक्षों में हाथापाई होने लगी। इस दौरान कुछ देर बाद वह अपनी गाड़ी के साथ टोल टैक्स लालपुर पर पहुंचते हैं और मामले को शांत करने की कोशिश करते हैं।

ब्लॉक प्रमुख पति विपिन जल्होत्रा का कहना है कि इस दौरान हुई घटना का वीडियो टोल टैक्स के अधिकारियों के द्वारा अलग-अलग काटकर एक तरफा दिखाया गया है, जिसमें मुझे और नगर पंचायत अध्यक्ष के पुत्र को दोषी ठहराने की को. शिश की गई है।

उनका कहना है कि इस मामले की सही से जांच होनी चाहिए। अगर किसी भी प्रकार की ऐसी घटना भविष्य में कोई घटना भाजपा कार्यकर्तायों एवं उनके क्षेत्र की जनता के साथ होती है तो वह हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे। उनके साथ हो रहे अन्याय को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि इस घटना की जांच सही तरीके से नहीं होती है तो वह इस घटना को लेकर सीएम पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात करेंगे और इस घटना को लेकर गंभीरता से चर्चा करेंगे। इस घटना में दोषी पाए जाएंगे उन्हें सजा दिलाने का काम करेंगे।

# चोर ने मंदिर से उड़ाया दान पात्र

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैंप वार्ड 3 सी ब्लॉक स्थित शिव काली मंदिर का कुंडा खोल अज्ञात चोर ने मंदिर से हजारों की नगदी से भरा दानपात्र चोरी कर लिया। चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। फुटेज के आधार पर पुलिस ने चोर की तलाश शुरू कर दी है।

ट्रांजिट कैंप वार्ड 3 सी ब्लॉक स्थित शिव काली मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मानस बैरागी ने बताया कि मंदिर में रोज की तरह सोमवार प्रातः करीब 8 बजे गायत्री सरकार पूजा अर्चना करने के लिए आई तो उसने मंदिर में स्थापित दानपात्र गायब था। इसकी जानकारी उसने तुरंत उन्हें दी। मानस ने बताया कि वह मंदिर कमेटी के कृष्णा साह व विश्वजीत मंडल आदि के साथ मंदिर पहुंचे तो देखा मंदिर से दानपात्र गायब था। उन्होंने बताया कि दान पात्र में लगभग 10 हजार रुपये की राशि मौजूद रही होगी।




उन्होंने बताया कि मंदिर का दरवाजा बन्द कर उसमें हमेशा कुंडा लगा दिया जाता था। तड़के लगभग 4 बजे अज्ञात चोर ने मंदिर के दरवाजे का कुंडा खोला और दानपात्र चोरी कर ले गया। चोरी की सारी घटना समीप लगे सीसीटीवी केमरे में कैद हो गई है। श्री बैरागी ने बताया कि मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। फुटेज के आधार पर पुलिस ने चोर की तलाश शुरू कर दी है।

## एक नजर

### भाजपा का शासन देश के लिए गौरवपूर्ण शासन: श्रीकांत

शाह टाइम्स संवाददाता

**किच्छा।** भारतीय जनता पार्टी के 46 वें स्थापना दिवस पर भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीकांत राठौर ने अपने परिवार के साथ निवास एवं कार्यालय पर भाजपा का झंडा फहराते हुए कहा भाजपा का शासन गौरव पूर्ण शासन है।




नगर के वार्ड नंबर 11 में भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीकांत राठौर ने पत्नी गीता राठौर एवं पुत्री नैंसी राठौर व परिवार के तमाम सदस्यों के साथ भाजपा के 46 वें स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाते हुए भाजपा के झंडे के नीचे सेल्फी ली। इस मौके पर श्रीकांत राठौर ने कहा कि भाजपा ने राष्ट्र सेवा, जनकल्याण और राष्ट्रवाद की विचारधारा के प्रति समर्पित रहकर एक इतिहास रचा है। इतिहास में भारतीय जनता पार्टी का गौरवपूर्ण कार्यकाल दर्ज रहेगा है। गीता राठौर ने कहा कि भाजपा शासन काल में महिलाओं को आत्म सम्मान मिला तथा आत्मनिर्भर बनी महिलाओं के उत्थान के लिए केंद्र एवं राज्य की सरक. ारों ने तमाम कल्याणकारी योजना चला कर महिलाओं को समझ में कंधे से कंधा मिलाकर चलने का अवसर प्रदान किया है।

### राजकीय मेडिकल कॉलेज रुद्रपुर को मिला नर्सिंग स्टॉफ

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** विधायक शिव अरोरा ने कहा कि प्रदेश में भर्ती प्रक्रिया को सख्त नकल विरोधी कानून लाकर पारदर्शी बनाने वाले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व मे लगातार प्रदेश में विभिन्न विभागों में भर्ती कराई जा रही है।



**विधायक अरोरा ने 245 नर्सिंग स्टाफ को सौंपे नियुक्ति पत्र**

सोमवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज रुद्रपुर में भी 245 नर्सिंग स्टॉफ को विधायक शिव अरोरा द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपे गए। विधायक ने कहा कि धामी सरकार के आने के बाद से लगातार विभागों में रिक्त पड़े पदों को भरने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में मेडिकल कॉलेज में 245 नर्सिंग स्टॉफ की नियुक्ति से स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर होंगी और हमारा जो संकल्प है 2026 में मेडिकल कॉलेज में कक्षा प्रारम्भ करने का उस दिशा में भी आगे बढ़ने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। विधायक अरोरा ने सभी नर्सिंग स्टाफ को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके सहयोग से स्वास्थ्य क्षेत्र में मरीजों को बेहतर ढंग से सुविधाएं मिलेंगी। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल केदार शाही, सीएमओ केके अग्रवाल, पीएमएस डा. आर सिन्हा, पार्षद गिरीश पाल, मयंक कक्कड़ व अन्य स्टॉफ मौजूद रहा।

# सचिव वित्त ने की समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की समीक्षा

- यूसीसी रजिस्ट्रेशन में आ रही व्यावहारिक एवं तकनीकी समस्याओं के संबंध में चर्चा की



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** डॉ. वी. षणमुगम, सचिव वित्त/महानिबंधक, उत्तराखण्ड समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की अध्यक्षता में एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डॉ. वी. षणमुगम ने उपस्थित सभी अधिकारियों से यूसीसी रजिस्ट्रेशन में आ रही व्यावहारिक एवं तकनीकी समस्याओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने सॉफ्टवेयर में आ रही समस्याओं के क्रम में कहा कि आईटीडीए द्वारा निर्मित सॉफ्टवेयर का सरलीकरण किया जा रहा है ताकि आम जनमानस द्वारा इसका आसानी से इस्तेमाल किया जा सके साथ ही कुछ समस्याएं ऐसी भी थी जो अभी भी शासन स्तर पर प्रक्रिया के तहत लंबित है।

उन्होंने कहा कि हमें रजिस्ट्रेशन की जांच के दौरान जरूरी एवं मूलभूत दस्तावेजों का गहन अवलोकन करना चाहिए ताकि हम कानूनी ढांचे के अनुरूप कार्य कर सकें परंतु मूलभूत दस्तावेजों में किसी भी प्रकार की कमी होने पर आवेदक से बात कर वैकल्पिक सहायक दस्तावेजों को भी महत्वता देनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि ग्राम विकास अधिकारी व अन्य अधिकारी जनता के पास जाऐ व इस कानून की महत्वता के बारे में समझाएं ताकि अधिक से अधिक लोग जागरूक हो सके। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि यूसीसी के रजिस्ट्रेशन को हमें सरल बनाना है जिससे कि आम जनमानस को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि यूसीसी अभी सब के लिए नया है इसलिए सभी अधिकारीगण आपसी सामंजस्य बनाकर चले ताकि नियमों की सही से व्याख्या की जा सके।

उन्होंने कहा कि नये नियम कहीं न कहीं जनसाधारण को परेशान करते है लेकिन हमें जनसाधारण को यूसीसी रजिस्ट्रेशन के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ उनकी मदद भी करनी है। उन्होंने कहा कि हमें अधिक से अधिक यूसीसी का प्रसार एव प्रचार करना है ताकि लोगों को इससे होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराया जा सके। साथ ही उन्होंने जल्द से जल्द सभी सरकारी कर्मचारियों को यूसीसी का रजिस्ट्रेशन पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने बताया कि अधिक से अधिक सीएससी सेंटर लगाए जा रहे हैं ताकि ज्यादा लोग रजिस्ट्रेशन करवा सके साथ ही साथ हर एक कार्यक्रम में यूसीसी का प्रचार एवं प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही जनपद द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर लिया जाएगा।

बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, अशोक कुमार जोशी, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, मनीष बिष्ट, अभय प्रताप सिंह, डा. अमृता शर्मा , रवीन्द्र कुमार जुआटा, ओसी गौरव पाण्डेय व अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### आयुध कोर के सैनिकों ने मनाया 250 वां स्थापना दिवस

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** आयुध कोर के पूर्व सैनिकों ने सितारगंज रोड स्थित एक निजी होटल में 250 वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। इस अवसर पर आयध कोर के पूर्व सैनिकों ने वीर शहीद सैनिकों के त्याग, बलिदान और योगदान को याद करते हुए उनको नमन किया तथा उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आयुध कोर के गौरवशाली इतिहास को याद किया गया। इस दौरान सूबेदार मेजर एमडी अवस्थी, सूबेदार धन सिंह, प्रेम सिंह, गोविंद सिंह, आरएस भंडारी, विक्रम चंद, लक्ष्मण चंद, केएन कापड़ी, राजेंद्र सिंह, पुष्कर भंडारी तथा आरएस भंडारी आदि उपस्थित रहे।




# 'मेरे सपने' टैलेंट शो का विधायक ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ






शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** 'मेरे सपने' टैलेंट शो में डांसिंग सिंगिंग और पोएट्री प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक आदेश चौहान द्वारा मां सरस्वती वंदना के पश्चात दीप प्रज्वलित करके किया गया।

कार्यक्रम की संयोजक पीएस माही के द्वारा क्षेत्र की दबी कुचली प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए एक प्रयास किया गया, जिसमें गरीब घरों के बच्चे जिनमें अनेकों टैलेंट छुपे हुए हैं, लेकिन अपनी प्रतिभाओं के लिए उन्हें कोई मंच नहीं मिलता है, इसी को दृष्टिगत रखते हुए पीएस माही द्वारा एक मंच दिया गया, जिसमें क्षेत्र के व बाहर आसपास क्षेत्र से आए प्रतिभागियों द्वारा अपनी-अपनी प्रतिभाओं को बेहतर तरीके से मंच पर प्रस्तुति किया गया जिसे देखकर मौके पर मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर उनका उत्साह वर्धन किया।

आयोजक पीएस माही द्वारा बताया गया कि जसपुर में कोजी ब्यूटी एकेडमी/कोजी ब्यूटी वर्ल्ड की संचालिका/को-फाउंडर/ वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर नसरीन चौधरी मेरी मार्गदर्शक व प्रेरणा स्रोत हैं। प्रथम उन्होंने ही मेरे मन मेरे हुनर को पहचान कर मुझे जसपुर जैसे छोटे शहर में बड़ा मंच दिया, जिसके परिणाम स्वरूप आज मैं यह बड़ा प्रयास करने की हिम्मत जुटा पाई। इसके लिए जिन जिन नागरिकों ने मेरी सहायता वह मेरा मार्गदर्शन किया हैं मैं उन सभी का आभार व्यक्त करती हूं और भविष्य में भी आगे इस तरह का प्रोग्राम ऑर्गेनाइज करने किया प्रयास करती रहूंगी।

डॉक्टर नसरीन चौधरी द्वारा भी आयोजकों के प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। आयोजकों द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर दिव्यांग बच्चों का प्रोग्राम सबके लिए प्रेरणा स्रोत बना, जिसके लिए क्षेत्रीय विधायक ने भी दिव्यांग बच्चों की प्रशंसा की। प्रोग्राम में दर्जा राज्य मंत्री सायरा बानो, भीम आर्मी के प्रदेश पदाधिकारी शाने मलिक, राजा मलिक, संजय राजपूत, गजेंद्र सिंह चौहान, अन्नू , मनीषा, एश्वर्य खान, वैशाली,कूमकूम, वर्षा, अंजलि, नगमा, आरजू के अलावा सैकड़ों प्रतिभागी मौजूद रहे।

# नानकमत्ता पुलिस ने स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

- पकड़े गए नशा तस्कर के विरुद्ध आठ अभियोग हैं पंजीकृत
- कुख्यात नशा तस्कर चमकौर सिंह उर्फ चमकी को पुलिस पूर्व में ही भेज चुकी है जेल



**पकड़ा गया नशा तस्कर कुख्यात नशा तस्कर चमकौर सिंह उर्फ चमकी का है पार्टनर**

**नानकमत्ता।** लाखों रुपये कीमत की हीरोइन के साथ पकड़ा गया। आरोपी बूटा सिंह पुत्र दलीप सिंह निवासी ग्राम हरैया बिचई तराई में स्मैक का नशा कारोबार फैलाने वाले नशा तस्कर चमकौर सिंह उर्फ चमकी का पार्टनर है। जिसने नानकमत्ता क्षेत्र में सबसे पहले स्मैक का नशा फैलाया। आरोपी ने पहाड़ी जनपदों के नशा तस्करों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी है। पुलिस स्मैक बेचने वाले फरार नशा तस्करों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही जल्द अमल में लाई जाएगी।

शाह टाइम्स संवाददाता

**नानकमत्ता।** नशे के विरुद्ध छेड़े गए अभियान के तहत पुलिस की टीम ने एक नशा कारोबारी को भारी मात्रा में लाखों रुपये कीमत के मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है।

सोमवार को जनपद उधम सिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि नानकमत्ता थानाध्यक्ष उमेश कुमार के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में पैदल गश्त व पेट्रोलिंग किए जाने हेतु कई टीमें गठित की गई थीं। इसी क्रम में पुलिस टीम द्वारा ग्राम बिचई में चेकिंग व पेट्रोलिंग की कार्यवाही की जा रही थी, तभी टीम को सूचना प्राप्त हुई कि एक नशा तस्कर बूटा सिंह जो जनपद चंपावत के लोहाघाट थाने से वांछित चल रहा है, जो अपने गांव में आया हुआ है। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल गांव को चारों ओर से घेरकर कार्यवाही की गई तो कुख्यात नशा तस्कर बूटा सिंह पुत्र दलीप सिंह निवासी ग्राम हरैया बिचई को लगभग 80 ग्राम अवैध स्मैक ( हीरोइन)के साथ गिरफ्तार किया गया।

आरोपी ने पूछताछ करने पर बताया कि जब से पुलिस ने नशा तस्करों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की है तो वह कुछ समय के लिए राजस्थान भाग गया था और अभी कुछ समय पहले ही वहां से वापस आया था। आरोपी के विरुद्ध आठ अपराधी अभियोग पंजीकृत हैं। पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक संजय सिंह, अपर उप निरीक्षक कृपाल सिंह, मुख्य आरक्षी अजीत सिंह, सिपाही प्रकाश आर्या, धनराज सिंह, शुभम सैनी, महिला सिपाही बबीता शामिल है।

### नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने किया विभिन्न कार्यों का लोकार्पण

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष और क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य के द्वारा ग्राम सभा हरसान गोरी छाल शिव दुर्गा मंदिर में पांच लाख की धनराशि का सौंदर्यीकरण, ग्राम नई आबादी मां दुर्गा मंदिर में पांच लाख से हुए सौंदर्यीकरण का लोकार्पण किया। वहीं विधायक ने पांच लाख की लागत से हॉल बनाने की घोषणा की। ग्राम तोता बेरिया में नवनिर्मित 11 लाख की धनराशि का गुरुद्वारा का शुभारंभ फीता काटकर किया। समस्त ग्राम वासियों ने नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य का जोरदार स्वागत किय। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि डीके जोशी, सुरेश चंद पांडे, भगवान सिंह नेगी, बाल लाल सिंह, केसर राम आर्य, जगदीश टम्टा, महेश आर्य, संतोष सिंह, हरदीप सिंह, हरबंस राजू, सुखवंत सिंह, नितिन बिष्ट, प्रमोद जोशी, विश्वजीत प्रधान, भजन सिंह, जीत सिंह, रोशन शर्मा, बख्शीश सिंह, सतपाल सिंह, संतोष सिंह, रवि सिंह, सोबन सिंह, नवीन, ओमप्रकाश, गुरचरण सिंह, कश्मीर सिंह, भूपेंद्र बेदी, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।



# नई ई-राशन वितरण व्यवस्था को लेकर विधायक से मिले सस्ता गल्ला विक्रेता

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** राशन वितरण की नई व्यवस्था लागू करने से पहले सस्ता गल्ला विक्रेता कल्याण समिति के सदस्यों ने डीलरों को प्रशिक्षण देने की बात कही। उन्होंने खाद्यान्न एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री को संबोधित ज्ञापन क्षेत्रीय विधायक आदेश कुमार चौहान को सौंपा।

सस्ता गल्ला विक्रेता कल्याण समिति के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में क्षेत्र के सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने विधायक आदेश कुमार चौहान से मुलाकात की। खाद्यान्न एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री को अपनी मांगों से संबोधित ज्ञापन विधायक को सौंप कर कहा कि राशन वितरण की ई-पाश मशीन की व्यवस्था का वह स्वागत करते हैं, परंतु क्यूंकि यह वितरण वाली व्यवस्था नहीं है इसके तहत ही कॉर्ड धारकों को तौल मशीन से राशन दिया जाना है। इसे समझने में डीलरों को समय लग सकता है।

बिना प्रशिक्षण मशीन से गलती हो सकती है। इस बार राशन डीलर कार्ड धारक अप्रैल का राशन सुचारू रूप से बांट नहीं पाएंगे। उन्होंने मशीन का प्रशिक्षण दिए जाने, सरकारी गोदाम से वारदाना सहित 50 किलो बजन और खाली कट्टों का वजन दिए जाने, तौल की लदाई-ढुलाई का भाड़ा दिए जाने की मांग की। यहां पर प्रदीप बंसल, नितिन कुमार, शाहना बेगम, अरविंद कुमार, अजीम अजहर, विपिन कुमार चौहान आदि गल्ला विक्रेता मौजूद रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र की अपमानजनक टिप्पणी से दलित समाज में भड़का आक्रोश

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत द्वारा विगत दिनों दलित समाज पर की गई अपमानजनक टिप्पणी से दलित समाज में भारी आक्रोश है। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत द्वारा बोले गए अपशब्दों और अपमानजनक टिप्पणी से भड़के दलित समाज के लोगों ने अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट के माध्यम से उत्तराखंड मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन प्रेषित किया। आक्रोशित दलित समाज के लोगों ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री की अपमानजनक टिप्पणी से दलित समाज के लोगों के सम्मान को काफी ठेस पहुंचा है। दलित समाज के लोगों ने ज्ञापन प्रेषित कर पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत द्वारा बोले गए अपशब्दों को वापस लेने, दलित समाज से माफी मांगने और मामले में उचित कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन में उत्तम कुमार, प्रेमचंद, रामस्वरूप अमरनाथ तथा टेल सिंह आदि के हस्ताक्षर थे।

दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन व समाचार के लिए संपर्क करें।
9759273715
rudrapurst2020@gmail.com

## महाविद्यालय में मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में 79 यूके बटालियन एनसीसी इकाई द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। एनसीसी बटालियन के आदेशानुसार एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ.डीएन जोशी द्वारा सामाजिक सेवा एवं सामुदायिक विकास गतिविधि के अन्तर्गत स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य प्रो.एमसी पाण्डे ने स्वास्थ्य को प्रत्येक व्यक्ति के लिए अति महत्वपूर्ण कहा। उन्होंने कैडेट्स से आत्मानुशासन, नियमित दिनचर्या एवं व्यायाम को अपने जीवन में धारण करने की बात कही। यहां डॉ. मुरलीधर कापड़ी, डीएन जोशी , एनसीसी कैडेट्स,योग विद्यार्थी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक किया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सोमवार को जिला अस्पताल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

गोष्ठी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव योगेन्द्र कुमार सागर ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ नागरिक ही देश के विकास में सक्रिय योगदान दे सकता है, जबकि अस्वस्थ व्यक्ति न तो अपने परिवार, न समाज और न ही देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभा सकता है। उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठाने की सलाह दी। सीएमओ डा. केके अग्रवाल ने नियमित व्यायाम व संतुलित आहार के महत्व पर बल दिया। गोष्ठी में एसीएमओ डा. हरेन्द्र मलिक, डा. पंकज माथुर, डा. हितेश, एनएचएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक हिमांशु सहित चिकित्सालय का स्टाफ, पैनल अधिवक्ता, वालंटियर आदि थे।

# निजी अस्पताल में महिला की मौत

- परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगा काटा हंगामा
- परिजन बोले अस्पताल में पहले ही हो गई थी महिला की मौत, फिर भी नहीं दे रहे थे शव
- इलाज के नाम पर तीन लाख रुपये भी लिए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर के द न्यूरो सेंटर हॉस्पिटल में डॉक्टर की लापरवाही से महिला की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। साथ ही परिजनों का कहा है कि महिला की मौत पहले ही हो चुकी थी, लेकिन फिर भी परिजनों को यह बताया गया कि महिला का इलाज जारी है। परिजनों ने कहा कि उनसे डॉक्टरों ने लगभग तीन लाख रुपये ले लिए।

बताया जा रहा है कि सुमन (28) पत्नी नरेंद्र का यूपी के वार्ड नं.1 कस्बा राजपुर में मायका है। वहीं यूपी के ही दनियापुर की ससुराल है। परिजनों ने आरोप लगाया कि महिला की मौत के बाद निजी अस्पताल ने मृत हो चुकी महिला को सुशीला तिवारी अस्पताल में रेफर कर दिया। परिजनों ने कहा कि उनसे तीन लाख रुपये भी ले लिए, जबकि महिला की पहले ही मौत हो चुकी थी। महिला के दो छोटे मासूम बच्चे हैं। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने अस्पताल पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने मुआवजे की मांग की है। घटना की सूचना पर भाजपा नेता राधेश शर्मा भी मौके पर पहुंचे। परिजनों को न्याय देने की मांग की।

हंगामें की सूचना पर पुलिस भी अस्पताल आ गई। द न्यूरो सेंटर हॉस्पिटल में डॉक्टर की लापरवाही से लड़की की मौत की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा भी मौके पर पहुंचे और परिजनों से वार्ता की।

# प्रतियोगिताओं का विधायक ने किया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** आयोजित खेल प्रतियोगिता का विधायक द्वारा शुभारंभ किया गया तथा खेल में प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ियों से परिचय किया।

सोमवार को मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी योजना के अंतर्गत बालक वर्ग की प्रतियोगिताओ का शुभारंभ विधायक गोपाल सिंह राणा द्वारा किया गया। बालक वर्ग में 600 मीटर दौड़, 6 10 शटल रन, 30 मी फ्लाइंग रन, मेडिसिन बॉल थ्रो, स्टैंडिंग ब्रॉड जंप, फॉरवर्ड बैंड रीच प्रतियोगिताएं न्याय पंचायत स्तर एवं नगर पंचायत स्तर की अलग-अलग आयोजित की गई। इस योजना में प्रत्येक प्रतिभागी ने समस्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। समस्त प्रतियोगिताओं के प्राप्त गुणांक के आधार पर प्रत्येक वय वर्ग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त बच्चे विकासखंड स्तर पर प्रतिभाग करेंगे।

प्रतियोगिताएं न्यू लाइट स्कूल के खेल प्रांगण में की गई स्कूल के फिजिकल टीचर किशन चौहान की देखरेख में सभी निर्णायक शिक्षकों द्वारा पारदर्शिता के साथ प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन कर रहे खिलानंद अटवाल ने छात्र-छात्राओं के आधार कार्ड की समस्या से विधायक को अवगत कराया। संकुल प्रभारी जसौद मेहता ने सफलतापूर्वक व पारदर्शिता से प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने के लिए सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया । साथ ही सभी टीम प्रभारियों को अवगत कराया कि न्याय पंचायत स्तर/नगर पंचायत स्तर पर समस्त वय वर्ग के प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राएं विकासखंड स्तर पर आठ अप्रैल 2025 को बालक वर्ग व नौ अप्रैल 2025 को बालिका वर्ग की प्रतियोगिताएं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सितारगंज में आयोजित होंगी। प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने के लिए कुंवर सिंह राणा, निमाई चंद्र माझी, हिमाचल कुमार, खजान, सिंह,पुष्पेंद्र कटियार, राम सिंह यादव, मोहित राणा ,पवन कुमार, लीला रौतेला, नीलम रानी,रेनू, निर्मल सिंह, जितेंद्र राणा, नवीन पांडे आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# अवैध कच्ची शराब के खिलाफ गरजे बजरंग दल कार्यकर्ता

- मुख्य चौक पर दिया धरना, मार्ग पर लगा लंबा जाम
- जाम में फंसे रहे डीएम व सीडीओ के वाहन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** कच्ची शराब के खिलाफ नगर के मुख्य चौक पर बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता जमकर गरजते हुए धरना दिया। यही नहीं कार्यकर्ताओं ने महिलाओं के संग तहसील परिसर में पहुंचकर सांकेतिक धरना भी दिया।

बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष अजय भगत के नेतृत्व में अवैध कच्ची शराब के खिलाफ तहसील में जमकर धरना प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता यही नहीं रुके तहसील के बाद आक्रोशित प्रदर्शनकारी मुख्य चौराहे पर धरने पर आ बैठे और जमकर शराब के खिलाफ नारेबाजी की। बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं के ग्रामीण महिलाएं भी धरने पर डटी रही। मुख्य चौक पर धरने से मुख्य चौराहे पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई । कड़ी धूप में लगभग एक घंटे धरने के बाद पुलिस और तहसीलदार के समझाने पर प्रदर्शन कारियो ने उन्हें ज्ञापन सौंपा।

### जाम में फंसे डीएम एवं सीडीओ के वाहन

**सितारगंज।** अवैध शराब केखिलाफ मुख्य चौक पर धरने के दौरान जहां जाम लगी रही। उसी वक्त जाम में जिला अधिकारी नितिन भदौरिया और सीडीओ का काफिला मुख्य चौराहे से निकलते हुए जाम में फंस गए,



जहां बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष अजय भगत जिलाधिकारी की गाडी के पास जाकर बात करने की कोशिश की, लेकिन जिलाधिकारी ने बात नहीं सुनी। इसके बाद एसडीएम रविन्द्र जुवांठा पहुंचे और शराब कारोबारियों के खिलाफ शख्त कार्रवाई करने की बात कही।

## एक नजर

### चेयरमैन गित्ते ने केशव नगर में किया तीन टाइल्स रोड का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 6 मौहल्ला केशवनगर में पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते ने लगभग 350 मीटर के तीन टाइल्स रोड़ का शिलान्यास किया। जिसमें रईस अहमद मतपुरिया के मकान से शराफत ठेकेदार के मकान तक और आसिफ कारीगर के मकान से वेदप्रकाश चौहान के मकान तक एवं शराफत अली के मकान से मुस्लीम के मकान तक शामिल है।



इस दौरान लोगों ने चेयरमैन और सभासद प्रतिनिधि मौहम्मद आसिफ का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। चेयरमैन गित्ते ने वार्ड वासियों का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि नगर वासियों ने जिस भरोसे के साथ उनको चौथी बार सेवा करने का मौका दिया है, उनका भरोसा नगर के एक-एक गली मोहल्ले में विकास कर पूरा किया जाएगा इस अवसर पर सभासद प्रतिनिधि मौहम्मद आसिफ, विवेक पांडेय, हामिद हुसैन, अमीर अहमद खान, हाफिज हाजी, मारूफ अहमद, राहतअली, मौ.हनीफ, हाजी इकबाल, हाजी उमर, इस्माईल, शानू पठान, रियासत अली, अशरफ, नबाब. सुहैल, इसरार अली, आरिफ भाई, जाकिर अंसारी, नाजिम पाशा, जाहिद, नन्हे, जाबिर पेंटर, रईस अहमद मतपुरिया, शराफत अली, अब्दुल नबी ठेकेदार समेत अनेक वार्ड वासी मौजूद रहे।

### अमेजन ने पैट के लिए खास स्टोर किया पेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** इस साल नेशनल पैड डे पर अमेजन डॉट इन आपके सबसे प्यारे दोस्त को पैम्पर करना पहले से कहीं ज्यादा आसान बना देगा। अमेजन ने आपके पैट के लिए 11 से 14 अप्रैल के बीच एक खास स्टोर पेश किया है। इस स्टोर में पैट के लिए जरूरी चीजों का बेहतरीन संग्रह पेश किया गया है। यहां आप एक ही जगह पर कई तरह के उत्पादों को देख सकते हैं, यहां पौष्टिक ट्रीट और मजेदार खिलौनों से लेकर प्रीमियम ग्रूमिंग प्रोडक्ट और उनकी रोजमर्रा की जरूरत के सामान तक सब कुछ उपलब्ध है। इस स्टोर पर पेडिग्री, ड्रूल्स, रॉयल कैनिन, मूची, फार्मिना, हिमालया आदि जैसे टॉप ब्रांडों के प्रोडक्ट एक ही जगह पर उपलब्ध हैं। ग्राहक अमेजन पे के साथ शानदार बचत का मजा भी उठा सकते हैं, साथ ही प्राइम मैंबर्स के लिए, हजारों पैट प्रोडक्ट पर सेम डे डिलीवरी का विकल्प मिलता है। जो उनकी खरीदारी को और भी आसान बना देती है। ग्राहक 5000 रुपये के न्यूनतम ऑर्डर पर एसबीआई क्रेडिट कार्ड पर 10 प्रतिशत की छूट का लाभ भी उठा सकते हैं।

जो बेहतरीन सिफारिशें पेश की गई हैं उनमें क्यूपेट्स कैट वॉटर-बेड इन्फ्लेटेबल वॉटर मैट, ड्रूल्स एडल्ट वेट डॉग फूड, बाउलर्स न्यूट्रीमैक्स एडल्ट डॉग फूड, एमिली पैट बाथटब, पिल नीम प्लस हर्बल पैट शैम्पू, पैट्स वे एमआई रिप्लिका आईपीएल जर्सी फॉर डॉग्स, अमेजन बेसिक्स डॉग बिस्किट, शेबा रिच प्रीमियम एडल्ट वेट कैट फूड, फूडी पपीज इंटरैक्टिव टॉवर ट्रैक रोलर, रॉयल कैनिन मिनी पपी ड्राई डॉग फूड आदि उत्पाद शामिल है।

### अतिक्रमण को लेकर एसडीएम के नोटिस से किसानों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** एसडीएम कार्यालय की ओर से पतरामपुर के सात लोगों को अतिक्रमण का मलबा हटाने को नोटिस दिया गया है। उनकी इस कार्रवाई से किसानों में रोष है। उन्होंने इसके जवाब में एसडीएम कार्यालय को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर नोटिस की कार्रवाई को अनुचित ठहराया है।

सोमवार को पतरामपुर गांव के सात किसानों ने एसडीएम कार्यालय पहुंच कर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। उन्होने बताया कि तहसील प्रशासन ने 29 मई 2023 को ग्राम पतरामपुर में खसरा नंबर 287 की भूमि को 290 की भूमि को सरकारी रास्ता बताकर अतिक्रमण के तहत कई दुकानों को अनुचित तरीके से तोड़ा था। इस कार्रवाई से 28 लोग प्रभावित हुए थे। घटना स्थल पर आज भी मलबा पड़ा है। प्रशासन की इस कार्रवाई को सभी ने कोर्ट में चुनौती दी थी। गुरमीत सिंह एवं कुलदीप सिंह की अर्जी पर कोर्ट ने मामले स्टे देकर पुन: निर्माण करने के आदेश दिए थे। जबकि शेष लोगों की अर्जी विचाराधीन है। इसके बाद भी एसडीएम ने मलबा हटाने के लिए उन्हें नोटिस जारी किया है। जो कि अनुचित है। जबकि एसडीएम कार्यालय को पूरे घटनाक्रम की जानकारी है। किसानों ने सोमवार को एसडीएम कार्यालय में नोटिस का जवाब प्रस्तुत कर इसे वापस लिए जाने की मांग की। वहां ठाकुर सिंह, नजीर अहमद, गज्जन सिंह, जसवंत सिंह, इस्माइल अहमद, अमनप्रीत सिंह आदि थे।

### ढोल नगाड़ों के साथ भगवान वाल्मीकि की मूर्ति का किया विसर्जन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** अंबेडकरनगर में भगवान वाल्मीकि के अनुयायियों ने जुलूस निकालकर ढोल नगाड़ों के साथ भगवान वाल्मीकि की मूर्ति का विसर्जन मेलघाट स्थित शारदा नहर में किया।

इस दौरान बड़ी संख्या में वाल्मीकि समाज के लोगों ने भगवान वाल्मीकि की जयकारों के साथ जुलूस के शक्ल में मुख्य चौक से मेलाघाट पहुंच कर शारदा नहर में भगवान वाल्मीकि की प्रतिमा का विसर्जन किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, बीजेपी अनुसूचित मोर्चा के अध्यक्ष नवल वाल्मीकि, नगर मंडल महामंत्री मनोज बाधवा, सिद्धांत सिंह, रामू भारती, मुखर्जी राणा, लक्ष्मण भंडारी, आशीष श्रीवास्तव, अनिल गुप्ता, हरीश भट्ट, प्रदीप गुप्ता, रवि सक्सेना, छात्रसंघ उपाध्यक्ष शुभम पटवा, महामंत्री अर्पित कॉलोनी, शुभम वाल्मीकि तथा राहुल सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

# ग्रीष्मकालीन धन की पौध को नष्ट करने को लेकर राजस्व टीम को झेलना पड़ा विरोध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** ग्रीष्मकालीन धान की फसल नष्ट करने पहुंची राजस्व टीम को एक गांव में किसानों का विरोध झेलना पड़ा। विरोध के चलते टीम फसल नष्ट किए बिना ही वापस लौट आई। इस कार्रवाई से किसानों में आक्रोश है।

भारतीय किसान यूनिय (भाकियू) के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरजीत सिंह ढिल्लो के पिता ने अमियावाला गांव में करीग डेढ़ बीघा जमीन में धान की नरसरी लगाई है। सूचना पर तहसीलदार शुभांगिनी सिंह राजस्व टीम के साथ गांव पहुंची। उन्होंने राज्य सरकार के आदेशों का हवाला देकर प्रतिबंधित ग्रीष्मकालीन धान की फसल नष्ट करने का प्रयास किया। इसके विरोध में भाकियू के पदाधिकारी किसानों के साथ खड़े हो गए। उन्होंने प्रशासन से कहा कि सरकार की ओर से जब तक धान लगाने की अनुमति नहीं मिलती है वह धान की फसल नही लगाएंगे, लेकिन किसानों की नर्सरी को नष्ट न किया जाए। नर्सरी को किसान पशुओं के चारे के रूप में इस्तेमाल करेगा। वहां ब्लॉक अध्यक्ष अमनप्रीत सिंह, धर्मेंद्र सिंह, कुलवीर सिंह, परमजीत सिंह, हरप्रीत सिंह, शमशाद,सीतू त्यागी आदि थे।

तहसीलदार शुभांगिनी सिंह ने बताया कि ग्राम कल्याणपुर में जनरैल सिंह, ग्राम बहेड़ी में हरजीत सिंह, जसविंदर सिंह एवं अमरजीत सिंह के यहां नर्सरी को नष्ट किया गया। आगे भी शासन-प्रशासन के आदेशानुसार इस प्रकार की कार्यवाही चलती रहेगी। वहीं भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह सहोता ने बताया कि वह आज किसी कार्य से बाहर हैं। सारा प्रकरण उन्हें पता चला है। इस तरह शासन -प्रशासन की हिटलर शाही के चलते किसान भयभीत हैं। किसान की फसल को नष्ट करना नहीं रोका गया तो भाकियू आर पार की लड़ाई के लिए तैयार रहेगी।

# साइबर ठगी के खिलाफ चलाई मुहिम

- जागरुकता ही साइबर ठगों के खिलाफ सबसे अचूक हथियार: उपाध्याय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** शैलेश मटियानी उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार प्राप्त एवं साइबर एक्सपर्ट शिक्षक प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने साइबर ठगी के खिलाफ बच्चों तथा आम जनमानस को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया।

उन्होंने अपने यू ट्यूब चैनल तथा विभिन्न माध्यमों से इस अभियान को लगातार जारी रखने तथा अधिक से अधिक लोगों से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि साइबर ठगी से बचने के लिए सावधानी ही एकमात्र उपाय है। वर्तमान समय में कोई भी व्यक्ति प्रत्येक कार्य में डिजिटल उपकरणों, ऑनलाइन गतिविधियों तथा ऑनलाइन वित्तीय लेनदेन के बिना नहीं रह सकता है, लेकिन इन गतिविधियों में हर समय अत्यधिक सतर्कता की जरूरत होती है। ऑनलाइन प्लेटफार्मों में दिन प्रतिदिन लोगों की निर्भरता बढ़ती जा रही है। साइबर एक्सपर्ट श्री उपाध्याय ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी विभिन्न तरीकों से लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं, जिनमें प्रमुख रूप से डिजिटल अरेस्ट, इमोशनल मैनिपुलेशन, फिशिंग, हैकिंग, वायरस अटैक, वित्तीय धोखाधड़ी, पहचान की चोरी, पार्सल स्कैम और चैरिटी अपील आदि प्रमुख हैं। श्री उपाध्याय ने बताया कि सर्वप्रथम जागरूक होकर ही इन अपराधियों के चंगुल से बचा जा सकता है। उन्होंने इन अपराधों से बचने के लिए अपनी डिवाइस को अप टू डेट रखने, एंटी वायरस का उपयोग करने, सुरक्षित नेटवर्क का उपयोग करने, मजबूत पासवर्ड रखने, लालच से दूर रहने, व्यक्तिगत डेटा को सुरक्षित रखने, सोशल मीडिया में सावधानी बरतने आदि पर जोर दिया।

# उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में लोगों को किया जागरुक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** राजकीय महाविद्यालय टनकपुर में देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत आयोजित सातवें दिन उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रोफेसर डा. सुनील कुमार कटियार, नोडल अधिकारी, देवभूमि उद्यमिता योजना एवं समन्वयक, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस आयुष और वैलनेस की अध्यक्षता एवं समन्वय में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के प्रथम तकनीकी सत्र में डा. पंकज उप्रेती, सहायक आचार्य, संगीत विभाग, राजकीय महाविद्यालय टनकपुर ने प्रतिभागियों को संगीत आधारित व्यवसायिक अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने म्यूजिक प्रोडक्शन स्टूडियो सर्विस म्यूजिक स्टीमिगं और डिजिटल प्लेटफॉर्म (संगीत आधारित वस्तुएं एवं ब्रांडिंग), फिल्म, टीवी, विज्ञापन हेतु संगीत अधिकार वैलनेस एंड म्यूजिक थेरेपी और इवेंट प्लैनिंग कंसर्ट मैनेजमेंट कंटेंट क्रिएशन और इनफ्लुएंसर ऑपच्यरुनिटीज म्यूजिक टेक्निकल स्टार्टअपस क्षेत्रों पर विस्तार से चर्चा की। डा. उप्रेती ने विशेष रूप से बताया कि संगीत को कैसे एक ब्रांड और व्यवसाय में बदला जा सकता है, तथा स्थानीय कलाकारों को किस प्रकार डिजिटल प्लेटफॉर्म का लाभ उठाते हुए वैश्विक मंच तक पहुंचाया जा सकता है।

द्वितीय तकनीकी सत्र में डा. देवदत्त जोशी, निदेशक/ नवयोग न्यूरोपैथी एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र एवं डॉ. नवजीत जोशी, सहायक निदेशक ने न्यूरोपैथी एवं प्राकृतिक चिकित्सा में उद्यमिता के अवसरों पर अत्यंत व्यावहारिक जानकारी दी।

उन्होंने नेचरोथेरेपी क्लीनिक यह वैलनेस सेंटर की स्थापना, डायग्नोस्टिक सर्विस, नेचरोथेरेपी सप्लीमेंट ब्रांड टैली हेल्थ ऑनलाइन कॉन्सुलेशन प्लेटफॉर्म हर्बल नेचुरल प्रोडक्ट लाइन (हर्बल उत्पादों का व्यवसाय), एजुकेशनल और ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट (प्रशिक्षण संस्थान), वैलनेस टूरिज्म रिट्वीट्स यूट्यूब चौनल प्रोडकाटस आधारित जागरूकता व ब्रांडिंग बिंदुओं पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया। सत्र के दौरान प्रतिभागियों को प्रत्यक्ष तौर पर विभिन्न उपकरणों व विधियों का प्रदर्शन भी कराया गया, जिससे वे इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकें। इस सम्पूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम में डा. अब्दुल शाहिद तथा डा. रोहित शर्मा ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनुपमा तिवारी द्वारा दिया गया, जिन्होंने विशेषज्ञों का अभिनंदन करते हुए उद्यमिता के क्षेत्र में विद्यार्थियों को प्रेरित करने हेतु उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में प्रो. डा. सुनील कुमार कटियार ने सभी विशेषज्ञों का उनके समय व अनुभव साझा करने के लिए हार्दिक आभार प्रकट किया। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के तकनीकी सत्र विद्यार्थियों को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाते हैं।

# नादेही चीनी मिल के पास गुलदार दिखने से दहशत में ग्रामीण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** नादेही चीनी मिल के गेस्ट हाउस के सामने कई बार गुलदार दिखाई देने से ग्रामीण सहमे हुए हैं। उन्होने भाजपा अल्सपसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष से इसकी शिकायत कर गांव में पिंजरा लगाए जाने की मांग की।

राजपुर गांव के ग्राम प्रशासक पति एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष हाजी मोहम्मद फखरुद्दीन मलिक से ग्रामीणों ने मुलाकात की। उन्होने बताया कि पिछले कुछ दिनों में गुलदार ने गांव के तीन लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर चुका है। आस-पास के क्षेत्र में कई बार गुलदार देखा गया है। इससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हैं। ग्राम प्रशासक पति ने वन अफसरों को गांव में बुलाकर घटनाक्रम की जानकारी दी। गांव में पिजरा लगाए जाने के लिए डीएफओ को पत्र भी लिखा। वहां सीताराम सैनी,हामिद हुसैन, राजेंद्र सिंह, सलमान, सीताराम, राशिद हुसैन, फैजान अली, इस्तकार अहमद , मोहम्मद सानिव, मोहम्मद नौशाद, मौ रफी चौधरी आदि थे।

# राजनीति फायदा लेने के लिए रिटायर्ड कर्नल कर रहे हैं झूठी बयानबाजी: राजेश पाल

- भाजपा नेता ने आरोपों को बताया निराधार, रिटायर्ड कर्नल पर लगाए गंभीर आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रिटायर्ड कर्नल बलराज लांवा ने बीते दिन रविवार को भाजपा नेता राजेश पाल एवं उनके सहयोगी चंद्रशेखर पर भू माफिया का आरोप लगाने के साथ ही फर्जी तरीके से दस्तावेज तैयार कर करोड़ों रुपये की जमीन पर अवैध कब्जा करने के आरोप लगाए थे। इस मामले में सोमवार को भाजपा नेता राजेश पाल ने भी एक पत्रकार वार्ता आयोजित कर रिटायर्ड कर्नल बलराज सिंह लांवा द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि यदि उनके द्वारा कोई भी जमीन फर्जी तरीके से अवैध कब्जा की गई है या कोई फर्जी दस्तावेज तैयार किया गया है तो रिटायर्ड कर्नल इसका सबूत दे।

उन्होंने कहा कि यदि उनके द्वारा इस प्रकार का मामला होता तो आज तक किसी ने उनके खिलाफ पुलिस या न्यायालय में वाद दायर क्यों नहीं किया। उन्होंने कहा कि आज तक उनके खिलाफ कहीं भी कोई जमीन को लेकर मामला दर्ज नहीं है। उन्होंने कहा कि उन पर रिटायर्ड कर्नल ने हमला करने का भी आरोप लगाया है। जिस पर भाजपा नेता ने कहा कि यदि उन पर हमला उनके द्वारा कराया गया था तो उनके द्वारा उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज क्यों नहीं कराई गई। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि रिटायर्ड कर्नल उनकी राजनीतिक छवि को धूमिल करने के साथ ही आगामी पंचायत चुनाव में उनकी दावेदारी को लेकर बेवजह की बयान बाजी कर रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि रिटायर्ड करने के पिता द्वारा कुछ वर्षों पूर्व ग्राम भवानीपुर खुल्बे में सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल को जमीन दान में दी गई थी और यहां पर सांसद निधि से भवन बनाने के साथ ही फर्नीचर उपलब्ध कराते हुए सड़क निर्माण कराया गया था, लेकिन रिटायर्ड कर्नल द्वारा कुछ वर्षों बाद इस जमीन पर दबंगई दिखाते हुए स्कूल में रखा सभी सामान बाहर फेंकने के साथ-साथ ही अवैध रूप से इस जमीन पर कब्जा किया गया। उन्होंने कहा कि रिटायर्ड कर्नल के खिलाफ कई ग्रामीणों द्वारा कोतवाली पुलिस को शपथ पत्र भी सौंपे गए हैं साथ उन्होंने कहा कि रिटायर्ड कर्नल द्वारा कहा जा रहा है कि एक महिला है जिसे वह नहीं जानते और गांव में नहीं रहती है। इस पर भाजपा नेता ने कहा कि इस महिला की कुछ जमीन की रजिस्ट्री में स्वयं रिटायर्ड कर्नल गवाह बने हुए हैं। वहीं भाजपा नेता ने कहा कि आज तक उनकी रिटायर्ड कर्नल से बात नहीं हुई है। कहा कि उनकी सामाजिक छवि धूमिल करने का काम किया जा रहा है। भाजपा नेता ने कहा कि है शीघ्र ही इस मामले में रिटायर्ड कर्नल के विरुद्ध मानहानि का मामला दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि आज तक उनके द्वारा जो भी जमीन विक्रय की गई है वह पूरी पारदर्शिता से की गई है और किसी भी व्यक्ति द्वारा उनके खिलाफ कोई शिकायत कहीं नहीं की गई है।

# जनजातीय महिला अधिकारों पर मंथन

## कुमाऊं विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र द्वारा सोमवार से जनजातीय सांस्कृतिक विरासत और स्वदेशी प्रथाएं विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी के प्रारंभ से पूर्व, महिला अध्ययन केंद्र का नाम माता जियारानी महिला अध्ययन केंद्र रखा गया, जिसका लोकार्पण कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दीवान सिंह रावत और अल्मोड़ा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सतपाल सिंह बिष्ट ने नारियल तोड़कर किया। इस अवसर पर महिला अध्ययन केंद्र की निदेशक प्रोफेसर नीता बोरा शर्मा भी उपस्थित थीं। कार्यक्रम की शुरुआत देवदार सभागार में दीप प्रज्वलन से हुई, और कुलगीत तथा राष्ट्रगान के साथ संगोष्ठी का उद्घाटन किया गया।



प्रोफेसर नीता बोरा शर्मा ने सभी विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया, जिनमें न्यायमूर्ति राजेश टंडन भी शामिल थे। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिनमें प्रोफेसर चित्रा पांडे, आशा शर्मा, लीला वनियाल, और सविता गिरी शामिल थीं। संगोष्ठी की मुख्य वक्ता प्रोफेसर नुसरत खान (जामिया मिलिया विश्वविद्यालय) और प्रोफेसर पिंकी शर्मा (दिल्ली विश्वविद्यालय) ने जनजातीय महिला अधिकारों पर चर्चा की। उन्होंने जनजातीय समाज की परंपराओं और उनके अधिकारों की जानकारी देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज भारत के इतिहास और पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है, और उनकी सांस्कृतिक विविधता को समझने से हमें भारत की सांस्कृतिक धरोहर को जानने में मदद मिलती है। इस अवसर पर डा. जगदीश पंत, जनजातीय भाषा विशेषज्ञ, की पुस्तक उत्तराखंड की बुक्सा जनजाति भाषा और साहित्य का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर ललित तिवारी ने किया। संगोष्ठी में न्यायमूर्ति राजेश टंडन, प्रोफेसर दीवान एस रावत, प्रोफेसर सतपाल बिष्ट और डा. पिंकी शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने जनजातियों को उनके अधिकारों और विज्ञान के साथ मुख्य धारा में लाने की आवश्यकता पर बल दिया। संगोष्ठी के तकनीकी सत्र में डा. संदीप बडोनी ने जनजातीय विरासत और स्वदेशी प्रथाओं पर व्याख्यान दिया, जबकि शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। इस सत्र में प्रोफेसर चंद्रकला रावत और डा. रितेश शाह का विशेष सहयोग रहा। अंत में, डा. किरण तिवारी ने सभी का धन्यवाद किया, और सभी अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर तथा पौधें भेंट कर सम्मानित किया।

## बाइकों की पार्किंग में कारें हो रही पार्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** तल्लीताल में टैक्सी बाइकों के लिए बने पार्किंग स्थलों पर टैक्सी बाइकों से पहले ही चार पहियां वाहन पार्क होने लगे हैं। पार्किंग स्थलों के बाहर बैनर लगने के बाद भी न तो लोग नियमों का पालन कर रहे हैं ना ही विभाग ही नियमों का पालन करा पा रहा है। बता दें कि शहर से टैक्सी वाहनों को हटाने से पूर्व ही प्रशासन की ओर से उनके पार्किंग के लिए धर्मशाला में पार्किंग स्थल बनाया था। शहर से टैक्सी बाइकों को हटाने के बाद कई बाइकें पार्किंग स्थल पर पार्क की जा चुकी हैं। लेकिन सोमवार को नैनीताल में बाइकों के साथ पार्किंग स्थल में टैक्सी व निजी चार पहिंया वाहन भी पार्क पाए गए जबकि गेट पर पीआरडी जवान को तैनात किया गया है। मामले में संयुक्त मजिस्ट्रेट ने बताया कि दो पहिंया वाहनों की पार्किंग में केवल दो पहिंया वाहन ही पार्क किए जाएंगे। यदि चार पहिंया वाहन पार्क हो रहे हैं तो डीडीए को सही व्यवस्थाएं बनाने के लिए निर्शेशित किया जाएगा।

# हंटर्स ने जीता मुकाबला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** डीएसए मैदान में आयोजित स्वर्गीय एन के आर्या मैमोरियल क्रिकेट कप में दूसरे दिन यानी सोमवार को पहला मुकाबला हंटर्स इलेवन और नो नेम के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए हंटर्स ने 135 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए नो नेम केवल 119 रन ही बना सकी। जिसमें हंटर्स ने 15 रनों से विजय प्राप्त की। हंटर्स की ओर से धीरज ने तीन विकेट लेकर जीत को आसान बनाया। दूसरा मुकाबला स्टार इलेवन पाली एवं अयार जंगल रिसॉर्ट के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्टार इलेवन की टीम ने 170 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए अयार जंगल रिसोर्ट की टीम 138 रन ही बना सकी। जिसमें स्टार इलेवन ने 32 रनों से जीत दर्ज की। यश ने स्टार 11 की ओर से 55 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली एवं एक विकेट भी लिया। अंपायर सौरव रावत, बिलाल अहमद, वंश कनौजिया, हरीश आर्य तथा प्रमोद कुमार रहे। स्कोरर सचिन नितिन मेहरा, मुकुल एवं मुहम्मद अब्बास रहे। इस दौरान संयोजक मोहित आर्य, आयोजन समिति के सदस्य मुकेश कुमार, हरीश सिंह राणा, सुमित कुमार, अनिल कुमार, विपिन तथा प्रदीप उप्रेती आदि खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## अब शटल से पहुंचेंगे चिड़ियाघर तक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में चिड़ियाघर को जाने वाले पर्यटकों को अब पैदल नहीं जाना पड़ेगा। अब वह शटल सेवा के माध्यम से चिड़ियाघर पहुंच सकेंगे। सोमवार को पालिकाध्यक्ष डाक्टर सरस्वती खेतवाल तथा पालिका के अधिशासी अधिकारी दीपक गोस्वामी ने शटल सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बता दें कि फिलहाल शटल सेवा में चार वाहनों का संचालन किया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी दीपक गोस्वामी के मुताबिक प्रति सवारी आने जाने के लिए 70 रुपया तय किया गया है। कहा कि नए वाहन में चालक के अलावा चार सवारियां बैठ सकती हैं। कहा कि हाईकोर्ट से अनुमति मिलने के बाद वाहनों की संख्या बढ़ाने पर विचार किया जाएगा। इस मौके पर नगर पालिका परिषद के सभासद पूरन सिंह बिष्ट समेत सुरेश कुमार, मनोज साह जगाती तथा रमेश कुमार मौजूद थे।

# शतचण्डी यज्ञ का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जगदम्बानगर स्थित जगदम्बा मंदिर परिसर में देवी भागवत महापुराण के नवें दिन यज्ञाचार्य डा. मनोज पांडे के नेतृत्व में शतचंडी यज्ञ का आयोजन किया गया।

इस दौरान डा. भुवन चंद्र त्रिपाठी के निर्देशन में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवनात्मक यज्ञ का पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। यज्ञ के समाप्त होने के बाद ब्यास आचार्य पं. खष्टाबल्लभ पाठक ने गायत्री मंत्र की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि ऋषियों के श्राप का विमोचन किए बिना गायत्री का पूर्ण फल नहीं मिलता। ब्यास जी ने देवी भागवत कथा का श्रवण करने से राजा जन्मेजय को सर्प हत्या के पाप से मुक्ति मिलने का भी उल्लेख किया। कथा के समापन के साथ उन्होंने



आशीर्वाद दिया। जगदम्बा मंदिर समिति के रिटायर्ड असिस्टेंट आडिट ऑफिसर रमेश चंद्र पांडे ने ब्यास जी और यज्ञाचार्य का आभार व्यक्त किया। उन्होंने यज्ञ को सफल बनाने में सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर कीर्तन मंडली के जगदीश लोहनी ने भजनों की प्रस्तुति दी। यज्ञ के मुख्य यजमान उमेश चंद्र पांडे, सह यजमान सत्यप्रकाश बिष्ट और राकेश पांडे परिवार सहित मौजूद थे। हवन में आहुति देने वालों में आशुतोष जोशी, विजय तिवारी, दीपक पांडे, जगदीश तिवारी, प्रकाश पंत, योगेश पांडे, मुकेश भट्ट, नीतिन नगरकोटी, बॉबी, उज्जवल जोशी, अभय त्रिपाठी, हर्षवर्धन पांडे, मनीष जोशी, यशवर्धन जोशी और प्रणव त्रिपाठी शामिल थे।

# वनाग्नि की घटना का अजय भट्ट ने लिया सज्ञान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने रामगढ़ क्षेत्र के सीमायल रैकवाल तथा बड़ैत और शीतला ग्राम पंचायत में वन अग्नि की सूचना मिलते ही वन विभाग के कुमाऊं के मुख्य वन संरक्षक डा. धीरज पांडे समेत कंजरवेटर तथा सहित जिलाधिकारी नैनीताल को आग बुझाने जाने के लिए तत्काल व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। बता दें कि सोमवार को सांसद श्री भट्ट को जैसे ही जानकारी मिली कि रामगढ़ के शीतला ग्राम पंचायत क्षेत्र और बड़ैत सहित सीमायल रेकवाल में वन अग्नि की सूचना मिलते ही श्री भट्ट ने तत्काल धीरज पांडे कुमाऊं चीफ और कंजरवेटर विनय भार्गव सहित जिलाधिकारी वंदना सिंह और डीएफओ से वार्ता करते हुए वन अग्नि से निपटने के लिए पर्याप्त राहत भेजने के निर्देश दिए। श्री भट्ट बताया कि मौके पर तत्काल एसडीआरएफ और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां सहित फायर वाचर सही बन विभाग के अधिकारी सहित प्रशासन के अधिकारी भी पहुंच कर आग बुझाने के कार्य में जुट गए हैं। श्री भट्ट ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जंगलों के आसपास कूड़ा निस्तारण सहित आग लगने के संभावनाओं को कम करने के लिए व्यापक रूप से प्रचार प्रसार व आवश्यक कार्रवाई की जानी बेहद आवश्यक है।

# 11 को धरना-प्रदर्शन करेंगे डॉक्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड में कार्यरत प्रांतीय स्वास्थ्य सेवा संघ से जुड़े चिकित्सक 11अप्रैल यानी शुक्रवार को देहरादून स्थित स्वास्थ्य महानिदेशालय में एकत्रित होकर एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन करेंगे।

सोमवार को नैनीताल में संघ के अध्यक्ष डा. नरेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि इस प्रदर्शन में नैनीताल के समस्त चिकित्सक भी प्रतिभाग करेंगे। बताया कि विभागीय उपेक्षा और बर्षो से लम्बित मांगों को लेकर यह प्रदर्शन किया जा रहा है। कहा कि संघ की ओर से तीन प्रमुख मांगे शासन की ओर से रखी गई हैं जिसमें पर्वतीय क्षेत्रों में सेवा दे रहे विशेषज्ञ चिकित्सकों को मेडिकल कॉलेजों में तैनात विशेषज्ञ चिकित्सकों की तरह ही 50 प्रतिशत अतिरिक्त वेतन देने



समेत नैनीताल टिहरी व अल्मोड़ा तथा मसूरी को पुर्न दुर्गम क्षेत्र में शामिल करने तथा एसडीएसीपी में शिथिलीकरण दिया जाना है जिसका शाषनादेश भी है लेकिन जानबूझकर इस प्रकरण को सचिवालय की ओर से लटकाया जा रहा है। कहा कि अभी तक इन सब विषयों पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो पाई है। कहा कि चिकित्सकों की ओर से यह मांगें काफी लम्बे समय से उठाई जा रही हैं लेकिन शासन की उदासीनता के चलते चिकित्सकों में रोष व्याप्त है। और वह स्वास्थ मंत्री तथा सचिव से तत्काल कार्यवाही की मांग करते हैं। कहा कि शीघ्र ही उपरोक्त मांगों पर निर्णायक कार्यवाही नहीं होती है तो आंदोलन को व्यापक स्तर पर ले जाया जाएगा। पत्रकार वार्ता में डा. सुधांशु सिंह, डा. अभिषेक गुप्ता, डा. प्रियांशु श्रीवास्तव, डा. मोनिका कांडपाल आदि उपस्थित थे।

## टैक्सी बाइकों पर पाबंदी से रोजगार प्रभावित

**नैनीताल।** जिला प्रशासन की ओर से नैनीताल में 2017 के बाद पंजीकृत टैक्सी बाइकों के संचालन में रोक लगने के बाद कई लोगों का रोजगार प्रभावित हुआ है। जिसके चलते टैक्सी बाइक चालकों ने बैठक कर डीएम से मिलकर वार्ता करने की मनसा जताई है। सोमवार को नैनीताल में टैक्सी बाइक चालकों ने बैठक कर उनका रोजगार ठप होने की बात कही। उन्होंने कहा कि नो पार्किंग जोन से बाइकों को हटवाने के फैसले का वह सम्मान करते हैं। लेकिन शहर में चलने पर प्रतिबंध लगाने जैसे फैसले ने उनको बेरोजगार कर दिया है। जिसको लेकर वह डीएम से वार्ता कर बीच का रास्ता निकालने की मांग करेंगे। टैक्सी बाइक यूनियन के अध्यक्ष संजय सिरोही ने बताया कि इस विषय पर वह डीएम से वार्ता करेंगे।

# विश्वंभर नाथ साह को याद किया

**नैनीताल।** नैनीताल नगर के प्रसिद्ध रंगकर्मी मूर्तिकार तथा चित्रकार शास्त्रीय संगीत और लोक संस्कृति के विविध आयामों के ज्ञाता रहे विश्वंभर नाथ साह सखा दाज्यू को उनकी तीसरी पुण्य तिथि पर परंपरा संस्था की ओर से याद किया गया। परंपरा संस्था के निदेशक बृज मोहन जोशी के मुताबिक विश्वंभर नाथ साह सखा दाज्यू का जन्म अल्मोड़ा में हुआ और उनका लालन पालन शिक्षा आदि अपने नानानानी के घर कैलाखान नैनीताल में हुई। पठन पाठन के बाद कुछ समय के लिए उन्होंने नैनीताल में एक निजी स्कूल में अंग्रेजी शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दी जबकि कुछ समय बाद उन्होंने वह नौकरी छोड़ दी। कुछ समय तक वह नैनीताल छावनी परिषद के सभासद भी रहे। इसके साथ ही वह श्री मां नयना देवी मंदिर नैनीताल अमर उदय ट्रस्ट के न्यासी भी थे। नैनीताल में होने वाले सांस्कृतिक सामाजिक तथा धार्मिक और राजनीतिक कार्यक्रमों में उनकी प्राथमिकता से भागीदारी हमेशा बनी रहती थी। इतना ही नहीं वह वर्षो तक कम्युनिस्ट पार्टी के सक्रिय सदस्यों में शामिल रहे। जोशी के मुताबिक सखा दाज्यू कुमाऊंनी होली तथा नागर होली के मर्मज्ञ के साथ-साथ एक मंजे हुए होल्यार भी थे। बताया कि वर्ष 1996 से पारम्परिक लोक संस्था परम्परा नैनीताल द्वारा आयोजित भारतीय नव वर्ष मिलन समारोह में गिरीश तिवारी गिर्दा के साथ-साथ सक्रिय रूप से मेरे साथ जुड़े रहे। श्री मां नयना देवी मंदिर मल्लीताल नैनीताल अमर उदय ट्रस्ट का सलाहकार सदस्य होने के नाते मुझे भी उनके साथ श्री मां नयना देवी मंदिर प्रांगण में स्थित दशावतार भवन में उनके साथ बहुत कुछ सिखने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ।

# आशा शर्मा को महिला सशक्तिकरण सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र के द्वारा सोमवार को नैनीताल में आदिवासी जनजाति के रहन-सहन और उनके उत्थान विषयक दो दिवसीय संगोष्ठी में आशा फाउंडेशन की अध्यक्ष व समाजसेवी आशा शर्मा को महिला सशक्तिकरण सम्मान-2025 से सम्मानित किया गया। बता दें यह सम्मान कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दीवान सिंह रावत और हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश राजेश टंडन द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में कई विभूतियों ने भाग लिया। आशा फाउंडेशन द्वारा लगातार पिछले 5-6 वर्षों से चल रही कार्य के तहत अध्यक्ष आशा शर्मा को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके द्वारा किए गए महिला सशक्तिकरण और महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति



जागरूकता के तहत यह सम्मान दिया गया। समारोह में आशा शर्मा ने बताया कि उनके लिए यह सम्मान बहुत अहम है क्योंकि महिलाओं को जागरूक करने का लगातार गांव-गांव में जाकर कार्य किया जा रहा है फिर चाहे वह स्वास्थ्य के प्रति कैंसर को लेकर हो या उनके अधिकारों के प्रति हो या फिर महिलाओं के दायित्वों के प्रति हो सभी को लेकर आशा फाउंडेशन द्वारा लगातार यह मुहिम पहाड़ के दूर दराज के क्षेत्र में जारी है। इस मौके पर आशा शर्मा ने महिला अध्ययन केंद्र की डायरेक्टर प्रोफेसर नीता बोरा शर्मा समेत प्रोफेसर किरण तिवारी और प्रोफेसर ललित तिवारी का तहे दिल से आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

### पूर्व सैनिकों की महारैली में पहुंचने की तैयारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शांतिपुरी।** शांतिपुरी पूर्व सैनिक संगठन ने आगामी नौ अप्रैल बुधवार को खटीमा में होने वाली पूर्व सैनिकों की महारैली में पहुंचने की तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को संगठन के अध्यक्ष दिगम्बर प्रसाद जोशी ने रैली हेतु खटीमा जाने के लिए क्षेत्र के समस्त पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बुधवार को 11 बजे खटीमा में पूर्व सैनिक रैली होगी। जिसमें सीडीएस जर्नल अनिल चौहान, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व अनुपम खेर प्रतिभाग करेंगे। जिसमें समस्त प्रकार के चक्र प्राप्त जवानों एवं वीर नारियों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें वह लोग भी शामिल हैं जिन्होंने ओलंपिक, एशियाई या नेशनल गेम में हिस्सा लिया हो उन्हें भी पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रैली में आने जाने एवं खाने की व्यवस्था की गई है। साथ ही रैली में जाने वाले सभी पूर्व सैनिकों से अच्छी ड्रेस एवं सिर पर संगठन की टोपी पहनकर सुबह 8 बजे शांतिपुरी नंबर दो संगठन कार्यालय के पास पहुंचने की अपील की है।

### सड़क के सर्वे की मांग हुई तेज

**बागेश्वर।** ओखलधार-गापानी से कमेटपानी को बन रही सड़क की सर्वे की जांच की मांग तेज हो गई है। इस मांग को लेकर ग्रामीण जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां प्रदर्शन कर सड़क का लाभ ग्रामीणों को देने की मांग की है। मांग की अनदेखी करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। ग्रामीण 20 किमी दूर से वाहनों में बैठकर सोमवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि गापानी में 15 से 20 परिवार रहते हैं। गांव में पंचायत भवन भी बना हुआ है। उनके गांव के लिए जो सड़क बन रही है, उसका सर्वे के अनुसार तल्ला, मल्ला गापानी से कमेटखानी तक जानी थी। इससे पूरी आबादी को लाभ भी मिलना था, लेकिन उनके गांव के कुछ लोगों ने सर्वे करने वाली टीम के साथ मिली भगत कर रोड की सर्वे की बदली जा रही है। गांव के बजाए सड़क जंगल की ओर डाली जा रही है। इस मार्ग पर सैकड़ों पेड़ों के नुकसान की आशंका बनी हुई। उन्होंने मामले की जांच कर सड़क का लाभ ग्रामीणों को दिलाने की मांग की है। मांग करने वालों में पंकज सिंह, गोविंद सिंह, नंदन सिंह, तेज सिंह, मदन गिरी, शंकर गिरी, तुलसी देवी, राजेंद्र प्रसाद, विमला देवी आदि मौजूद रहे।

### अमृतपुर-जमरानी मोटर मार्ग एक माह के लिए बंद

**नैनीताल।** विकास खंड भीमताल के अंतर्गत अमृतपुर-जमरानी मोटर मार्ग के 1.050 से 1.270 किलोमीटर (डहरा क्षेत्र) तक चौड़ीकरण और सुरक्षात्मक कार्यों के लिए डम्परों का आवागमन 08 अप्रैल से 07 मई 2025 तक पूर्ण रूप से बंद रहेगा। इस दौरान, पेड़ों के पातन की अनुमति भी प्रदान की गई है। परियोजना प्रबंधक ने चौड़ीकरण, रॉक बोल्टिंग और शॉटक्रीट के माध्यम से सुरक्षात्मक कार्यों के लिए यह अनुरोध किया था। अपर जिला अधिकारी पीआर चौहान ने बताया कि कार्यदायी संस्था, उत्तराखंड परियोजना विकास और निर्माण निगम लिमिटेड को वैकल्पिक मार्ग तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है, ताकि क्षेत्रीय ग्रामीणों को समस्या न हो। इसके अलावा, वन विभाग से पेड़ों के पातन के लिए आवश्यक अनुमति प्राप्त करना भी सुनिश्चित किया जाएगा।

### स्टोन क्रशर के संचालन पर नोटिस जारी

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने उत्तरकाशी के विकास खंड डुंडा के ग्राम हिटाणु में गांव के समीप चल रहे मां हांडा देवी हॉटमिक्स प्लांट व उमा स्टोन क्रशर के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खण्डपीठ ने दोनों को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई तीन सप्ताह की तिथि नियत की है साथ में कोर्ट ने याचिकाकर्ता से शपथ पत्र पेश करने को कहा है। मामले के अनुसार गंगा घाटी विकास समिति हिटाणु की तरफ से जनहित याचिका दायर कर कहा है कि तहसील डुंडा के ग्राम हिटाणु में नियम विरुद्ध तरीके से माँ हांडा देवी हॉटमिक्स प्लांट व उमा स्टोन क्रशर चल रहे हैं जिसकी वजह से उनकी कृषि भूमि पानी के स्रोत व पर्यावरण पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। हॉटमिक्स प्लांट व स्टोन क्रेशर के दिनरात चलने के कारण नवजात शिशुओं की श्रवण क्षमता पर असर पड़ रहा है यही नहीं ग्राम वासी ढंग से सो तक नहीं पा रहे हैं। भरे ट्रकों से माल भेजने के लिए वन विभाग की कच्ची सड़क का स्तेमाल किया जा रहा है। विभाग से इसकी अनुमति तक नही ली गयी। जब इसकी शिकायत प्रशासन से की गई तो इसका विरोध करने वाले लोगों के ऊपर तीन तीन मुकदमे दर्ज करा दिए गए।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सीपीआर प्रशिक्षण

**नैनीताल।** केंद्रीय विद्यालय भीमताल में सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सुशीला तिवारी गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हल्दवानी उत्तराखंड से आई डॉक्टरों की टीम ने छात्रों और शिक्षकों को जीवन रक्षक तकनीकों की जानकारी दी। प्रशिक्षण का नेतृत्व डा. राहुल सक्सेना द्वारा किया गया। उनके साथ डा. आराधना, डा. प्रियंका, डा. कृतिका, डा. फरहान, डा. श्रेया, डा. साहिल एवं डा. स्तुति ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# शिव मंदिर में सुंदरकांड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल शेरवानी स्थित शिव मंदिर में चैत्र नवरात्रि की दशमी के मौके पर



सोमवार को सुंदरकांड व भजन कीर्तनों का आयोजन किया गया जिसमें नैनीताल नगर पालिका की पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल सहित काफी संख्या में महिला भक्तों ने भागीदारी की। बता दें कि नारायननगर वार्ड के पालिका सभासद भगवत सिंह रावत के तत्वाधान में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में सैनिक स्कूल वार्ड की सभासद लता दफौटी का भरपूर सहयोग रहा। पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल भी इस धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हुई। उन्होंने इस आयोजन की जमकर सराहना की। धार्मिक अनुष्ठान में सभासद भगवत रावत के सभी पारिवारिक जनों के अलावा शेरवानी क्षेत्र सैनिक स्कूल गोपाला सदन वैभरली आर्मडेल प्राधिकरण कम्पाउंड ओक पार्क मोहन पार्क तथा चीना हाउस पॉलिटेक्निक पिटरिया एटीआई सहित आसपास की महिला भक्तों ने भागीदारी की। सुंदरकांड व भजन कीर्तनों के दौरान प्रसाद, फल व आलू के गुटके आदि वितरण भी हुआ।

# अधिवक्ता हित में काम करने का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिला बार एसोशिएशन की नवनियुक्त कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को आयोजित किया गया जिसके बाद नवनियुक्त

## जिला बार एसोशिएशन की नवनियुक्त कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह

कार्यकारणी ने औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल व विशिष्ट अथिति उत्तराखण्ड बार काउंसिल के अध्यक्ष डा महेंद्र सिंह पाल रहे। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल द्वारा जिला बार संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष भगवत प्रसाद समेत सचिव दीपक




रुबाली, उपाध्यक्ष शंकर चौहान, उप सचिव दीपक दत्त पांडेय समेत वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य प्रीति साह, तारा आर्या, शशांक कुमार, गौरव कुमार को पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला जज सुबीर कुमार ने की। इससे पहले न्यायालय परिसर में पहुचे अतिथियों का बार संघ ने स्वागत किया। मुख्य अतिथि व उच्च न्यायालय न्यायाधीश राकेश थपलियाल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए नैनीताल बार के 111 वर्ष के गरिमामयी इतिहास को बनाए रखने की बात कही। बार काउंसिल के चेयरमैन डाक्टर महेंद्र सिंह पाल ने सभी पदाधिकारियों से एकजुट होकर अधिवक्ता हित में कार्य करने को कहा। एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष भगवत प्रसाद ने कहा कि अधिवक्ता साथियों ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौपी है। वे इस कसौटी पर सौ फीसदी खरा उतरने का प्रयास करेंगे। कहा कि बार द्वारा पारित प्रत्येक प्रस्ताव का सम्मान करना सभी अधिवक्ताओं का कर्तव्य है। वे हमेशा अधिवक्ता हित को आगे रखकर ही कार्य करेंगे। सचिव दीपक रुबाली ने कहा कि वह जिला न्यायालय में नए न्यायालयों की स्थापना के प्रयास करने के साथ ही अधिवक्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अधिवक्ता कल्याण के लिये कार्य करेंगे। इस दौरान सीनियर सिविल जज हर्ष यादव समेत सीजेएम रवि प्रकाश सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# भागवत कथा पुराण यज्ञ का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** दुग नाकुरी तहसील के उद्यमस्थल मां नंदा सुनंदा देवी मंदिर में श्रीमद देवी भागवत कथा पुराण यज्ञ के समापन अवसर पर सोमवार

## हवन यज्ञ के बाद माता की प्रतिमा को विसर्जित किया

को हवन यज्ञ किया गया। हवन यज्ञ में करीब दो दर्जन से अधिक यजमानों ने हिस्सा लेते यज्ञ कुंड में आहूति डाली। बता दें कि देवी भागवत कथा यज्ञ 30 मार्च से 7 अप्रैल तक आयोजित किया गया था। ज्ञान कथा यज्ञ के अंतिम दिन सोमवार की देर रात तक कथा का वाचन हुआ। फिर प्रसाद वितरण किया गया था। वही अंतिम दिन हवन यज्ञ में मुख्य यजमान



बहादुर सिंह नेगी, पुजारी दीवान सिंह हरड़िया, प्रेम सिंह सुरकाली, योगेश हरडिया, पूरन सिंह गढ़िया, खुशाल सिंह, जगदीश गढ़िया, हर्ष गढ़िया, प्रताप सिंह हरडिया, नंदन सिंह नेगी, मोहन सिंह, सहित अन्य यजमान अपने धर्म पत्नियों के साथ यज्ञ में बैठे। जबकि कथा वाचक वेद व्यास रमेश चन्द्र पांडे, पंडित बसन्त बल्लभ तिवाड़ी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सभी देवी का आह्वान कर उन्हें यज्ञ में आमंत्रित किया गया। हवन यज्ञ के बाद ग्राम पंचायत सुरकाली गांव, किरौली, स्यूनी गांव के सभी यज्ञ कर्ताओं ने मंदिर में पहुंचे नाकुरी पट्टी के श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आठ दिनों तक चले देवी भागवत कथा पुराण के अंतिम दिवस हवन यज्ञ के बाद मां नंदा सुनंदा की प्रतिमा को जयकारों के साथ नम आंखों से श्रद्धालुओं ने प्राकृतिक जल स्रोत के समीप विसर्जित किया गया। कथा के अंतिम दिवस पर वेद व्यास श्री पांडे द्वारा श्रद्धालुओं को भागवत कथा के श्रवण से मोक्ष की प्राप्ति होने का सन्देश दिया। उन्होंने कहा कथा भक्ति और सत्य के मार्ग आर चलने का संदेश देती है। यज्ञ का महत्व बताते हुए वेद व्यास ने बताया कि हवन यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है। व्यक्ति को आत्मीय बल मिलता है। इस अवसर पर ठाकुर सिंह गढ़िया, निर्मल सिंह, सुंदर सिंह सुरकाली, गोकुल गढ़िया, सुरेश सिंह, गणेश सिंह, विनोद चंद्र साह सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

# एक लाख से अधिक बच्चों को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। सीडीओ ने समीक्षा बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की गई। विकास भवन में सीडीओ दिवेश शाशनी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को कृमि संक्रमण से मुक्त करना है, जिससे उनके स्वास्थ्य, पोषण, विद्यालय उपस्थिति और समग्र जीवन स्तर में सुधार लाया जा सके। कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कहा कि सभी मिलकर आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि कोई भी बच्चा कृमि नियंत्रण की दवा लेने से वंचित न रहे। इस अभियान के तहत जनपद के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पॉलिटेक्निक, आईटीआई, मदरसों और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में निर्धारित आयु वर्ग के बच्चों को एल्बेन्डाजोल की गोली दी जाएगी। सीडीओ ने सभी निजी विद्यालयों को बच्चों को दवाई स्कूल परिसर में ही खिलाने के लिए निर्देशित किया। सीएमओ डा. आरसी पंत ने बताया कि जिले में इस अभियान के तहत कुल 118407 बच्चों को दवा देने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए 172778 एल्बेंडाजोल की गोलियां सभी विकास खंडों में वितरित की जा चुकी है।



# ब्रुक बने टी-20, वनडे कैप्टन

## कहा: यह मेरे लिए सम्मान की बात, जोस बटलर की जगह लेंगे

**लंदन, वार्ता।** हैरी ब्रकू इंग्लैंड की टी-20 और वनडे क्रिकेट टीम के नए कप्तान बनाए गए हैं। म्ब्ठ ने सोमवार को ब्रुक को वाइट बाल कैप्टन बनाने का ऐलान किया। वे जोस बटलर की जगह लेंगे। बटलर ने पिछले महीने चैंपियंस ट्राफी 2025 के बाद कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया था। 26 साल के हैरी ब्रुक ने कहा- श्यह मेरे लिए सम्मान की बात है। जब मैं व्हार्फडेल में बर्ले क्रिकेट खेलता था। तब यार्कशायर से खेलने और इंग्लैंड की कप्तानी करने का सपना देखता था। यह मौकों मेरे लिए बहुत मायने रखता है।आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में कप्तानी कर चुके हैं ब्रुक ब्रुक जनवरी 2022 में डेब्यू करने के बाद से इंग्लैंड की वाइट बाल टीम का अहम हिस्सा हैं। वे पिछले एक साल से वनडे और टी-20 टीम के वाइस कैप्टन हैं। उन्होंने सितंबर-2024 में बटलर की गैरमौजूदगी में आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में इंग्लिश की कप्तानी कर चुके हैं।

वे न्यूजीलैंड में 2018 आईसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप में भी इंग्लैंड की कप्तानी कर चुके हैं। खराब प्रदर्शन की वजह से बटलर ने कप्तानी छोड़ी थी जोस बटलर ने पिछले महीने चैंपियंस ट्राफी में टीम के खराब प्रदर्शन की वजह से कप्तानी छोड़ दी थी। उन्होंने एक मार्च को कराची में टीम के आखिरी ग्रुप स्टेज मैच से पहले कहा था- श्मेरे लिए कप्तानी छोड़ने का यही सही समय है, टीम के लिए भी यही समय है।श इंग्लिश टीम चैंपियंस ट्राफी में एक भी मैच नहीं जीत सकी थी और ग्रुप स्टेज से बाहर हो गई थी। इतना ही नहीं, टीम 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में नाकआउट स्टेज तक नहीं पहुंच सकी थी।

# पंजाब के खिलाफ मैच में जीत की पटरी पर वापस आना चाहेगी चेन्नई सुपर किंग्स

**चंडीगढ़, वार्ता।** लगातार मिली तीन हार से तिलमिलायी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) मंगलवार को यहां पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ अहम आईपीएल मुकाबले में जीत की राह पर लौटने की हर मुमकिन कोशिश करेगी।

मुंबई इंडियंस पर शानदार जीत के साथ आईपीएल 2025 अभियान की शुरुआत करने वाली सीएसके को लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स से उसने मुंह की खाई है। हार की हैट्रिक ने टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी में कमजोरियों को उजागर किया है। पांच बार की चैंपियन टीम अब तक खेले गए चार मैचों में अपने 17 खिलाड़ियों का इस्तेमाल कर चुकी है। यह बदलाव स्पष्ट रूप से तय रणनीति की कमी को दर्शाता है। पिछले चार मैचों में 121 रन बनाने वाले कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ पर मुलांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भी निगाहें होंगी। टूर्नामेंट में दस विकेट अपने नाम करने वाले नूर अहमद भी टीम की सबसे बड़ी उम्मीद बने हुए हैं। हालाँकि, रवींद्र जडेजा और शिवम दुबे जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों की फॉर्म और भूमिका और




**हार की हैट्रिक ने टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी में कमजोरियों को उजागर किया है**

रविचंद्रन अश्विन की अगुआई में उनके स्पिन विभाग से निराशाजनक वापसी को लेकर सवाल बने हुए हैं। इसके विपरीत, राजस्थान रॉयल्स से 50 रन से हारने के बावजूद पंजाब किंग्स में अधिक एकजुटता दिखी है।

श्रेयस अय्यर ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया है और तीन मैचों में 159 रन बनाए हैं जबकि नेहल वढेरा ने मध्य क्रम में प्रभावित किया है। पीबीकेएस अपने पिछले पांच मुकाबलों में से चार में जीत हासिल करने के साथ सीएसके पर अपना हालिया दबदबा बनाए रखने के लिए खुद को तैयार करेगी। हालांकि, सीएसके मई 2024 में पीबीकेएस के खिलाफ अपने आखिरी मुकाबले से उत्साहित होगी, जहां उन्होंने 28 रन की जीत दर्ज की थी। रलवद्र जडेजा भी गेंद और बल्ले के अलावा क्षेत्ररक्षक की भूमिका का निर्वहन करेंगे। मैच शामं 7:30 बजे साफ आसमान के नीचे शुरू होने वाला है।

मुलनपुर की पिच ने संतुलन के संकेत दिखाए हैं, लेकिन यह पीछा करने वाली टीमों के पक्ष में है, पिछले सीजन में इस स्थल पर पांच में से तीन मैच पहले गेंदबाजी करने वाली टीम ने जीते थे। दोनों टीमें हार के बाद आई हैं और टूर्नामेंट की लय अधर में लटकी हुई है, ऐसे में मंगलवार का मैच रोमांचक होने की उम्मीद है।

**पंजाब किंग्स:** प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह (विकेट कीपर), श्रेयस अय्यर (कप्तान), शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, सूर्यांश शेडगे, मार्को जेनसन, लॉकी फर्ग्यूसन, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह

चेन्नई सुपर किंग्स: रचिन रवींद्र, डेवोन कॉनवे, ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), विजय शंकर, रवींद्र जडेजा, एमएस धोनी (विकेट कीपर), रविचंद्रन अश्विन, नूर अहमद, मुकेश चौधरी, खलील अहमद, मथीशा पथिराना

## टोरंटो-इंटर मियामी के बीच मुकाबला बराबरी पर

**मियामी।** लियोनेल मेसी के पहले हाफ में किए गए गोल के बावजूद इंटर मियामी ने टोरंटो के खिलाफ एमएलएस मैच 1-1 की बराबरी पर खत्म किया। इतालवी मिडफील्डर फेडेरिको बर्नार्डेस्की ने रविवार को हमवतन लोरेंजो इनसिग्ने के साथ मिलकर फोर्ट लॉडरडेल में शानदार फिनिश के साथ कनाडाई टीम को बढ़त दिलाई। मेसी ने टेलास्को के पास के बाद गोलकीपर सीन जॉनसन को चकमा देते हुए लो ड्राइव को गोल में बदला और अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया। इंटर मियामी ने दो तिहाई से अधिक समय तक गेंद को अपने कब्जे पर रखा लेकिन जॉनसन ने दूसरे हाफ में लगातार हो रहे हमलों से गोल को रोकने में सफलता हासिल की। उन्होने शानदार गोलकीपिंग का प्रदर्शन करते हुये मैच के दौरान नौ गोल बचाए। इस परिणाम के साथ इंटर मियामी 15 टीमों की ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस सूची में छह मैचों में 14 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। टोरंटो अभी तक केवल तीन अंकों के साथ 14वें स्थान पर है।

## एफआईएच प्रतिनिधिमंडल मई में करेगा लॉस एंजिल्स का दौरा

**स्वट्जरलैंड।** एफआईएच का एक प्रतिनिधिमंडल मई में लॉस एंजिल्स का दौरा करेगा। एफआईएच सूत्रों ने सोमवार को बताया कि एफआईएच पांच से नौ मई के बीच लॉस एंजिल्स में अपना निरीक्षण दौरा करेगा, जिसमें एलए28 और यूएसए फील्ड हॉकी के साथ हॉकी स्थल और संचालन का मूल्यांकन किया जाएगा। हॉकी का आयोजन कार्सन फील्ड्स में होगा, जिसमें टेनिस, रग्बी 7, साइकिलिंग और तीरंदाजी भी आयोजित की जाती है। अध्यक्ष इकराम ने ओलंपिक मंच पर हॉकी को ऊपर उठाने के लिए एलए28 नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुये कहा ह एलए28 के साथ हमारा जुड़ाव नवाचार, विरासत और उत्कृष्टता के प्रति साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# गिल ने जमकर की सिराज की तारीफ



- गेंदबाजी और फिल्डिंग के दौरान जो ऊर्जा सिराज लाते है वह देखना शानदार है

**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल 2025 के 19वें मैच में गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हरा दिया। मोहम्मद सिराज की घातक गेंदबाजी के बाद कप्तान शुभमन गिल की शानदार पारी से गुजरात की टीम जीतने में कामयाब रही। मैच के बाद गुजरात के कप्तान ने सिराज की जमकर तारीफ की। साथ ही उन्होंने गेंदबाजों को टी20 क्रिकेट में गेमचेंजर बताया। मैच में सिराज ने 17 रन देकर चार विकेट लिए थे। उनके अलावा तेज गेंदबाज प्रसि( ख्रष्णा और बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर ने भी दो-दो विकेट चटकाए। मैच के बाद गिल ने कहा, श्गेंदबाज मैच का रूख बदल देते हैं। खासतौर पर इस प्रारूप में। काफी लोग टी20 में बल्लेबाजी और हिटिंग की बात करते हैं, लेकिन हमें लगता है कि मैच गेंदबाजों द्वारा जीते जाते हैं। इसलिए इस फेंचाइजी में गेंदबाजों को काफी तवज्जो दी जाती है।श गिल ने कहा, श्हम पूरे मैदान में शाट खेलना चाहते थे। मेरे और वाशिंगटन सुंदर के बीच यही बातचीत हुई थी। सुंदर मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में उत्साहित थे, लेकिन इम्पैक्ट प्लेयर नियम के साथ, आपको कई बार अपनी योजनाओं को बदलना पड़ता है। जिस तरह से उन्होंने इस मैच में बल्लेबाजी की वह शानदार थी। हमारे बीच कोई खास बातचीत नहीं हुई। बस हम अच्छे क्रिकेटिंग शाट्स खेलने के बारे में सोच रहे थे। एक बार जब हमने 30-40 रन की साझेदारी कर ली तो हमने खेल खत्म करने का सोचा। गेंदबाजी और फील्डिग के दौरान जो ऊर्जा सिराज लाते हैं, वह देखना शानदार है। वहीं, सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने हैदराबाद की पिच पर ही सवाल खड़े कर दिए। उन्होंने कहा, श्यह हैदराबाद का पारंपरिक विकेट नहीं है। यहां गेंद स्किड हो रही थी, लेकिन हैदराबाद का पारंपरिक विकेट थोड़ा कठोर है। इस पिच पर खेलना बहुत मुश्किल था। अंत में यह विकेट उतना स्पिन भी नहीं कर रहा था जैसा हमने सोचा था। हमारा स्कोर भी अच्छा नहीं रहा, लेकिन उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की। उनकी तेज गेंदबाजी को भी इस मैच में खेलना थोड़ा मुश्किल था। चार महीने बाद मैदान पर वापसी के लिए तैयार बुमराह, मैच से पहले अभ्यास सत्र में दमखम से की गेंदबाजी मैच की बात करें तो गुजरात के गेंदबाजों ने पहले बल्लेबाजी कर रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम को 20 ओवर में आठ विकेट पर 152 रन ही बनाने दिया। जवाब में कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 61 रन) के अर्द्धशतक और वाशिंगटन सुंदर (49 रन) के साथ उनकी तीसरे विकेट के लिए 56 गेंद में 90 रन की साझेदारी की बदौलत गुजरात ने लगातार तीसरी जीत दर्ज की। गिल और शेरफाने रदरफोर्ड (नाबाद 35 रन, 16 गेंद, छह चौके, एक छक्का) के बीच चौथे विकेट के लिए 21 गेंद में 47 रन की अटूट साझेदारी हुई। गुजरात ने 16.4 ओवर में तीन विकेट पर 153 रन बनाकर जीत हासिल की।

# एलएसजी के खिलाफ लय बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी केकेआर

**केकेआर की वापसी में उसकी संतुलित गेंदबाजी का अहम योगदान है**

**कोलकाता, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफर 80 रनों की एकतरफा जीत से उत्साहित कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)के 21वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अपने घरेलू मैदान पर गत विजेता की शानदार जीत ने न केवल उसे अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचा दिया, बल्कि टीम में विश्वास भी जगा है, जो कि पहले के मैचों में नजर नहीं आ रहा था। केकेआर को नेट रन रेट अब +0-070 पर है जिसको देखते हुये मौजूदा सत्र में टीम प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुयी है। केकेआर की वापसी में उसकी संतुलित गेंदबाजी का अहम योगदान है, खासकर वरुण चक्रवर्ती और सुनील नरेन की स्पिन जोड़ी ने एसआरएच को जीत से दूर कर दिया। लखनऊ की टीम के खिलाफ़ भी दोनो फिरकी गेंदबाजों के आठ ओवर आकर्षण का केंद्र होंगे। लखनऊ की टीम बल्ले से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही है। वेंकटेश अय्यर ने एसआरएच के खिलाफ 29 गेंदों पर 60 रन बनाए जबकि अंगकृष रघुवंशी ने 50 रनों की पारी खेली, जिससे केकेआर के बल्लेबाजी क्रम को आत्मविश्वास मिला। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने शीर्ष क्रम को संभाला वहीं फिनिसर्स के तौर पर माने जाने वाले रिंकू सिंह से टीम को एक मजबूती प्रदान हुई है। सलामी बल्लेबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है, लेकिन नंबर 3 और 4 पर स्थिरता ने उस दबाव को कुछ हद तक कम कर दिया है।

इस बीच, एलएसजी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ़ 12 रनों की मामूली जीत दर्ज की और तालिका में छठे स्थान पर है। निकोलस पूरन 218-47 के शानदार स्ट्राइक रेट से 201 रन बनाकर इस सीज़न में उनके सबसे लगातार बल्लेबाज़ बने हुए हैं, लेकिन बाकी बल्लेबाज़ी क्रम अभी तक एक साथ नहीं चल पाया है। पिछले मैच में हालांकि मिशेल मार्श के अर्द्धशतक ने हौसला बढ़ाया है, लेकिन ऋषभ पंत और डेविड मिलर का लगातार खराब फॉर्म टीम के लिए चिंता का विषय है।

# पीएम ने देश में नई खेल संस्कृति को दिया बढ़ावा : योगी

- पहली बार किसी प्रतियोगिता में 1341 खिलाड़ी भाग ले रहे है

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में एक नई खेल संस्कृति को बढ़ावा दिया है। खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट के साथ हर जिले में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के केंद्र इस बात के उदाहरण हैं। योगी ने यहां 35वीं वाहिनी पीएसी,लखनऊ में पहली अखिल भारतीय पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर (हैंडबॉल/बास्केटबॉल) 2024-25 के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि इन सभी कार्यक्रमों को ध्यान में रख करके ही देश में ऑल इंडिया पुलिस के टूर्नामेंट के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने की श्रृंखला प्रारंभ हुई है। आज से अगले पांच दिनों तक ऑल इंडिया पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर- 2025 का आयोजन लखनऊ में होने जा रहा है जिसेमें केंद्रीय बलों और विभिन्न राज्यों के पुलिस बलों से जुड़े हुई 75 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। प्रतियोगिता में 1,341 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। इसमें 336 महिला खिलाड़ी भी हिस्सेदार बनने जा रही हैं। उन्होने कहा कि पहली बार किसी प्रतियोगिता में 75 से अधिक टीमें और 1,341 खिलाड़ी एक साथ प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रदेश की राजधानी में देश भर से पूर्वोत्तर के सुदूर मणिपुर से लेकर करके केरल और तमिलनाडु की टीम, जम्मू कश्मीर से लेकर करके तेलंगाना की टीम, वेस्ट बंगाल की टीमें आयोजन का हिस्सा बन करके इसे नई ऊंचाई पर पहुंचाएंगी। प्रतियोगिता एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलकूद की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए देश ने एक नई खेल संस्कृति को आगे बढ़ाया है। उसी का परिणाम है कि खेलकूद भी व्यक्ति के जीवन को सजाने और संवारने का माध्यम बन रहा है। सरकार ने प्रदेश में खेल नीति लागू की है। पिछले पांच वर्षों में अकेले प्रदेश पुलिस विभाग ने 500 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी सुनिश्चित की है।

## बीजीटी की जंग आईपीएल में भी जारी

**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल 2025 में मोहम्मद सिराज का शानदार फार्म जारी है। रायल चौलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ चिन्नास्वामी स्टेडियम में घातक गेंदबाजी के बाद अब सिराज ने सनराइजर्स को उनके घर हैदराबाद में हार का स्वाद चखाया। चिन्नास्वामी सिराज की पूर्व टीम का होम ग्राउंड है तो हैदराबाद उनका असली होम ग्राउंड। इन दोनों जगहों पर खूब रन बनते हैं, लेकिन सिराज ने दिखा दिया कि वह क्यों मौजूदा समय के सबसे अच्छे तेज गेंदबाजों में से एक हैं। सिराज ने आरसीबी के खिलाफ 19 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे, जबकि हैदराबाद के खिलाफ 17 रन देकर चार विकेट लिए। यह उनका आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन भी है। इतना ही नहीं सिराज ने ट्रेविस हेड को पारी के पहले ओवर में ही पवेलियन भेज दिया।

चैंपियंस ट्राफी जीतने वाली भारतीय टीम में नहीं शामिल नहीं किए जाने के बाद उन्होंने अपने प्रदर्शन से चयनकर्ताओं को भी जवाब दिया है। दरअसल, पिछले साल आस्ट्रेलिया दौरे पर सिराज और हेड के बीच जंग देखने को मिली थी। दोनों मैदान पर भिड़ गए थे। इसके बाद सीरीज खत्म होने तक यह ड्रामा जारी रहा था। अब यही जंग आईपीएल में भी देखने को मिली।

## इशांत पर आईपीएल आचार संहिता उल्लंघन में लगा जुर्माना

**हैदराबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटन्स के गेंदबाज इशांत शर्मा पर रविवार रात यहां राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उन्हें एक डिमेरिट अंक भी मिला है। इशांत ने अनुच्छेद 2-2 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया और मैच रेफरी की सजा को स्वीकारा है।

## तीसरे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए पाक पर जुर्माना

**माउंट माउंगानुई।** न्यूजीलैंड के खिलाफ शनिवार को तीसरे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए पाकिस्तान पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मैच रेफरी के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के जेफ क्रो ने यह जुर्माना लगाया। मोहम्मद रिजवान की टीम को समय भत्ते को ध्यान में रखते हुए लक्ष्य से एक ओवर कम होने का फैसला सुनाया गया। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में गेंदबाजी करने में विफल रहने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। आईसीसी मीडिया बयान के अनुसार, रिजवान ने अपराध के लिए दोषी होने की दलील दी और प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया।


## कार्यालय नगर पंचायत लालकुआं, जिला-नैनीताल।

पिन कोड 262402

(www.Nagarpanchayatlalkuan.in) E-Mail-eolalmbuk@gmail.com

पत्रांक: 05/न0प0/ ई0टी0पी/ई-निविदा/2024-25 दिनांक- 07/04/2025

### ई-निविदा सूचना

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पंचायत लालकुआँ, जिला-नैनीताल द्वारा निम्नलिखित कार्य को कराये जाने हेतु टू-विड कार्य की ई-निविदा दिनांक 22.04.2025 तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | निविदा प्रपत्र डाउनलोड की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | नगर पंचायत लालकुआँ, जिला-नैनीताल ई0टी0पी0 / एस0टी0पी0 संचालन व रख-रखाव कार्य। | 13,000.00 | 1000.000+180.00 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 | दिनांक 08/04/2025 से दिनांक 22/04/2025 तक |

अत: उक्त के सम्बंध में विस्तृत विवरण http:www.uktenders.gov.in से डाउनलोड कर देखी जा सकती हैं।

(राहुल कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत लालकुआँ।

(सुरेन्द्र सिंह लोटनी)
अध्यक्ष,
नगर पंचायत लालकुआँ।

## कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम नलकूप उपखण्ड, टनकपुर

पत्रांक :-33 / सहा0अभि0प्र0 / निविदा / 2025 / दिनांक 07 / 04 / 2025

अल्पकालीन निविदा संख्या-01 / सहा0अभि0-प्रथम / 2025 दिनांक / 07.04.2025

उत्तराखण्ड प्रदेश राज्यपाल महोदय की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबन्द निविदायें वर्गीकृत श्रेणी ("डी" अथवा "उच्चतर") के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 19.04.2025 अपरान्ह 04.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। यह निविदायें समाचार पत्र में प्रकाशित होने के बाद से दिनांक 19.04.2025 तक सहायक अभियन्ता प्रथम नलकूप उपखण्ड टनकपुर के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त की जा सकती हैं, जो दिनांक 21.04.2025 को अपरान्ह 12.00 बजे तक टैण्डर बॉक्स में डाली जा सकती है। जो अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष दिनांक 21.04.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेंगी। यह निविदायें सील्ड कवर में भेजी जायेंगी। विलम्ब से प्राप्त निविदायें स्वतः निरस्त मानी जायेंगी। निविदा के लिफाफे के ऊपर स्पष्ट शब्दों में निविदा दिनांक अंकित होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि डाकघर की राष्ट्रीय बचत पत्र टी0डी0एस0 अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक की फिक्स डिपोजिट के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड, टनकपुर (चम्पावत) के नाम से बन्धक बनाकर लानी होगी। दोनों लिफाफे पर स्पष्ट विवरण अंकित करना होगा। बिना धरोहर धनराशि जमा किये एवं सशर्त निविदायें मान्य नही होंगी। अधोहस्ताक्षरी के पास कोई भी निविदा अथवा समस्त निविदायें बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर एक रूपये का रैवन्यू टिकट लगाकर दरों की वैधता अंकित कर संलग्न करना आवश्यक होगा। यदि निविदा खोलने के दिनांक को कोई राजकीय अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्य दिवस को खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि दिवस | कार्य हेतु ठेकेदार की आवश्यक श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नाबार्ड-मद के अन्तर्गत जनपद-चम्पावत के विकासखण्ड-चम्पावत के ग्राम-चूका में सोलर पावर आधरित लिफ्ट सिंचाई योजना के पम्प हॉउस के निर्माण का कार्य। | 14952/- | 500+18% जी.एस.टी. | 03 माह | श्रेणी 'डी' या उच्चतर |
| 2 | नाबार्ड-मद के अन्तर्गत जनपद-चम्पावत के विकासखण्ड-चम्पावत के ग्राम-डांडा में सोलर पावर आधरित लिफ्ट सिंचाई योजना के पम्प हॉउस के निर्माण का कार्य। | 14952/- | 500+18% जी.एस.टी. | 03 माह | श्रेणी 'डी' या उच्चतर |
| 3 | नाबार्ड-मद के अन्तर्गत जनपद-चम्पावत के विकासखण्ड-चम्पावत के ग्राम-एडिसेरा छतकोट में सोलर पावर आधरित लिफ्ट सिंचाई योजना के पम्प हॉउस के निर्माण का कार्य। | 14952/- | 500+18% जी.एस.टी. | 03 माह | श्रेणी 'डी' या उच्चतर |
| 4 | नाबार्ड-मद के अन्तर्गत जनपद-चम्पावत के विकासखण्ड-चम्पावत के ग्राम-चूका में सोलर पावर आधरित लिफ्ट सिंचाई योजना के डिलीवरी टैंक के निर्माण का कार्य। | 8785/- | 500+18% जी.एस.टी. | 03 माह | श्रेणी 'डी' या उच्चतर |
| 5 | नाबार्ड-मद के अन्तर्गत जनपद-चम्पावत के विकासखण्ड-चम्पावत के ग्राम-डांडा में सोलर पावर आधरित लिफ्ट सिंचाई योजना के डिलीवरी टैंक के निर्माण का कार्य। | 8785/- | 500+18% जी.एस.टी. | 03 माह | श्रेणी 'डी' या उच्चतर |
| 6 | नाबार्ड-मद के अन्तर्गत जनपद-चम्पावत के विकासखण्ड-चम्पावत के ग्राम-एडिसेरा छतकोट में सोलर पावर आधरित लिफ्ट सिंचाई योजना के डिलीवरी टैंक के निर्माण का कार्य। | 8785/- | 500+18% जी.एस.टी. | 03 माह | श्रेणी 'डी' या उच्चतर |

नोट – अन्य शर्ते कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम, नलकूप उपखण्ड टनकपुर में देखी जा सकती है।

सहायक अभियन्ता प्रथम
नलकूप उपखण्ड, टनकपुर

# रुड़की के यात्रियों को मिलेगा हिमगिरि एक्सप्रेस का लाभ

## हरिद्वार सांसद ने झंडी दिखाकर रुड़की स्टेशन से ट्रेन को किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** हिमगिरि एक्सप्रेस का स्टॉपेज अब रुड़की रेलवे स्टेशन पर भी होगा। इसका लाभ कई लोगों को मिलेगा। आज सांसद एवं कई प्रमुख लोगों ने ट्रेन को झंडा दिखाकर रवाना किया।

रुड़की रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा सौभाग्य और सुविधा की बात है कि यह ट्रेन अब यहां रुकेगी जिससे कई लोगों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले तीन चार माह में रुड़की रेलवे स्टेशन भरपूर सुविधाओं से युक्त होगा। उन्होंने कहा पंद्रह से बीस दिनों में झबरेड़ा देवबंद रेलवे लाइन शुरू हो जाएगी जिससे दिल्ली के सफर में आधा से पौन घंटे का समय बचेगा। उन्होंने कहा कि सहारनपुर लक्सर और हरिद्वार सटल एक्सप्रेस जल्द चालू हो



इसके प्रयास भी जारी हैं। राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी ने यात्रियों को शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा वैष्णो देवी जाने वाले यात्रियों को ट्रेन का लाभ मिलेगा साथ ही लंबी दूरी का सफर कम समय में तय होगा। विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि आने वाले समय में रुड़की का स्टेशन हाईटेक होने वाला है कहा कि स्टेशन पर यात्रियों के लिए लगातार सुविधाएं बढ़ रही हैं यह ट्रेन का स्टॉपेज भी इसका ही एक हिस्सा है। इस अवसर पर मेयर अनीता अग्रवाल, दर्जा मंत्री अजीत सिंह,जिलाध्यक्ष मधु सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी, वरिष्ठ नेता मयंक गुप्ता, डॉ सौरभ गुप्ता, अध्यक्ष सुमित अग्रवाल,रेलवे बोर्ड की सदस्य पूजा नंदा, पार्षद संजीव तोमर,विवेक चौधरी, नीलकमल शर्मा,रोमा सैनी,रामगोपाल शर्मा,राजकुमार पुंडीर,अभय सिंह पुंडीर,अक्षय प्रताप सिंह,पंकज नंदा,प्रदीप चौधरी, सावित्री मंगला, श्यामवीर सैनी आदि उपस्थित रहे।

**मिलेगा यात्रियों को फायदा...**जम्मू से हावड़ा के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए एक अच्छी खबर सामने आ रही है कि अब हिमगिरी एक्सप्रेस का स्टॉपेज अब फिर से रुड़की में शुरू हो गया है जिसके चलते उत्तर प्रदेश के कानपुर के देहात और उत्तराखंड आने जाने वाले यात्रियों को एक बड़ी राहत मिलने वाली है। हिमगिरी एक्सप्रेस का ठहराव करीब 3 साल से रुड़की में बंद था जबकि रुड़की रेलवे स्टेशन ए श्रेणी में दर्ज है। जिसके कारण केंद्र सरकार की अमृत रेलवे स्टेशन योजना का भी हिस्सा रुड़की में बना है। इस स्टेशन से पूर्व से ही जम्मू और हावड़ा के लिए काफी यात्री है लेकिन सियालदह व पंजाब मेल एक्सप्रेस में टिकट फुल होने पर यात्री सफर नहीं कर पाते थे। यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए हिमगिरी एक्सप्रेस का संचालन फिर से शुरू करने की मांग उठी थी जिसके बाद हिमगिरी एक्सप्रेस को रुड़की में ठहराव के लिए हरी झंडी मिली जिसका आदेश नई दिल्ली मुख्यालय ने जारी किया। सप्ताह में तीन दिन ट्रेन का संचालन अपडाउन रहेगा जबकि ट्रेन जम्मूतवी और हावड़ा तक करीब दो हजार किलोमीटर का सफर तय करेगी। 6 अप्रैल को जम्मूतवी स्टेशन से चलकर 2332 (जम्मूतवी-हावड़ा हिमगिरि एक्सप्रेस) रुड़की स्टेशन पर सुबह 7:38 बजे पहुंची 07:40 बजे रवाना हुई। वहीं हावड़ा स्टेशन से चलने वाली 12331 (हावड़ा-जम्मूतवी हिमगिरि एक्सप्रेस) रुड़की स्टेशन पर सुबह 3:10 बजे पहुंचेगी जिसके लिए दो मिनट का ठहराव होगा।

# नाबालिग लड़की को भगाने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** रुड़की पुलिस ने नाबालिग लड़की को भगाने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 29.7.2025 को वादी की नाबालिक पुत्री के घर से कहीं चले जाने के संबंध में कोतवाली रुड़की पर वादी की तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। नाबालिक व महिला संबंधित अपराध होने के दृष्टिगत मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी कोतवाली रुड़की ने निर्देशन में कई टीम का गठन किया गया। सीसीटीवी कैमरा और मुखबिर तंत्र की सहायता से अपहृता को बस अड्डे रुड़की से सकुशल बरामद किया गया तथा अभियुक्त साबिर पुत्र हाकिम निवासी नौरंगाबाद कानपुर तहसील पलवल थाना हसनपुर हरियाणा उम्र 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त' साबिर को पकडने वाली पुलिस टीम' उपनि पूजा मेहरा उपनि विजय कुमार हेड कांस्टेबल प्रवीण कुमार का. रंगमोहन आदि शामिल रहे।

# जेके टायर कंपनी के कर्मचारियों के समर्थन में पहुंचे कांग्रेस, भाजपा सहित सपा विधायक अतुल प्रधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** आज जेके टायर कंपनी के कर्मचारियों के द्वारा महापंचायत का ऐलान किया गया था जिसमें उत्तर प्रदेश से समाजवादी पार्टी विधायक अतुल प्रधान उत्तराखंड से कांग्रेस के पूर्व मंत्री हीरा सिंह बिस्ट प्रदेश अध्यक्ष इटक उत्तराखंड उत्तर प्रदेश से भाजपा के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कर्मचारियों को समर्थन देने के लिए पहुंचे।

सभी ने कहा कि यह पहली बार हो रहा है कि कर्मचारियों की शुद्ध लेने वाला कोई नहीं है उन्होंने कहा अगर कर्मचारियों की बात नहीं मानी गई तो हम मजबूर होकर शांति प्रिय तरीके से पैदल मार्च जेके टायर कंपनी के सामने पहुंचेंगे हम यही चाहते हैं कि किसी भी किस्म का माहौल खराब ना हो उन्होंने यह भी कहा कि सबसे पहले जो तीन कर्मचारियों को टर्मिनेट किया गया है। उनको वापस लिया जाए उसके बाद ही आगे वार्ता की जाएगी उन्होंने जमकर जेके टायर के अधिकारियों के खिलाफ आवाज उठाई और कहा कि अगर कल तक ये समझौता नहीं होगा तो हम कर्मचारी के साथ कंध से कंधा मिलाकर खड़े हो जाएंगे। अगर कहीं किसी किस्म से माहौल खराब होता है तो उसकी जिम्मेदारी जेके टायर के अधिकारियों की होगी। वहां पर जो मुख्य रूप से शामिल रहे उनमें भारतीय किसान यूनियन पटेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी कीरत सिंह धीर सिंह प्रधान जिला पंचायत मेंबर संजय सैनी एडवोकेट सतवीर चौधरी राजपाल प्रधान सहदेव प्रधान संदीप चौधरी सुभाष चौधरी शासन प्रशासन और से एसपी देहात एसडीएम लक्सर सी ओ लक्सर इंस्पेक्टर लक्सर अन्य पुलिस कर्मियों सहित जेके टायर के हजारों कर्मचारी मौजूद रहे।

# लक्सर विधायक हाजी शहजाद की कोशिश लाई रंग

## विस क्षेत्र को 315 लाख रुपए की लागत से चार सड़कों की मिली सौगात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर विधायक हाजी मोहम्मद शहजाद की कोशिश रंग लायी है उनके प्रयास से विधायक के प्रस्ताव पर 315 लाख रुपए से बनने वाली चार सड़कों की सौगात मंजूर हो गई है जिससे संबंधित गांव में अब टूटी हुई सड़क पर नहीं चलना पड़ेगा ।

लक्सर विधायक हाजी मोहम्मद शहजाद ने बताया गया कि मेरे द्वारा दिए गए प्रस्ताव पर शासन की ओर से दस्को से टूटी हुई चार सड़कों को 315 लाख रुपए की लागत से बनाने की सौगात मिल चुकी है उन्होंने कहा मेरे द्वारा जो शासन को प्रस्ताव भेजे गए थे उन विकास कार्य को स्वीकृति मिल चुकी है अब उनके टेंडर कराए जा रहे हैं मेरे द्वारा कार्य धरातल पर कराए जा रहे हैं क्योंकि विकास के बारे में कोई भेदभाव जाति बंधन नहीं है इसीलिए मैंने शासन को चार सड़कों की बनाने का प्रस्ताव भेजा था जिनमें ग्राम रजबपुर में लगभग 66 लख रुपए से स्वीकृत कार्य हुआ है ग्राम अकबरपुर ऊद में लगभग 90 लख रुपए से स्वीकृत कार्य हुआ है ग्राम मोहम्मदपुर बुजुर्ग में लगभग 120 लाख रुपए से स्वीकृत कार्य हुआ है ग्राम नगला खिताब में लगभग 36 लाख रुपए से स्वीकृत कार्य हुए हैं उन्होंने कहा लक्सर विधानसभा के ग्रामीणों के द्वारा जो मुझे दावित्य



सोपा गया था उसको मैं पूरा करने की कोशिश कर रहा हूं उन्होंने कहा राज्य योजना वित्त वर्ष 2024 25 के अंतर्गत उपरोक्त कार्यो को स्वीकृति मिल चुकी है उन्होंने यह भी कहा कि आगे जो भी बची हुई

**❖पिछड़े क्षेत्रो का प्राथमिकता से कराया जा रहा विकास: शहजाद**

सड़के व विकास के कार्य हैं उनको भी बहुत जल्द पूरा कराने की कोशिश की जाएगी ऐसा कोई गांव नहीं होगा जिसमें मेरे द्वारा बगैर भेदभाव के विकास न कराया जाए लक्सर विधायक के द्वारा कराई जा रहे हैं कार्यों की लोग जमकर तारीफ कर रहे हैं। विधायक हाजी मोहम्मद शहजाद ने कहा कि वह जब से लक्सर के विधायक बने हैं इस पिछड़े हुए विधानसभा क्षेत्र में लगातार बुनियादी विकास कर रहे हैं पहले वह उन क्षेत्र को प्राथमिकता से विकास कर रहे हैं जहां कई दशक से विकास नहीं हो पाए हैं सड़के वहां की बदहाल हैं लोगों का निकलना मुश्किल हो गया हैवह बिना किसी भेदभाव पिछड़े हुए क्षेत्र काप्राथमिकता से विकास कर रहे हैं और सभी वर्ग के लोगों कोसाथ लेकर चल रहे हैं सबका एक समान विकास कर रहे हैं और वह आगे भी पूरी ईमानदारी जिम्मेदारी से विधानसभा क्षेत्र का बिना भारत भाव विकास करते रहेंगे।

# शांतिभंग में एक आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** शांति भंग करने पर एक व्यक्ति को अंतर्गत धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार दिनांक 6.4 .2025 को कांस्टेबल गुलबहार कांस्टेबल 656 प्रदीप भंडारी गस्त में मामूर थे कि आदर्श नगर में एक व्यक्ति हर्ष कश्यप पुत्र मोहनलाल निवासी मकान नंबर 177 निकट हनुमान मंदिर आदर्श नगर रुड़की जिला हरिद्वार उम्र 29 वर्ष द्वारा बिना सेंट स्टोर के कर्मचारियों के साथ आमद फसाद कर रहा था जो मरने मरने पर उतारू था जिसको समझने का काफी प्रयास किया गया तो और उत्तेजित हो गया कोई चारा न देख उक्त व्यक्ति को अंतर्गत धारा 170 बंस में गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायालय पेश किया जा रहा है।

# ड्रग इंस्पेक्टर अनीता भारती ने स्कूली छात्रों को नशे के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** राजकीय महाविद्यालय मरगूबपुर हरिद्वार में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एंटी ड्रग फ्री देवभूमि विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता ड्रग इंस्पेक्टर अनिता भारती रही।

जानकारी के अनुसार ड्रग इंस्पेक्टर अनिता भारती ने छात्रों को बताया कि कैसे अपने आपको विभिन्न क्रियाकलापों से व्यस्त करके ड्रग जैसे नशों से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपने अभिभावकों व गुरूओं का सम्मान करना चाहिए और



कडी मेहनत करके अपने सपनों को साकार करना चाहिए। यदि कोई नशीली चीत बेचता है या प्रयोग करता है तो उसकी गोपनीय सूचना दें। कार्यक्रम में मुकेश गुप्ता, विशाल सैनी, कविता आदि उपस्थित रहे।

# एएसपी ने किया निशुल्क स्वास्थ्य जांच व रक्तदान शिविर का शुभारंभ

## स्वास्थ्य जांच व रक्तदान शिविर लगाना मानवता का कार्य : मिश्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आईपीएस अधिकारी तथा कोतवाली प्रभारी कुश मिश्रा ने कहा है कि सबसे बड़ा धर्म मानवता तथा इंसानों की सेवा करना है, इसीलिए आदिकाल से् नर सेवा नारायण सेवा को भी धर्म का ही एक बिन्दु माना गया है।

जानकारी के अनुसार प्रभारी कोतवाली मिश्रा ने रुड़की कोतवाली में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर उत्तराखंड नागरिक सम्मान समिति के सहयोग से लगाए गए नि:शुल्क रक्तदान एवं चिकित्सा शिविर का शुभारंभ करते हुए कहा की विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर हमें यह प्रण लेना चाहिए कि हमारा भारत वर्ष जिस तरह से टी बी मुक्त ,पोलियो मुक्त, तथा कुष्ठ रोगों से मुक्ति पाने में विश्व में अपना स्थान बना चुका है इसी प्रकार अन्य घातक बीमारियों से भी निजात पाए



,इसके लिए सब नागरिकों को मिलकर योगदान दिए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा की रुड़की में जन सेवा भावना तथा विभिन्न सामाजिक कार्यों में भागीदारी का चलन है वह सराहनीय है। समिति के संयोजक शायर अफजल मंगलौरी ने कहा कि 1 वर्ष में लगभग 20 से 25 स्वास्थ्य शिविर विभिन्न स्थानों पर नि:शुल्क लगाए जाते हैं जिनसे नगर में आसपास के क्षेत्र के लोग लाभान्वित होते रहते हैं जो मानवता की बेहतर मिसाल है। दइस अवसर पर डा. अमन गुप्ता, अजय सैनी समाजसेवी पंकज नंदा, विकास सैनी, चौधरी विजेंद्र सिंह, ईश्वर लाल शास्त्री, अफजल मंगलौरी, सलमान फरीदी, विकास वशिष्ठ आदि ने अपना योगदान दिया। प्राथमिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इमली खेड़ा तथा जनता चौरिटेबल ब्लड सेंटर रुड़की के डॉक्टरों की टीम ने इस शिविर में मरीजों की जांच की तथा उनका निशुल्क दवाइयां दी। स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर अमित कुमार, डॉक्टर प्रियांशु ,डॉ अंजलि टेक्नीशियन, गौरव शर्मा टेक्नीशियन ,राहुल कुमार,पिंटू शर्मा तथा निशु कुमार ने अपनी सेवाएं दी।शिविर में लगभग 100 मरीजों की जांच व दवाई दी गयी।

# केवी-1 में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पीएमश्री विद्यालय क्रमांक. एक रूड़की में विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन प्राचार्य चन्द्र शेखर बिष्ट के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम सभी विद्यार्थियों को। प्रार्थना सभा में अपने आपको स्वस्थ रखने की शपथ दिलाई गई। इसके बाद विद्यालय के प्राथमिक विभाग के स्काउट गाइड के शिक्षकों और कब्स एवं बुलबुल के विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता रैलीए नारा लेखन तथा चित्रकला प्रतियोगिता जैसे विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्राथमिक विभाग के बुलबुल व कब्स में इशानी, शांभवी, ओजस्वी, आराध्य, कब मास्टर माम चंद, कब मास्टर अभिषेक व फ्लॉक लीडर श्रीमती विनीता कोठारी के दिशा निर्देशन में भाग लिया। कक्षा 3 व 5 के छात्रों ने नारा लेखन और पोस्टर बनाने में भाग लिया। छात्रों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए स्वास्थ्य पर आधारित आकर्षक पोस्टर बनाए। अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्रों ने अपने विद्यालय में स्वास्थ्य जागरूकता रैली में भाग लिया। इस रैली का उद्देश्य छात्रों को स्वास्थ्य के महत्व और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के बारे में जागरूक करना था। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर अपने सन्देश में प्राचार्य चन्द्र शेखर बिष्ट ने कहा कि स्वास्थ्य हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। यह हमें मजबूत बनाता हैए हमें रोगों से लड़ने की शक्ति देता है और हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है। इसलिएए यह आवश्यक है कि हम अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें और नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और पर्याप्त नींद लें। बच्चों को प्रकृति और बागवानी के साथ प्रत्यक्ष अनुभव देने के लिए सरकार स्कूलों में स्कूल पोषण उद्यान के विकास को बढ़ावा दे रही है। विद्यार्थियों को प्रात: कालीन सभा में संबोधित करते हुए उप प्राचार्या सुश्री संगीता खोराना ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का मुख्य उद्येश्य विद्यार्थियों को पौष्टिक आहार के बारे में जागरूक करना तथा स्वस्थ रहने को प्रेरित करना है।

# हरिद्वार सांसद ने मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद बाण गंगा का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स सवाद दाता**

**लक्सर।** हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत के द्वारा क्षेत्र के पंचेवली मन्दिर मे पूजा अर्चना करने के बाद बाण गगां मे सफाई कराने का निरीक्षण किया है।

हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा जल जगल जमीन को बचाने के लिए हम सभी को मिलकर गगां जी को साफ रखना चाहिए उन्होंने कहा हमें अपनी तंदुरुस्ती के लिए बाण गंगा में कूड़ा कचरा नहीं करना चाहिए क्योंकि अगर हमें साफ पानी पीने के लिए चाहिए तो गंगा जी को साफ रखना पड़ेगा उन्होंने कहा हमारे द्वारा आज जो पंचेवली मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद गंगा घाट का निरीक्षण किया है उन्होंने कहा इस बारे में मैं बात करूंगा क्योंकि पश्चिम बहिनी गंगा पूरे भारत में ही नहीं विश्व में पश्चिम बहिनी गंगा यही है उन्होंने कहा मेरे द्वारा जितना भी हो सकेगा इस पर मैं पूरा फोकस रखूंगा और काम करने की कोशिश करूंगा निरीक्षण के दौरान उनके साथ दर्जनों भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गोकशी का फरार आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा गोकशी के अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया वांछित इनामी अभियुक्त गणों की धर पकड़ गिरफ्तारी के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के लिए एसएसपी हरिद्वार द्वारा निर्देशित किया गया था जिसमें लक्सर पुलिस टीम बनाई गई। पुलिस टीम के द्वारा वांछित इनामी अभियुक्त गणों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग जगह दबिश दी गई मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया जिसका नाम शौकत पुत्र सद्दीक निवासी झीवर हेडी थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताया उसको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक आशीष भट्ट हेड कांस्टेबल शूरवीर सिंह तोमर कांस्टेबल रविंद्र सिंह शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत लोगों का हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** थाना क्षेत्र के दादूवास में एक खनन सामग्री से भरे वाहन ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बाईक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद परिजनों ने मौके पर जमकर हंगामा किया और डंपर पर पथराव कर उसके शीशे फोड़ दिए।

जानकारी के अनुसार भगवानपुर थाना क्षेत्र के मानुवास में दादूवास रोड पर एक डंपर खनन सामग्री भरकर आ रहा था तभी डंपर ने बाइक सवार 35 वर्षीय परीक्षित पुत्र महिपाल निवासी मानुवास को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद चालक डंपर को मौकेपर छोड़कर फरार हो गया। वहीं मौत की खबर सुनते ही परिजन और



ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने मौके पर जमकर हंगामा किया और डंपर में तोड़फोड़ का प्रयास किया और पथराव करते हुए उसके शीशे फोड़ दिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया। खबर लिखे जाने तक हंगामा जारी रहा।

# राउमावि कलियर में सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

## सेवानिवृत्त शिक्षकों की कार्यशैली शिक्षकों के लिए प्रेरणादायी : आकांक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और राजकीय प्राथमिक विद्यालय पिरान कलियर में एक शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें संकुल दौलतपुर के सेवानिवृत्त हुए समस्त शिक्षकों सेवानिवृत्ति सम्मान और बुके देकर सम्मानित किया।

राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और राजकीय प्राथमिक विद्यालय पिरान कलियर में सोमवार को आयोजित सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि उप शिक्षा अधिकारी आकांक्षा राठौर एवं विशिष्ठ अथिति राष्ट्रीय इंटर कॉलेज मंगलौर के प्रधानाचार्य शाने करीम सिद्दीकी रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष पवन सैनी और संचालन पवन चौहान ने किया।कार्यक्रम में उप शिक्षा अधिकारी ने संकुल दौलतपुर के सेवानिवृत्त शिक्षक राजेंद्र कुमार सैनी, सुशील चौधरी, जयवीर सिंह, मोहम्मद अखलाक,अताउर्रहमान, तब्बसुम आरा को सेवानिवृत्ति सम्मान और बुके देकर सम्मानित किया। इस दौरान राजकीय प्राथमिक विद्यालय कलियर से अपनी सेंवाए देकर स्थान्तरित हुए



शिक्षक सुदेश पाल और जीनत परवीन को भी सम्मानित किया गया।आकांशा राठौर ने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षकों ने बेहतर कार्य किया हैं। उनकी कार्यशैली हमेशा सभी शिक्षकों के लिए प्रेरणादायी रहेगी।इस दौरान मौजूद शिक्षकों ने भी बारी-बारी से सेवानिवृत्त शिक्षकों के व्यवहार कुशलता और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। इस मौके पर संयोजक प्रधानध्यापक नूर आलम प्रधानाचार्य परवेज आलम, फय्याज अहमद, मोहम्मद इकराम ,मोहम्मद सुलेमान,जुल्फिकार अली, राजेंद्र, पवन, जयवीर, संजय वत्स, शमसुद्दीन, मनमोहन सिंह, पंकज विश्नोई आदि शिक्षक मौजूद रहें।

# महंगाई के झटके जारी

विभिन्न तरह की समस्याओं से जूझ रही देश की जनता को महंगाई का बड़ा झटका लगा है। महंगाई ने एक बार फिर आम आदमी के रसोई घर पर हमला किया है। रसोई गैस का सिलेंडर अब और महंगा खरीदना पड़ेगा। सरकारी क्षेत्र की तेल वितरण कंपनियों ने रसोई गैस (एलपीजी) के मूल्य में प्रति सिलेंडर 50 रुपये की बढ़ोतरी की है। इतना ही नहीं उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के दोनों ग्राहकों के लिए गैस की कीमत में भी वृद्धि की गई है। नई कीमतें आज आधी रात से लागू हो जाएंगी। हालांकि राहत वाली बात मानी जा सकती है कि पेट्रोल-डीजल के दाम अभी नहीं बढ़ेंगे। बताते चलें कि तेल कंपनियां हर महीने पिछले महीने के अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों, एक्सचेंज रेट और अन्य लागतों के आधार पर एलपीजी की बेस प्राइस तय करती हैं। इसके बाद टैक्स, ट्रांसपोर्ट, और डीलर कमीशन जोड़कर खुदरा मूल्य निकाला जाता है। सब्सिडी वाले सिलेंडर के लिए सरकार अंतर की भरपाई करती है, जबकि गैर-सब्सिडी वाले सिलेंडर की पूरी कीमत ग्राहक चुकाता है। कंपनियों के निर्णय के अनुसार सामान्य उपयोगकर्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर का भाव 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगा। उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी उपभोक्तओं के लिए 14.2 किलोग्राम सिलेंडर की कीमत 503 रुपये से बढ़कर 553 रुपये हो जाएगी। सरकार का कहना है कि इन कीमतों की हर 15 दिन पर समीक्षा की जाएगी। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमतों में कमी की उम्मीद की जा रही है। इससे देश में एलपीजी सिलेंडर के भाव भी कम होने की उम्मीद की जा सकती है। उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के ग्राहकों दोनों के लिए गैस की कीमत में इजाफा किया गया है। सामान्य उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगी और उज्ज्वला योजना के तहत उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत 503 रुपये से बढ़कर 553 रुपये हो जाएगी। हालांकि आम आदमी के लिए राहत वाली बात मानी जा सकती है कि पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे। केंद्र सरकार ने पेट्रोल -डीजल पर एक्साइज ड्यूटी दो रुपये प्रति लीटर बढ़ा दी है। द ये भी साफ किया कि इससे पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे। ये खर्चा पेट्रोलियम कंपनियां उठाएंगी। अभी सरकार पेट्रोल पर 19.90 रुपये लीटर और डीजल पर 15.80 रुपये लीटर एक्साइज ड्यूटी वसूल रही है। इस बढ़ोतरी के बाद पेट्रोल पर 21.90 रुपये लीटर और डीजल पर 17.80 रुपये लीटर ड्यटी लगेगी। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि ड्यूटी को कच्चे तेल की घटी कीमतों से एडजस्ट किया जाएगा।सरकार भले ही सफाई देकर आम आदमी को बहलाने की कोशिश करती रहे, लेकिन इस सच को झुठलाया नहीं जा सकता कि केंद्र सरकार अभी तक आम आदमी को महंगाई की मार से निजात दिलाने में पूरी तरह से नाकाम नजर आई है

## साजिशों की उम्र अब बहुत लंबी नहीं



महात्मा बुद्ध व बाबासाहेब जैसे महापुरुष की प्रतिमाओं को हटाने पर सीतापुर में हुआ विवाद एक बड़ी सियासी साजिश की ओर इशारा कर रहा है, सब जानते हैं कि वो कौन हैं, जिनके इशारे पर प्रशासन ऐसा प्रहार कर रहा है, शोषित-वंचित समाज की जागरूकता नई चेतना बनकर उभर रही है, इन साजिशों की उम्र अब बहुत लंबी नहीं बची है, भाजपा षड्यन्त्रकारी पार्टी है, समाज में नफरत फैलाती है, सामाजिक सद्भाव बिगाड़ती है, भाजपा पीडीए विरोधी है, भाजपा ने पीडीए के हर सम्मान और आरक्षण को छीना है, पीडीए की एकजुटता से भाजपा के लोग घबराए हुए हैं, भाजपा सरकार में पीडीए के साथ षड्यंत्र हो रहा है। समाजवादी पार्टी पीडीए के साथ बाबा साहब के विरोत्रियों का हर स्तर पर मुकाबला करने को तैयार है।

**अखिलेश यादव**
**अध्यक्ष, समाजवादी पार्टीं**

# टैरिफ बम की बारिश में भारत व चीन 1 अप्रैल 1950 का दिन भूल गए

**1 अप्रैल 1950 को भारत, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने वाला पहला गैर-समाजवादी ब्लॉक देश बन गया, कुछ ही दिनों में हम इस रिश्ते की 75वीं वर्षगांठ मनाएंगे, दो दिग्गज देश चीन और भारत इस विशाल और विविधतापूर्ण भूभाग के हृदय में बसे हैं उनकी नियति एक-दूसरे से अपरिवर्तनीय रूप से जुड़ी हुई है**



**अशोक भाटिया**

दरअसल पूरे सप्ताह डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ बम की बारिश में एक महत्वपूर्ण तारीख की अनदेखी होने की उम्मीद थी, लेकिन अमेरिकी शासकों के वर्तमान सिंहपर्णी काल के मद्देनजर उस घटना के महत्व को अब भी उजागर किया जाना चाहिए। वह तारीख 1 अप्रैल थी, ठीक 75 साल पहले, 1 अप्रैल, 1950 को, जब भारत और चीन के बीच आधिकारिक राजनयिक संबंध स्थापित हुए तब भारत में पंडित जवाहरलाल नेहरू के रूप में एक ऐसा नेता थे जिसकी वैश्विक छाप थी। अंग्रेजों को गए अभी तीन साल ही हुए थे, इसलिए कुछ हद तक पश्चिमी मुख्यधारा का मीडिया भारत पर ध्यान दे रहा था। यह संभावना नहीं थी कि भारत और चीन भविष्य में सबसे अधिक आबादी वाले देश और दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाएं बन जाएंगे। दूसरा देश कुशल श्रम का सबसे बड़ा निर्यातक है, और कई मामलों में दुनिया का अग्रणी बाजार है।

अलग-अलग समय पर विभिन्न चीनी शासकों ने यह देखने की इच्छा व्यक्त की कि अगर ये दोनों देश एक साथ आते हैं तो क्या होगा। गौरतलब है कि 1 अप्रैल, 1950 को भारत, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने वाला पहला गैर-समाजवादी ब्लॉक देश बन गया। कुछ ही दिनों में हम इस रिश्ते की 75वीं वर्षगांठ मनाएंगे। दो दिग्गज देश-चीन और भारत-इस विशाल और विविधतापूर्ण भूभाग के हृदय में बसे हैं, उनकी नियति एक-दूसरे से अपरिवर्तनीय रूप से जुड़ी हुई है। जैसा कि वांग यी ने



उल्लेख किया, माओ ने चीन और भारत के सामंजस्यपूर्ण ढंग से मिलकर काम करने के महत्व का वर्णन करने के लिए 'ड्रैगन और हाथी के सहकारी पा डे डेक्स' के रूपक का उपयोग किया। 300 बिलियन से अधिक आबादी वाले ये देश न केवल एशिया बल्कि पूरी दुनिया के भविष्य को आकार देने की शक्ति रखते हैं। फिर भी, उनके आर्थिक उत्थान और गहरे ऐतिहा. सिक संबंधों के बावजूद, उनके रिश्ते में गहरी उलझन बनी हुई है, जो संदेह, असुरक्षा और संघर्ष की एक अनसुलझी विरासत से भरी हुई है। अगर एशिया में शांति बनी रहनी है, तो यह इस सवाल पर निर्भर करता है। क्या भारत और चीन इतिहास के बोझ को कम कर सकते हैं और सहयोग, सम्मान और स्थिरता का भविष्य बना सकते हैं?

फिर भी, हाल के महीनों में बदलाव के संकेत मिले हैं। पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के साथ संबंधों को सामान्य बनाने की ज़रूरत दोहराई-यह एक ऐसा बयान था जो वैश्विक व्यवस्था की वास्तविकता को स्वीकार करता है और इस बात की मौन स्वीकृति भी है कि भारत और चीन के बीच संघर्ष न केवल एशिया के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए विनाशकारी होगा। भारत को एक वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करने के अपने प्रयास में मोदी, चीन के साथ संबंधों को स्थिर करने के महत्व के प्रति पूरी तरह जागरूक हो गए हैं, तथा मतभेद की जगह संवाद, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और रणनीतिक फोकस को प्राथमिकता दे रहे हैं। अतीत को दरकिनार कर भविष्य पर ध्यान केंद्रित करने के अधिक व्यावहारिक दृष्टिकोण के प्रति उनके जोर को घरेलू स्तर पर मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है।

अपने देश के उत्थान से उत्साहित भारतीय राष्ट्रवादियों ने चीन के साथ रिश्ते बनाने की समझदारी पर सवाल उठाया है और सरकार पर भारत की संप्रभुता से समझौता करने का आरोप लगाया है। लेकिन यह एक ज़रूरी बातचीत है-जो पक्षपातपूर्ण राजनीति और कट्टर राष्ट्रवाद से परे है, और इस बात पर ध्यान केंद्रित करती है कि भारत और पूरे एशिया के लिए क्या सबसे अच्छा है। वास्तव में, शुरू से ही चीन भारत का प्रतिद्वंद्वी था। आज इसे बहुत अवमानना से बदल दिया गया हो सकता है। आज, यहां के लोग अक्सर आश्चर्य करते हैं कि क्यों। यद्यपि भारत को चीनी सरकार के माध्यम से एक 'अक्षम, आलसी' देश के रूप में वर्णित किया जाता है, भारत का महत्व एक सीमा से परे है, पहली सोवियत रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका नई सहस्राब्दी में, कमोबेश यूरोप, हमेशा जापान। चीनी नेतृत्व इस तथ्य को स्वीकार नहीं कर सकता और न ही इंकार कर सकता है कि यह हाल के दिनों में अरब राज्यों की नजर में हमेशा रहा है!

चीन ने तिब्बत के ब्रिटिश सीमांकन को मंजूरी नहीं दी। जापान ने चीन पर कई आक्रमण किए यहां तक कि कई वर्षों तक अधिकांश क्षेत्र पर कब्जा कर लिया। चीन आज उस पुराने 'दर्द' को जला रहा है, क्योंकि उसके राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पिछले दशक में चीनी आधिपत्य में चीनी संस्कृतिवाद को जोड़ा। 1995 तक, चीन की अर्थव्यवस्था गति और विस्तार के मापदंडों पर भारत से पीछे थी। मानव इतिहास में यह दूसरा उदाहरण नहीं है कि किसी देश ने किसी भी देश पर आक्रमण किए बिना 20 वर्षों की अवधि में इतनी तेजी से आर्थिक प्रगति की है। चीन की प्रगति न केवल आर्थिक मोर्चे पर थी, यह तकनीकी प्रगति पर हावी थी, न ही यह सैन्य बल वृद्धि से प्रेरित थी। अंतरमहाद्वीपीय मिसा. इलें, लड़ाकू विमान, लड़ाकू युद्धपोतों और लंबी दूरी की पनडुब्बियों को चीन की जनसांख्यिकीय और तकनीकी क्षमताओं के संयोजन के माध्यम से बड़े पैमाने पर और तेजी से बनाया गया था। अंतर्राष्ट्रीय युद्ध में, जहां रूस का महत्व कम हो गया था और यह धारणा थी कि संयुक्त राज्य अमेरिका अब दुश्मन नहीं था, चीन ने आसानी से उस स्थान पर कब्जा कर लिया। आज, व्यापार युद्ध में और रणनीतिक संदर्भ में, यह सुनिश्चित करने के लिए नीतियां निर्धारित की जाती हैं कि संयुक्त राज्य अमेरिका चीन से डरता है। यह भी सच है कि इस अवधि के दौरान भारत बहुत पिछड़ रहा था। यही है, अर्थव्यवस्था का भी विस्तार हो रहा था, लेकिन चीन की दौड़ की तुलना में, हम केवल डुडुडुडु चला रहे थे। 1962 के युद्ध में, चीन ने भारत के कुछ क्षेत्रों पर कब्जा करने की कोशिश की। यह कुछ हद तक सफल रहा। शी के युद्ध के कारण, चीन ने पूर्वी लद्दाख, विशेष रूप से पूर्वी लद्दाख के हिस्से पर कब्जा करने की कोशिश की। यह सच था कि यह भारत सरकार और सेना की सतर्कता से उचित था। लेकिन यह भी सच है कि 2020 में आक्रामक हुए चीन ने 2023 के अंत में और 2024 में खुद ही बातचीत शुरू कर दी थी। ऐसा क्यों होना चाहिए था? इससे पता चलता है कि भारत के मामले में चीनी शासकों की नीति में कोई संगति नहीं है। कभी अवमानना, कभी अवमानना, कभी सम्मान होता है। ऐसा लगता है कि 'सम्मान अवधि' होनी चाहिए। पिछले साल चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बनने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका से आगे निकल गया। लेकिन इस व्यापार में भी, इस व्यापार में चीन का हिस्सा 85.1 बिलियन डॉलर जितना बड़ा है। बातचीत के माध्यम से विवादास्पद मुद्दों को हल करने और आर्थिक सहयोग बढ़ाने की चीन की बात हाल ही में बढ़ रही है। पाकिस्तान के अलावा, चीन का कोई भी सहयोगी भारत के प्रति सीधे शत्रुतापूर्ण नहीं है।

# बुलढाणा में फैली गंजेपन की समस्या...

**अर्पिता व्यास**

**लोगों में बाल झड़ने की घटनाएं बढ़ती जा रही थीं, तीन दिन में लगभग 51 व्यक्ति गंजे हो चुके थे, चिकित्सा विभाग ने उस क्षेत्र का एक सर्वे किया, त्वचा रोग विशेषज्ञ भी गांव पहुंच गए, उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि बाल झड़ना एक कवक (फफूंद) के संक्रमण के कारण हो रहा है जो संदूषित पानी से फैल रहा है, प्रभावित लोगों ने बताया कि इसकी शुरुआत बालों की जड़ों में खुजली होने से होती है, उसके बाद बाल पतले होने लगते हैं। फिर 3 दिनों में पूरे बाल झड़ जाते है और पूरी तरह गंजापन आ जाता है, यहां तक कि दाढ़ी के बाल भी गिर जाते हैं**

पिछले दिनों महाराष्ट्र के बुलढाणा ज़िले के गांवों में लोगों में बालों के झड़ने की एक विचित्र घटना सामने आई। बुलढाणा ज़िले के शेगांव तालुका में अचानक लोगों के बाल झड़ने लगे। यह महिलाओं और पुरुषों दोनों में देखा गया। गांव के लोग अटकलें लगाने लगे कि यह किसी वायरस की वजह से हो रहा है। तत्काल हुई जांचों में पता चला कि बोंडगांव और खातखेड़ के पानी में नाइट्रेट काफी ज्यादा मात्रा में है और साथ ही उसमें कुल घुलित लवण यानी **TDS** भी अधिक था। यह पता लगा कि पानी पीने के लिए सही नहीं है। यह अनुमान लगाया गया कि शायद यही बाल झड़ने का कारण हो सकता है।

लोगों में बाल झड़ने की घटनाएं बढ़ती जा रही थीं। 3 दिन में लगभग 51 व्यक्ति गंजे हो चुके थे। चिकित्सा विभाग ने उस क्षेत्र का एक सर्वे किया। त्वचा रोग विशेषज्ञ भी गांव पहुंच गए। उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि बाल झड़ना एक कवक (फफूंद) के संक्रमण के कारण हो रहा है जो संदूषित पानी से फैल रहा है। प्रभावित लोगों ने बताया कि इसकी शुरुआत बालों की जड़ों में खुजली होने से होती है, उसके बाद बाल पतले होने लगते हैं। फिर 3 दिनों में पूरे बाल झड़ जाते है और पूरी तरह गंजापन आ जाता है। यहां तक कि दाढ़ी के बाल भी गिर जाते हैं।

हालांकि संदूषित पानी को ही कारण माना जा रहा था फिर भी जांच आगे जारी रखी गई। त्वचा और पानी के नमूने जांच के लिए भेजे गए। पानी के अत्यधिक संदूषित होने के

**3 दिन में लगभग 51 व्यक्ति गंजे हो चुके थे, चिकित्सा विभाग ने उस क्षेत्र का एक सर्वे किया, त्वचा रोग विशेषज्ञ भी गांव पहुंच गए, उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि बाल झड़ना एक कवक (फफूंद) के संक्रमण के कारण हो रहा है जो संदूषित पानी से फैल रहा है, प्रभावित लोगों ने बताया कि इसकी शुरुआत बालों की जड़ों में खुजली होने से होती है**

कारण उसका उपयोग प्रतिबंधित करके गांव वालों के लिए दूसरे स्रोतों से पानी उपलब्ध करवाया गया। अन्य स्रोत से पानी देने लगे तो लगा कि अब और मामले नहीं बढ़ेंगे लेकिन मामले तो बढ़ते ही जा रहे थे। पूर्व में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (**ICMR**) से आई टीम ने जांच में पाया था कि प्रभावित लोगों में सेलेनियम की मात्रा अधिक है जो शायद बालों के झड़ने का कारण है। सेले. नियम राशन की दुकान से वितरित गेहूं में अधिक पाया गया था। अलबत्ता, टीम ने पक्का निष्कर्ष नहीं दिया था कि यही बाल झड़ने का कारण है। गेहूं के नमूने जांच के लिए वारणी एनालिटिक्स लैब, ठाणे पहुंचाए गए। वहां बिना धुले गेहूं में सेलेनियम 14.52 मि.ग्रा./कि.ग्रा पाया गया और धुले हुए गेहूं में 13.61 मि.ग्रा./कि.ग्रा जबकि गेहूं में सेले. नियम की सामान्य मात्रा 0.1 से 1.9 मि.ग्रा. /कि.ग्रा होती है। यानी इस गेहूं में सेलेनियम की मात्रा सामान्य अधिकतम मात्रा से 8 गुना अधिक थी। राशन के गेहूं के पैकेट्स को चेक किया गया तो देखा कि ये पंजाब से आए थे।

इसी तरह, 2000 के दशक के शुरू में पंजाब के दो ज़िलों होशियारपुर और नवांशहर में भी बालों के झड़ने की घटनाएं हुई थीं। ये दोनों ज़िले शिवालिक पर्वतों की तराई में स्थित हैं। तब यहां सेलेनियम नदियों की बाढ़ से आए पानी के साथ आया था। एक अन्य रिपोर्ट में प्रभावित लोगों के खून में ज़िंक की कमी भी पाई गई जो बालों की वृद्धि लिए उत्तरदाई है। सेलेनियम की वृद्धि और ज़िंक की कमी, दोनों कारणों से बाल झड़ने की घटनाएं हुई। 15 गांव के लगभग 300 लोग प्रभावित हुए। अच्छी बात यह है कि कुछ वक्त में लोगों के बाल वापस आ गए क्योंकि बालों की जड़ें सलामत थीं।




# वक्फ कानून में संशोधन किस लिए...



**विनीत नारायण**

वक्फ संशोधन बिल, जिसे हाल ही में भारतीय संसद में पेश किया गया और 2-3 अप्रैल 2025 को लोकसभा और राज्यसभा से पारित किया गया, देश में एक गहन बहस का विषय बन गया है। यह बिल 1995 के वक्फ अधिनियम में संशोधन करने और वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को अधिक पारदर्शी और समावेशी बनाने का दावा करता है। सरकार इसे एक प्रगतिशील कदम के रूप में पेश कर रही है, जबकि विपक्ष और कई मुस्लिम संगठन इसे धार्मिक स्वायत्तता पर हमला मानते हैं। इस लेख में हम इस बिल के समर्थन और विरोध के तर्कों को तटस्थ दृष्टिकोण से देखेंगे और इसके संभावित प्रभावों का आकलन करेंगे।

वक्फ एक इस्लामी परंपरा है जिसमें कोई व्यक्ति अपनी संपत्ति को धार्मिक, शैक्षिक या परोपकारी उद्देश्यों के लिए समर्पित कर देता है। भारत में वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन 1995 के वक्फ अधिनियम के तहत होता है, जिसके अंतर्गत राज्य वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद कार्य करते हैं। वक्फ संशोधन बिल 2024 में कई बदलाव प्रस्तावित किए गए हैं, जैसे वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम और महिला सदस्यों की अनिवार्यता, संपत्ति सर्वेक्षण के लिए कलेक्टर की भूमिका और विवादों में हाई कोर्ट की अपील का प्रावधान। सरकार का कहना है कि यह बिल वक्फ प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही लाएगा, जबकि विरोधी इसे वक्फ की मूल भावना के खिलाफ मानते हैं। इस बिल का समर्थन करने वाले जो तर्क देते हैं उनका कहना है कि वक्फ बोर्डों में भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन की शिकायतें लंबे समय से चली आ रही हैं। देश में 8.7 लाख से अधिक वक्फ संपत्तियां हैं, जिनकी कीमत लगभग 1.2 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है, लेकिन इनका उपयोग गरीब मुस्लिम समुदाय के कल्याण के लिए प्रभावी ढंग से नहीं हो पा रहा। कलेक्टर द्वारा संपत्ति सर्वेक्षण और रिकॉर्ड डिजिटलीकरण जैसे प्रावधानों से इन संपत्तियों का बेहतर प्रबंधन संभव होगा। बिल में वक्फ बोर्ड में कम से कम दो महिलाओं और गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल

**देश में 8.7 लाख से अधिक वक्फ संपत्तियां हैं जिनकी कीमत लगभग 1.2 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है लेकिन इनका उपयोग गरीब मुस्लिम समुदाय के कल्याण के लिए प्रभावी ढंग से नहीं हो पा रहा**




करने का प्रावधान भी है। समर्थकों का तर्क है कि इससे बोर्ड में लैंगिक और सामाजिक समावेशिता बढ़ेगी। विशेष रूप से पसमांदा मुस्लिम समुदाय, जो सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़ा है, इस बिल का समर्थन करता है, क्योंकि उनका मानना है कि मौजूदा व्यवस्था में धनी और प्रभावशाली लोग वक्फ संपत्तियों पर कब्जा जमाए हुए हैं। पहले वक्फ ट्रिब्यूनल का फैसला अंतिम माना जाता था, जिसे अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती थी। नए बिल में हाई कोर्ट में अपील का अधिकार दिया गया है, जिसे समर्थक संविधान के अनुरूप और न्यायसंगत मानते हैं। उनका कहना है कि इससे वक्फ बोर्ड के मनमाने फैसलों पर अंकुश लगेगा। बिल में यह शर्त भी जोड़ी गई है कि बिना दान के कोई संपत्ति वक्फ की नहीं मानी जाएगी। समर्थकों का कहना है कि इससे उन मामलों में कमी आएगी जहां वक्फ बोर्ड बिना ठोस सबूत के संपत्तियों पर दावा करता था, जिससे आम लोगों को परेशानी होती थी।

वहीं इस बिल के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और विपक्षी दलों का कहना है कि यह बिल वक्फ की मूल भावना को कमजोर करता है। वक्फ एक धार्मिक परंपरा है और इसमें गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करना इसकी पवित्रता को नुकसान पहुंचाएगा। उनका यह भी आरोप है कि सरकार वक्फ संपत्तियों पर कब्जा करने की योजना बना रही है। बिल में कलेक्टर को वक्फ संपत्तियों का सर्वेक्षण करने और उनकी स्थिति तय करने का अधिकार दिया गया है। विरोधियों का कहना है कि यह एक सरकारी हस्तक्षेप है, जो वक्फ बोर्ड की स्वायत्तता को खत्म कर देगा। उनका तर्क है कि कलेक्टर, जो ज्यादातर गैर-मुस्लिम हो सकता है, वक्फ के धार्मिक महत्व को नहीं समझ पाएगा। विपक्ष का दावा है कि यह बिल संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 का उल्लंघन करता है, जो धार्मिक स्वतंत्रता और धार्मिक संस्थाओं के प्रबंधन का अधिकार देता है। उनका कहना है कि वक्फ एक इस्लामी परंपरा है और इसमें सरकारी दखल अल्पसंख्यक अधिकारों पर हमला है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और अन्य संगठनों ने बिल के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन किए हैं। ईद और जुमातुल विदा जैसे अवसरों पर काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ने की अपील इसका उदाहरण है। विरोधियों का कहना है कि यह बिल मुस्लिम समुदाय को अपने ही धर्म से दूर करने की साजिश है। वक्फ संशोधन बिल के लागू होने से कई सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकते हैं। यदि यह पारदर्शिता और समावेशिता को बढ़ाता है, तो वक्फ संपत्तियों का उपयोग गरीब मुस्लिमों, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए बेहतर तरीके से हो सकता है। दूसरी ओर, यदि यह धार्मिक स्वायत्तता को कमजोर करता है या सरकारी हस्तक्षेप को बढ़ाता है, तो इससे मुस्लिम समुदाय में असंतोष और अविश्वास बढ़ सकता है। राजनीतिक दृष्टिकोण से यह बिल सत्तारूढ़ एनडीए के लिए एक जोखिम भरा कदम है।

जहां बीजेपी इसे हिंदू मतदाताओं के बीच वक्फ बोर्ड की कथित मनमानी के खिलाफ एक कदम के रूप में पेश कर सकती है, वहीं सहयोगी दल जैसे जेडीयू टीडीपी और आरएलडी को अपने मुस्लिम समर्थकों के गुस्से का सामना करना पड़ सकता है। यदि मोदी सरकार संसद में बहुमत के चलते इस बिल को अपने पिछले दो कार्यकालों में बड़े आराम से ला सकती थी। लेकिन तीसरे कार्यकाल में इस बिल को लाकर भाजपा ने अपने सहयोगी दलों को पशोपेश में डाल दिया है। वक्फ संशोधन बिल एक जटिल मुद्दा है, जिसमें सुधार की आवश्यकता और धार्मिक संवेदनशीलता के बीच संत. ुलन बनाना जरूरी है। समर्थकों के लिए यह भ्रष्टाचार को खत्म करने और वक्फ को आधुनिक बनाने का अवसर है, जबकि विरोधियों के लिए यह धार्मिक पहचान और स्वायत्तता पर हमला है। सच्चाई शायद इन दोनों के बीच कहीं छिपी है। इस बिल का असली प्रभाव इसके कार्यान्वयन पर निर्भर करेगा। यदि सरकार इसे संवे. दनशीलता और पारदर्शिता के साथ लागू करती है, तो यह एक सकारात्मक बदलाव ला सकता है। लेकिन यदि इसे जल्दबाजी या राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया गया, तो यह सामाजिक तनाव को और गहरा सकता है। अंततः इस बिल की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि यह वक्फ की मूल भावना को कितना सम्मान देता है और समाज के सभी वर्गों को कितना लाभ पहुंचाता है।

# मकड़ियों की पतली कमर

कई लोगों को मकड़ियों से नफरत होती है और कई लोगों को उनसे डर भी लगता है-इसी भावना को व्यक्त करने के लिए बना है शब्द एरेक्नेफोबिया। लेकिन वैज्ञानिकों को मकड़ियों की एक बात आकर्षित करती है-उनकी पतली कमर। कहते तो यहां तक हैं कि जिस रेत-घड़ीनुमा फिगर की कामना कई तारिकाएं करती हैं, वह मकड़ियों को तो सहज ही मिल गया है। और अब प्लॉस बायोलॉजी में प्रकाशित एक शोध पत्र बताता है कि इसके लिए मकड़ियों को डाएटिंग वगैरह नहीं करना पड़ता, बल्कि यह एक प्राचीन जीन का कमाल है। इस शोध पत्र के लेखकों-विस्कॉन्सिन विश्वविद्यालय की एमिली सेटन और उनके साथियों-ने दक्षिण-पूर्वी कोलोरैडो के घास के मैदानों में तफरीह करते हुए टेक्सास ब्राउन टेरेंटुला (**Aphonopelma hentzi**) नामक मकड़ी के भ्रूण इकट्ठे किए। इन भ्रूणों के जीनोम के अनुक्रमण से उन्हें 12 ऐसे जीन्स मिले जो कमर के दोनों ओर की कोशिकाओं में विकास के दौरान अभिव्यक्त होते हैं। आम घरेलू मकड़ी (**Parasteatoda tepidariorum**) के भ्रूणों में इन 12 जीन्स को एक-एक करके निष्क्रिय करने पर पता चला कि इनमें से एक (जिसे नाम दिया गया है **waist&less**) कमर के उस विशिष्ट पिचके हुए हिस्से के लिए ज़िम्मेदार होता है जो मकड़ी के शरीर को दो भागों में बांटता है। जिन भ्रूणों में यह जीन नहीं होता वे एकदम गोल-मटोल आठ टांग वाली मकड़ी में विकसित हो जाते हैं। शोधकर्ताओं का मत है कि **waista&less** जीन लाखों साल पहले अस्तित्व में आया था और कई प्रजातियों के भ्रूणीय विकास में अहम भूमिका निभाता है। लेकिन कीटों व केंकड़ानुमा जंतुओं ने इसे गंवा दिया। मकड़ियों में यह बना रहा और उन्हें उनकी पतली कमर देता रहा।





> बांग्लादेश ने भारत के कोलकाता से सिर्फ 200 किमी दूर मोंगला पोर्ट के विस्तार की जिम्मेदारी चीन को दी है, यूनुस की हालिया बीजिंग यात्रा के दौरान इस डील पर मुहर लगी थी। चीन ने इस पोर्ट के डेवलपमेंट के लिए करीब 3,300 करोड़ रुपये देने का वादा किया है। पाक से मिलकर बांग्लादेश की ये सैन्य गतिविधियां भारत की चिंता बढ़ा रही हैं।

# बांग्लादेश ने कोलकाता के पास चीन को सौंपा पोर्ट, भारत चिंतित

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार डॉ. मोहम्मद यूनुस का भारत विरोधी रवैया जारी है। BIMSTEC समिट में पीएम मोदी से मुलाकात के बाद भी यूनुस सरकार ने चीन और पाकिस्तान को रणनीतिक जगहों पर अहम प्रोजेक्ट सौंप दिए हैं। इनमें एक पोर्ट और एक एयरबेस शामिल है। बांग्लादेश ने भारत के कोलकाता से सिर्फ 200 किमी दूर मोंगला पोर्ट के विस्तार की जिम्मेदारी चीन को दी है। यूनुस की हालिया बीजिंग यात्रा के दौरान इस डील पर मुहर लगी थी। चीन ने इस पोर्ट के डेवलपमेंट के लिए 400 मिलियन डॉलर (करीब 3,300 करोड़ रुपये) देने का वादा किया है। वहीं, बांग्लादेशी सरकार लालमोनिरहाट जिले में एक सैन्य एयरबेस बना रही है, जो भारत के चिकन नेक यानी सिलीगुड़ी कॉरिडोर से सिर्फ 120 किमी दूर है। इस एयरबेस के लिए बांग्लादेशी पायलटों को पाकिस्तान भेजा जा रहा है ताकि वे पाकिस्तानी JF-17 फाइटर जेट्स उड़ाना सीख सकें। 27 मार्च को पांच अधिकारियों को ट्रेनिंग के लिए भेजा भी गया। चीन पहले ही बांग्लादेश को पनडुब्बी दे चुका है और अब वह बंगाल की खाड़ी में अपनी मौजूदगी और मजबूत कर रहा है। वहीं, पाकिस्तान के साथ मिलकर बांग्लादेश की ए सैन्य गतिविधियां भारत की चिंता बढ़ा रही हैं। बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार गिरने से पहले ही विपक्षी गठबंधन ने इंडिया आउट कैंपेन शुरू कर दिया था। अब यूनुस की पार्टी NCP खुलेआम भारत विरोधी बातें कर रही है। पार्टी के स्थापना दिवस पर पाकिस्तान के हाई कमिश्नर को बुलाना भी इसी एजेंडे का हिस्सा माना जा रहा है। यूनुस ने चीन यात्रा के दौरान भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को लैंड लॉक्ड (चारों ओर से जमीन से घिरे) कहा और कहा कि बांग्लादेश उनके लिए समुद्र तक पहुंच का इकलौता रास्ता है। इस बयान पर पूर्वोत्तर भारत के



नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी और कुछ ने यहां तक कहा कि बांग्लादेश को तोड़ देना चाहिए। चिटगांव यूनिवर्सिटी में अंतर्राष्ट्रीय मामलों के प्रोफेसर डॉ. फारिदुल आलम ने कहा कि आज के दौर में किसी बड़े पड़ोसी देश से दुश्मनी रखकर फायदा नहीं हो सकता। सरकार को चाहिए कि वह भारत के साथ शांति बनाए रखे, वरना इसका नुकसान उसे ही होगा।

# अंटार्कटिका में चीन ने नए रेडियो टेलीस्कोप का किया अनावरण

**बीजिंग।** चीन ने वायुमंडलीय क्षेत्र में अपनी ताकत को और मजबूत करने के लिए अहम कदम उठाया है। इसके तहत चीन ने अंटार्कटिका में एक नई दूरबीन का अनावरण किया है, जिससे इस बर्फीले और संसाधन से भरे पूरे महाद्वीप पर उसकी उपस्थिति और भी मजबूत हो गई है। बता दें कि इस दूरबीन का नाम थ्री गार्जेस अंटार्कटिक आई है, और यह 3.2 मीटर एपर्चर वाली रेडियो/मिलीमीटर-वेव दूरबीन है। इसे चीन के थ्री गार्जेस यूनिवर्सिटी (सीटीजीयू) और शंघाई नार्मल यूनिवर्सिटी (एसएचएनयू) द्वारा सह-विकसित किया गया है। इस विषय में जारी विज्ञाप्ति में बताया गया है कि चीन का यह कदम अंटार्कटिक में अपनी क्षमताओं को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह दूरबीन अंटार्कटिका की प्राचीन और शुद्ध वायुमंडलीय स्थितियों का लाभ उठाकर इन्फ्रारेड और मिलीमीटर-कंपन की समीक्षा में



मदद करेगी, जिससे ब्रह्मांडीय घटनाओं का अध्ययन करने में सहायता मिलेगी।

चीन अंटार्कटिका में अपने वैज्ञानिक अनुसंधान को लगातार बढ़ा रहा है। तीन साल पहले 2022 में उसने अपना पांचवां विशाल अनुसंधान स्टेशन शुरू किया था। इस स्टेशन में 5,244 वर्ग मीटर का फर्श क्षेत्र है और यह गर्मियों के दौरान 80 अभियान दल के सदस्यों और सर्दियों में 30 सदस्यों को सहायक सेवाएं प्रदान करने के लिए सुविधाओं से लैस है। गौरतलब है कि वर्तमान में अंटार्कटिका में 70 स्थाई अनुसंधान स्टेशन हैं, जो पृथ्वी के विभिन्न महाद्वीपों के 29 देशों द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। भारत के पास अंटार्कटिका में दो सक्रिय अनुसंधान स्टेशन हैं, मैत्री और भारती। वहीं, अमेरिका के पास छह और आस्ट्रेलिया के पास तीन अनुसंधान स्टेशन हैं। हालांकि ध्यान देने योग्य बात ए है कि चीन ने 1983 में अंटार्कटिक संधि पर हस्ताक्षर किए थे, जो अंटार्कटिका को एक प्राकृतिक रिजर्व के रूप में नामित करती है और यहां वाणिज्यिक संसाधन निष्कर्षण को प्रतिबंधित करती है।

# हज से पहले भारत समेत 14 देशों पर लगी बड़ी पाबंदी



**भारत और पाकिस्तान समेत 14 देशों का वीजा रोका, नए नियम तोड़ने पर पांच साल का एंट्री बैन, जिनके पास उमरा का वीजा है वे 13 अप्रैल तक पहुंच सकते हैं**

**रियाद।** सऊदी अरब ने बिना रजिस्ट्रेशन हज में शामिल होने वालों को रोकने के लिए भारत और पाकिस्तान समेत 14 देशों के वीजा पर रोक लगा दी है। यह रोक अस्थाई है। उमरा, बिजनेस और फैमिली विजिट के लिए मिलने वाले वीजा पर जून महीने के मध्य तक बैन रह सकता है। सऊदी अधिकारियों ने कहा कि जिन लोगों के पास उमरा का वीजा है वे 13 अप्रैल तक सऊदी अरब पहुंच सकते हैं। इस साल हज यात्रा 4 जून से 9 जून तक रहेगी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, यात्रियों से नए नियमों का पालन करने को कहा गया है। अगर कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करता है, तो अगले पांच साल तक सऊदी अरब में उसकी एंट्री पर रोक लगाई जा सकती है। रिपोर्ट्स में कहा गया कि कई विदेशी नागरिक उमरा या विजिट वीजा पर सऊदी अरब आते हैं। वीजा खत्म होने के बाद भी वे गैर-कानूनी तौर पर सऊदी में रुके रहते हैं। इसके बाद वे बिना रजिस्ट्रेशन हज यात्रा में हिस्सा लेते हैं। इसी को रोकने के लिए सऊदी सरकार ने यह फैसला लिया है। बिना रजिस्ट्रेशन हज यात्रा करने से अधिक. ारियों को श्रद्धालुओं का अंदाजा नहीं लगता है। भीड़ अचानक बढ़ जाती है और गर्मी भी। भीड़ का नियंत्रण करने में भी अधिकारियों को दिक्कत आती है। गैर-कानूनी तौर पर काम कर रहेरू अधिकारियों ने बताया कि अवैध कामकाज भी एक बड़ा कारण है। कुछ विदेशी नागरिक व्यापार या पारिवारिक वीजा का इस्तेमाल कर सऊदी अरब में गैर-कानूनी रूप से काम कर रहे थे, जिससे वीजा नियमों का उल्लंघन हो रहा था और मजदूरी बाजार में असंतुलन पैदा हो रहा था। 2024 में हज यात्रा 14 जून से 29 जून के दौरान रखी गई थी। हज यात्रा में बहुत ज्यादा तीर्थयात्रियों के आने से गर्मी का प्रभाव बढ़ गया था। इसके चलते कम से कम 1,200 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी। इनमें 98 भारतीय भी शामिल थे। सऊदी अरब में हज के लिए एक कोटा प्रणाली लागू है, जिसके तहत हर देश के तय संख्या में हज यात्रियों को यात्रा करने की अनुमति दी जाती है। इंडोनेशिया का कोटा सबसे ज्यादा है। इसके बाद पाकिस्तान, भारत, बांग्लादेश, नाइजीरिया का नंबर है। ईरान, तुर्किए, मिस्र, इथियोपिया समेत कई देशों के श्रद्धालु आते हैं। 2025 में किए गए हज एग्रीमेंट पर भारत और सऊदी ने दस्तखत किए। इसमें हज के लिए 1,75,025 श्रद्धालुओं का कोटा फाइनल हुआ। इसमें 70 प्रतिशत हिस्सा केन्द्रीय हज कमेटी को और 30 प्रतिशत प्राइवेट टूर एजेंट्स को दिया गया है। भारत में 2025 के हज के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 13 अगस्त 2024 से 9 सितम्बर 2024 तक किया गया। पिछले साल हज यात्रा में शामिल होने 1,75,000 भारतीय मक्का पहुंचे थे। 98 श्रद्धालु भीड़ और गर्मी की वजह से मारे गए थे।

सऊदी अधिकारियों ने कहा है कि 13 अप्रैल 2025 उमरा वीजा जारी करने की अंतिम तारीख होगी। इस तारीख के बाद, इन 14 देशों के नागरिकों को हज यात्रा पूरी होने तक नए वीजा नहीं दिए जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सऊदी के प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने अधिकारियों को वीजा प्रक्रिया को और कड़ा करने के निर्देश दिए हैं। सऊदी हज और उमरा मंत्रालय ने साफ किया है कि यह कदम किसी भी राजनयिक विवाद से जुड़ा नहीं है, बल्कि यह हज यात्रा को सुरक्षित और बेहतर ढंग से आयोजित करने के लिए लिया गया फैसला है। हर साल हजारों यात्री ऐसे होते हैं, जिनके पास हज के लिए वीजा नहीं होता है। पैसों की कमी की वजह से इस तरह के यात्री गलत तरीकों से मक्का पहुंचते हैं। पिछले साल भी हज से पहले बिना रजिस्ट्रेशन वाले हजारों हज यात्रियों को मक्का से हटाया था। सऊदी अरब के अधिकारियों के मुताबिक, मक्का पर जलवायु परिवर्तन का गहरा असर हो रहा है। यहां हर 10 साल में औसत तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस बढ़ रहा है। 2023 में हज पर गए 240 हज यात्रियों की मौत हुई थी। इनमें से ज्यादातर इंडोनेशिया के थे।

## मुर्मू दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर लिस्बन पहुंची

**लिस्बन।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर रविवार रात पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन पहुंची, जहां वह पुर्तगाली नेतृत्व के साथ वार्ता करेंगी। किसी भी भारतीय राष्ट्रपति की पुर्तगाल यात्रा 27 वर्षों के अंतराल के बाद हो रही है तथा ऐसे समय हो रही है जब भारत और पुर्तगाल अपने राजनयिक संबंधों की पुन: स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। भारत की ओर से पुर्तगाल की अंतिम राजकीय यात्रा 1998 में राष्ट्रपति के. आर. नारायणन ने की थी। श्रीमती मुर्मू की पुर्तगाल यात्रा राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा के निमंत्रण पर हो रही है। श्रीमती मुर्मू अपने समकक्ष राष्ट्रपति डी सूसा से मुलाक. ात करेंगी और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगी। वह प्रधानमंत्री लुइस मोंटेनेग्रो और नेशनल असेंबली (संसद) के अध्यक्ष जोस पेड्रो अगुइर-ब्रैंको से भी मुलाकात करेंगी। भारत और पुर्तगाल के बीच ऐतिहा. सिक और मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंध हैं।

# गाजा पर इजरायली बर्बरता जारी, 44 की मौत

**यरूशलम/गाजा।** हमास के रॉकेट हमलों के जवाब में किए गए इजरायली हवाई हमलों में गाजा पट्टी में 44 फलस्तीनियों की मौत हो गई। गाजा की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। फलस्तीनी अधिकारियों ने बताया कि कब्जे वाले पश्चिमी तट पर संघर्ष के दौरान इजरायली सेना ने एक 14 वर्षीय फलस्तीनी मूल के अमेरिकी किशोर को गोली मार दी। हिसा तब और बढ़ गई, जब हमास की सशस्त्र शाखा, अल-कस्साम ब्रिगेड ने रविवार को दक्षिणी इजरायल में रॉकेट दागे, जिसे समूह ने फलस्तीनी नागरिकों के खिलाफ इजरायली नरसंहार का प्रतिशोध बताया। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रॉकेट हमले की निंदा करते हुए इसे अस्वीकार्य बताया और पूरी ताकत से जवाब देने की कसम खाई। इजरायली सेना ने कहा कि उसने अधिकतर रॉकेट रोके, लेकिन अश्कलोन में एक रॉकेट से तीन लोग घायल हो गए। जवाब में, इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने डेर अल-बलाह सहित मध्य गाजा में संदिग्ध रॉकेट लॉन्च स्थलों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हमलों के दौरान रात भर लगातार विस्फोट होते रहे। इजरायल ने 18 मार्च को गाजा में बड़े पैमाने पर हवाई और जमीनी अभियान फिर से शुरू किया। गाजा के स्वास्थ्य अधिक. ारियों ने रविवार को पहले कहा कि इन नए हमलों में करीब 1,335 फलस्तीनी मारे गए हैं और 3,297 अन्य घायल हुए हैं।

College Code- 1223

Islamia Degree College, Deoband, Saharanpur

Approved by AICTE New Delhi & Affiliated to AKTU Lucknow

Applications are invited to the following post for MCA & MBA Programmes

| Designation | MCA Programme No. of Post | MBA Programme No. of Post |
|---|---|---|
| Professor | 01 | 01 |
| Associate Professor | 01 | 01 |
| Assistant Professor | 04 | 02 |

Last date for Receiving Applications at the institute by E-mail on idcdeoband@gmail.com or by post is :15/04/2025

Qualifications and Pay scale for the teaching staff as per AICTE and UGC Guidelines.

Candidates should carry all the original documents, Experience Certificate, identity Proof (Aadhar card and Pan Card) and 2 Passport size Photographs at the time of interview

Preference will be given to experienced candidates.

Address: Near indra Park Deoband, Distt.- Saharanpur,(U.P.)
Contact: +91 8755525452, +91 9045143298

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश

CMS & ED

करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।

(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)

जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।

DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene

BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..

सम्पर्क करें।

डा0 सम्राट क्लीनिक

नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर

M.: 9412211108, 9359406499